आश्विन कृष्ण पक्ष सप्तमी उपरांत 12:39 अष्टमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 24 सितंबर 2024

वर्ष 5, अंक 309, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





दिसानायके ने नया युग लाने का किया वादा 16

सुर्खियों से दूर भारत के तारणहार बने रहे हैं जडेजा 15










## कमरे में सोए थे पत्नी-बच्चे तभी पहुंच गया मगरमच्छ

संवाददाता, शाहजहांपुर/निगोही



- रात में फसल की रखवाली कर लौटे पिता ने देखा तो उड़ गए होश

**अमृत विचार** : निगोही के गांव बिरासिन में एक ग्रामीण के कमरे में मगरमच्छ पहुंच गया। कमरे में ग्रामीण के पत्नी-बच्चे सो रहे थे। रात करीब दो बजे खेत से लौटे किसान ने कमरे में मगरमच्छ देखा तो उसके होश उड़ गए। उसने किसी तरह पत्नी-बच्चों को बाहर निकालकर कमरा बंद कर दिया और वन विभाग को सूचना दी, सोमवार सुबह वन विभाग की टीम मगरमच्छ को पकड़ ले गई।

गांव बिरासिन से एक किलोमीटर दूर कैमुआ नाला है। बरसात और बाढ़ में जलभराव के चलते मगरमच्छ नाले से निकलकर गांव के करीब बड़े गड्ढों में भरे पानी में पहुंच गया। वहां से रविवार रात शिवकुमार के घर के एक कमरे में घुस गया गया। उसी कमरे में उसकी पत्नी और बच्चे भी सोए हुए थे।

## ऑस्कर के लिए नामित हुई फिल्म लापता लेडीज

**चेन्नई।** किरण राव की 'लापता लेडीज' को ऑस्कर पुरस्कार 2025 के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर चुना गया है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने सोमवार को यहां यह घोषणा की। पितृसत्ता पर हल्के-फुल्के व्यंग्य से भरपूर इस हिंदी फिल्म को 29 फिल्मों में से चुना गया है जिनमें बॉलीवुड की हिट फिल्म एनिमल, मलयालम की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अट्टम और कान फिल्म महोत्सव की विजेता ऑल वी इमेजिन एज लाइट शामिल हैं। असमी फिल्म निर्देशक जाहनु बरुआ की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय चयन समिति ने सर्वसम्मति से चुनाव किया।

# हम बंटे थे इसीलिए अयोध्या से कटे थे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मीरजापुर में 127 परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास
- 1500 से अधिक युवाओं को वितरित किया स्मार्टफोन व टैबलेट
- मत्स्य आहार प्लांट के लिए लगभग चार करोड़ का चेक भी सौंपा

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या धाम और रामलला के नवनिर्मित मंदिर का उदाहरण देते हुए सवाल पूछा है कि ऐसी स्थिति क्यों हुई कि अयोध्या में 500 वर्षों तक इंतजार करना पड़ा? रामलला के भव्य मंदिर को तोड़कर आक्रांताओं ने क्यों गुलामी का ढांचा खड़ा कर दिया था? उसका एक ही कारण है कि हम बंटे थे, इसलिए कटे थे। इसलिए बंटिए मत, बल्कि एकजुट होकर विकास व सुरक्षा के माहौल में आगे बढ़िए।

योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मीरजापुर के गोपालपुर, विकासखंड पहाड़ी में 765 करोड़ रुपये की 127 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 1500 से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन व टैबलेट वितरित किए। मत्स्य आहार प्लांट की स्थापना की पहली क़िस्त के रूप में लगभग चार करोड़ का चेक भी सौंपा। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए विद्या शक्ति पोर्टल की भी शुरुआत की।

### माफिया को प्रशासन करता था सैल्यूट

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले माफिया समानांतर सरकार चलाते थे। खनन, पशु, संगठित अपराध, भूमाफिया हावी थे। जब उनका काफिला निकलता था तो सामान्य जनप्रतिनिधि सहम जाते थे, प्रशासन सैल्यूट करता था। आज माफिया गिड़गिड़ा रहे हैं कि जान बख्श दो।

### अपराधियों के सामने नाक रगड़ते थे विपक्षी

योगी ने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि जाति का खेल खेलने वाले लोग माफिया व दुर्दांत अपराधियों, दंगाइयों के सामने नाक रगड़ते थे। आज जब राज्य की विकास की नई धारा के साथ बढ़ रहा है तो यह फिर से अवरोध बनकर खड़ा होना चाहते हैं। ऐसे लोग वर्तमान के साथ भावी पीढ़ी के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं।

## एक नजर

### विधायक अमानतुल्लाह की हिरासत 7 अक्टूबर तक

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को धन शोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान की न्यायिक हिरासत 7 अक्टूबर तक बढ़ा दी। खान की न्यायिक हिरासत की समय सीमा समाप्त होने पर उसे विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल के समक्ष पेश किया गया जिन्होंने यह आदेश पारित किया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दो सितंबर को खान को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने अदालत को बताया था कि अगर उसे रिहा किया गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है और जांच को बाधित कर सकता है।

### अवैध पटाखा फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में बारूद बरामद

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के महुआ थाना पुलिस ने एक अवैध पटाखा फैक्ट्री पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में बने हुए पटाखे, पोटाश और बारूद बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि महुआ थाना पुलिस को कल रात सूचना मिली कि ग्राम रुधावली में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में दीपावली के लिए बड़ी मात्रा में प्थाखों का निर्माण किया जा रहा है। महुआ थाना पुलिस ने इसकी सूचना समीप के अंबाह थाना पुलिस को भी दी। अंबाह और महुआ थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से ग्राम रुधावली में जाकर उक्त फैक्ट्री पर छापा मार करवाई की।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना डाउनलोड करना अपराध

## सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट का फैसला पलटा, कहा-अदालतें इस शब्द का इस्तेमाल भी न करें

नई दिल्ली, एजेंसी



### चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्दावली बदलने को लाया जाए अध्यादेश

तीन जजों की पीठ ने कहा कि संसद को चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्दावली को चाइल्ड सेक्शुअल एक्सप्लॉइटेटिव एंड अब्यूजिव मटीरियल शब्दावली से प्रतिस्थापित करने के लिए से पॉक्सो में संशोधन लाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि इस संशोधन के लिए फिलहाल सरकार अध्यादेश जारी कर सकती है। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही देश में यौन शिक्षा कार्यक्रमों को व्यापक रूप से लागू करने का भी सुझाव दिया, जिसमें नाबालिगों के साथ रतिक्रिया के चित्रण के कानूनी और नैतिक नतीजों की भी जानकारी शामिल की जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने एक ऐतिहासिक फैसले में बच्चों से जुड़ा पोर्नोग्राफी कंटेंट देखना या डाउनलोड करना कानूनी अपराध घोषित किया है। शीर्ष न्यायालय ने कहा है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी कंटेंट को देखना या डाउनलोड करना पॉक्सो एक्ट और आईटी लॉ (सूचना एवं तकनीकी कानून) के तहत अपराध है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने गैर सरकारी संगठन 'जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस' की अपील और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के हस्तक्षेप पर इस विषय में मद्रास हाईकोर्ट के एक फैसले को पलटते हुए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पीठ ने अपने फैसले में केंद्र सरकार को बाल पोर्नोग्राफी (चाइल्ड पोर्नोग्राफी ) शब्द की जगह संशोधित शब्दावली 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' (चाइल्ड सेक्शुअल एक्सप्लॉइटेटिव एंड अब्यूजिव मटीरियल) रखने के लिए जरूरी प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतें भी चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द का इस्तेमाल न करें।

अदालत ने पूरे देश में बच्चों को कम उम्र से ही पॉक्सो के बारे में जागरूक बनाने पर जोर दिया है, ताकि बाल संरक्षण, शिक्षा और यौन कल्याण के लिए एक मजबूत और सुविचारित दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके। शीर्ष अदालत ने यह भी माना है कि यदि सोशल मीडिया मंच सरकार या उसकी एजेंसियों द्वारा समुचित रूप से बाल यौन सामग्री के रूप में अधिसूचित आपत्तिजनक सामग्री को साक्ष्य को अप्रभावित रखते हुए अपने मंच से शीघ्रता पूर्वक नहीं हटाते हैं तो ऐसे मंचों को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 79 के तहत दी गई सुरक्षा का लाभ नहीं मिलेगा।

दरअसल, एक मामले की सुनवाई में मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था कि अगर कोई पोर्नोग्राफी कंटेंट डाउनलोड करता और देखता है, तो यह अपराध नहीं, जब तक कि नीयत इसे प्रसारित करने की न हो। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कंटेंट का स्टोरेज, इसे डिलीट न करना और इसकी शिकायत न करना बताता है कि इसे प्रसारित करने की नीयत से स्टोर किया गया है। हाईकोर्ट ने यह मामला खारिज करके अपने फैसले में गंभीर गलती की है। हम उसका फैसला रद करते हैं और मामले को वापस सेशन कोर्ट भेजते हैं।

## छत्तीसगढ़ में वज्रपात से पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत

- भोजनावकाश में स्कूल में खेल रहे थे बच्चे

**राजनांदगांव, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में सोमनी के पास जोरातराई गांव के स्कूल में सोमवार को बिजली गिरने (वज्रपात) से पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई तथा कुछ अन्य घायल हो गए। ये बच्चे भोजन अवकाश में खेल रहे थे। तभी बारिश के बीच बिजली गिरी जिसकी चपेट में उक्त छात्र और अन्य लोग आ गए। जिलाधिकारी संजय अग्रवाल ने स्कूली बच्चों समेत आठ लोगों की मौत की पुष्टि की है। बताया गया कि सोमनी थाना क्षेत्र के जोरातराई गांव में करीब डेढ़ बजे के आसपास मौसम खराब हुआ और बिजली की कडक़ड़ाहट के साथ बारिश हुई। उस वक्त गांव के सरकारी स्कूल के बच्चे भोजन अवकाश पर मैदान में खेल रहे थे और वे बिजली की चपेट में आ गए। इससे घटनास्थल पर ही पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। कुछ बच्चों के घायल होने की भी खबर है। जिलाधिकारी संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक व जिला शिक्षाधिकारी के साथ मेडिकल टीम गांव पहुंची और घायल बच्चों का उपचार शुरू किया।

# सुल्तानपुर डकैती का एक और आरोपी ढेर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



- मारे गए बदमाश अनुज सिंह पर घोषित था एक लाख रुपये का इनाम
- सोमवार भोर में एसटीएफ लखनऊ व अचलगंज पुलिस से हुई मुठभेड़


**अमृत विचार** : सुल्तानपुर जिले के एक ज्वैलर्स की दुकान में 28 अगस्त को पड़ी डकैती में शामिल रहे दो बदमाशों की अचलगंज क्षेत्र में पुलिस और एसटीएफ से सोमवार भोर में मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से ढेर हो गया जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। मुठभेड़ में मारे गए बदमाश अनुज प्रताप सिंह पर एक लाख रुपये का इनाम था।

सुल्तानपुर स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान में 28 अगस्त को दिनदहाड़े डकैती पड़ी थी। वारदात में शामिल रहे दो बदमाशों की लोकेशन एसटीएफ लखनऊ की टीम को उन्नाव के अचलगंज थाना क्षेत्र में मिली थी। एसटीएफ ने उन्नाव पुलिस के साथ घेरने की योजना तैयार की। रविवार देर रात एसटीएफ व पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी की। बदमाश बाइक से भागने लगे। उन्नाव के थाना अचलगंज क्षेत्र में बदमाशों का पुलिस से आमना-सामना हो गया। अपने को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया, पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के सिर में गोली लगी। दूसरा बदमाश भागने में सफल रहा। मारे गए बदमाश की पहचान अनुज प्रताप सिंह पुत्र धर्मराज सिंह निवासी गांव जनापुर थाना मोहनगंज अमेठी के रूप में हुई। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अनुज की बहन मनीषा सिंह ने भाई को निर्दोष बताया। जो डकैती में शामिल थे सभी का एनकाउंटर होना चाहिए। सजा देने का काम कोर्ट का है। मेरे भाई को विपिन सिंह और विनय शुक्ला ने फंसाया है। पिता धर्मराज सिंह ने कहा कि विपक्ष ने कहा था केवल जाति विशेष का एनकाउंटर सरकार करवा रही है। आज देख लीजिए ठाकुर का भी एनकाउंटर हो गया। जिन पर 35 से 40 केस हैं। उनका एनकाउंटर नहीं हो रहा है।

# खाली छोड़ी केजरीवाल की कुर्सी

नई दिल्ली, एजेंसी



- आतिशी ने संभाला दिल्ली के 8वें मुख्यमंत्री पद का प्रभार
- कहा-भरत की तरह करेंगी मुख्यमंत्री पद का काम

आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने सोमवार को दिल्ली की 8वीं मुख्यमंत्री का प्रभार संभाला और कहा कि वह उसी तरह काम करेंगी, जैसे भरत ने अपने बड़े भाई भगवान राम की 'खड़ाऊं' को अयोध्या के सिंहासन पर रखकर काम किया था। वह मुख्यमंत्री कार्यालय में केजरीवाल की कुर्सी पर नहीं बैठीं और उन्होंने कहा कि केजरीवाल की कुर्सी खाली रहेगी। वह केजरीवाल की कुर्सी के बगल में रखी सफेद रंग की एक अन्य कुर्सी पर बैठीं।

आतिशी ने केजरीवाल सरकार में उनके पास रहे 13 विभागों का प्रभार अपने पास रखा है जिनमें शिक्षा, राजस्व, वित्त, बिजली और पीडब्ल्यूडी शामिल हैं। उन्होंने प्रभार संभालने के बाद कहा कि मैं दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में चार महीने तक उसी तरह काम करूंगी, जैसे भरत ने भगवान राम की खड़ाऊं को सिंहासन पर रखकर काम किया था। अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा देकर राजनीति में गरिमा की मिसाल कायम की है।

### मुख्यमंत्री पद का अनादर : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद आतिशी के बयान पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने तंज किया है। उन्होंने कहा कि आतिशी एक खाली कुर्सी दिखाती हैं तो इसका मतलब वह अपने को मुख्यमंत्री नहीं मानती हैं। यह कृत्य मुख्यमंत्री पद और संविधान का अनादर है। भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी की आलोचना करते हुए कहा कि यह मुख्यमंत्री के पद का अपमान है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा आतिशी जी और अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली में लालू-राबड़ी मॉडल और सोनिया-मनमोहन मॉडल चलाना चाहते हैं।

## भारत में एमपॉक्स क्लेड-1 बी का पहला मामला मिला

- यूएई से केरल लौटे युवक में मिले लक्षण

**नई दिल्ली।** एमपॉक्स वायरस के जिस स्वरूप (स्ट्रेन) को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पिछले महीने सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था, भारत में उसका पहला मामला सामने आया है। पिछले सप्ताह केरल में एक व्यक्ति के इससे संक्रमित होने की पुष्टि हुई।

सूत्रों ने बताया कि मल्लपुरम निवासी 38 वर्षीय व्यक्ति को 'क्लेड-1बी स्ट्रेन' से संक्रमण का पता चला है, जो हाल में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लौटा है। सूत्रों ने बताया कि रोगी की हालत स्थिर है। यह इस स्वरूप का पहला मामला है। इस स्वरूप के कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पिछले महीने दूसरी बार एमपॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था। इससे पहले राजधानी दिल्ली में सामने आया एमपॉक्स का एक मामला हरियाणा के हिसार निवासी 26 वर्षीय व्यक्ति का था, जो इस महीने की शुरुआत में पश्चिमी अफ्रीकी 'क्लेड 2' स्वरूप से संक्रमित पाया गया था।

# तिरुपति मंदिर का हुआ शुद्धिकरण

तिरुमला, एजेंसी

### प्रसाद विवाद : मंदिर में किया गया शांति होम



मंदिर की रसोई में शुद्धि अनुष्ठान करते पुजारी।

तिरुमला मंदिर में लड्डू प्रसाद में मिलावट के परिप्रेक्ष्य में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने सोमवार सुबह तिरुमाला मंदिर की यज्ञशाला में वैखानस आगम के सिद्धांतों के अनुसार मंदिर का शुद्धिकरण करते हुए 'शांति होम' किया। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे. श्यामला राव और अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी सीएच वेंकैया चौधरी ने पवित्र समारोह के संपन्न होने के बाद बताया कि महा शांति होम का उद्देश्य बुरे प्रभावों को दूर करना, लड्डू प्रसादम और अन्य नैवेद्यम की पवित्रता को बहाल करना और श्रीवारी भक्तों का कल्याण करना है।

उन्होंने कहा कि यह पवित्र अनुष्ठान एक पाप-मुक्त अनुष्ठान है और इसके एक हिस्से के रूप में ऋत्विकों द्वारा वास्तु शुद्धि, कुंभजला संप्रोक्षण किया गया। भक्त लड्डू प्रसादम और नैवेद्यम की गुणवत्ता के बारे में अपनी आशंकाओं और गलतफहमियों को दूर कर सकते हैं। मंदिर के मुख्य पुजारियों में से एक वेणुगोपाल दीक्षितुलु ने कहा कि सुबह छह से दस बजे तक यज्ञशाला में संकल्पम, विश्वक्सेना आराधना, पुण्याहवचनम, वास्तु होम, कुंभ प्रतिष्ठा, पंचगव्य आराधना की गई।

### घी की आपूर्ति करने वाली कंपनी को दी नोटिस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने तिरुमला तिरुपति बालाजी मंदिर में लड्डू प्रसादम के लिए घी की आपूर्ति करने वाली एक कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मंत्रालय ने मंदिर में घी की आपूर्ति करने वाली चार कंपनियों के उत्पाद के नमूने मांगे थे और उनका परीक्षण किया था। इनमें से एक कंपनी के उत्पाद का नमूना मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया है।केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि तिरुमला तिरुपति प्रसाद मामले में आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांगी गई है और इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पकड़ा गया ग्रामीण को मारने वाला खूंखार बाघ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सोमवार तड़के माला रेंज में किया गया ट्रेंकुलाइज
- दूसरे बाघ ने शारदा डैम पर ग्रामीण को किया घायल

**अमृत विचार** : ग्रामीण को मारने वाले खूंखार बाघ को माला जंगल में पकड़ लिया गया। वहीं शारदा सागर डैम पर एक अन्य बाघ ने ग्रामीण को बुरी तरह घायल कर दिया।

कलीनगर तहसील के जंगल से सटे गांवों में आतंक का पर्याय बने बाघ को सोमवार तड़के पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज में ट्रेंकुलाइज कर पकड़ लिया गया। इस बाघ ने 9 सितंबर को बांसखेड़ा निवासी केदारीलाल (50) को माला रेंज की भैरों बीट में मार डाला था। रेस्क्यू किए गए बाघ का गढ़ा रेंज में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इधर सोमवार सुबह शारदा डैम पर एक बाघ ने कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव नगरियाखुर्द कलां निवासी सुजीत राय को बुरी तरह घायल कर दिया। शोर-शराबा होने पर बाघ डैम की झाड़ियों में चला गया। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि ग्रामीण को मारने वाले बाघ को रेस्क्यू कर लिया गया है। शारदा डैम पर बाघ के हमले की सूचना पर टीम को लगातार निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

## बिहार में बनाए जा रहे पुल का एक हिस्सा ढहा

**पटना।** बिहार में पटना जिले के बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु का एक निर्माणाधीन हिस्सा रविवार रात को ढह गया। इस घटना को हाल के दिनों में बिहार के कई जिलों में एक दर्जन से अधिक पुलों के ढहने की कड़ी में देखा जा रहा है। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने घटना के पीछे निर्माण कार्य में वित्तीय भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। हालांकि बिहार राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड (बीएसआरडीसीएल) के मुख्य महाप्रबंधक प्रबीन चंद्र गुप्ता ने बताया कि घटना बियरिंग बदलने के दौरान हुई है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

**भविष्य की चिंता** | कौशल विकास मिशन के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह, उप्र. के 2677 ट्रेनिंग सेंटर के संचालक निराश

# बजट 150 करोड़ का, केंद्र-राज्य का ड्रीम प्रोजेक्ट फिर भी बेपटरी

अजय दयाल, लखनऊ

- लाखों युवा तकनीकी प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार करने को लालायित, लेकिन अभी अवसर नहीं
- दस लाख रुपये की एफडी लगाई, सैकड़ों प्रशिक्षणदाताओं के सामने बेरोजगारी का संकट

> अभी हमें टारगेट नहीं मिला है, टारगेट मिलते ही ट्रेनिंग शुरू कर दी जाएगी। बजट की कोई समस्या नहीं है। संभवत: अगले माह इसके प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मूर्त रूप दे दिया जाएगा। - **अभिषेक सिंह**, मिशन निदेशक, कौशल विकास मिशन, उप्र.

**अमृत विचार** : लगभग डेढ़ सौ करोड़ रुपये का बजट है, किंतु निर्धारित लक्ष्य नहीं। लगभग ढाई हजार प्रशिक्षण केंद्र हैं, लेकिन वहां सिर्फ सन्नाटा। लाखों युवा तकनीकी प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार करने को लालायित हैं, पर अभी अवसर नहीं। स्टार्टअप और ट्रेनिंग पार्टनर्स को भविष्य की चिंता सताने लगी है। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक ड्रीम प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश में बेपटरी हो रहा है। यह ड्रीम प्रोजेक्ट है कौशल विकास मिशन का। इसका प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर दिलाना या स्वरोजगार में मदद करने का है।

फिलहाल स्थिति यह है कि वर्ष 2024-25 में 01 अप्रैल से आरंभ हुए सत्र में एक भी नई ट्रेनिंग शुरू नहीं हुई। ऐसे में उप्र. के 2,677 ट्रेनिंग सेंटर के संचालक गहरी निराशा में हैं। सत्र 2022-23 में इन्हीं ट्रेनिंग सेंटर की संख्या 2,276 थी जिसमें 2023-24 में 400 की बढ़ोत्तरी हो गई थी। आईटीआई और पॉलिटेक्निक सेंटर को छोड़ ऐसे निजी प्रशिक्षण केंद्र जो किराए पर हैं, उनके सामने आर्थिक संकट है। यही नहीं, दस लाख रुपये की एफडी जमाकर न्यू स्टार्टअप पॉलिसी के तहत काम पाने वाले सैकड़ों प्रशिक्षणदाताओं के सामने अब बेरोजगारी का संकट खड़ा होने वाला है। इनमें अधिकांश ऐसे हैं, जिन्होंने बैंकों से कर्ज लेकर दस लाख की एफडी मिशन में जमा की है। हालांकि 2022-23 और 2023-24 के सत्र उपलब्धि वाले रहे। उन सत्रों में क्रमशः 3.48 लाख पंजीकृत युवाओं में से 1.55 ने ट्रेनिंग ली और 97,286 को अलग-अलग क्षेत्रों में नियुक्ति भी मिल गई। इसके बाद 3.49 लाख युवाओं ने ट्रेनिंग हासिल करने को पंजीकरण कराया। इनमें से 2.23 ने प्रशिक्षण पूरा किया और 1.30 को रोजगार भी मिला।

### अभी तक किसी भी प्रशिक्षणदाता को नहीं मिला लक्ष्य

वित्तीय वर्ष 23-24 के लिए प्रशिक्षणदाताओं को लक्ष्य फरवरी 2022 में ही दे दिया गया था। इससे प्रशिक्षणदाताओं को तैयारी के लिए पर्याप्त समय भी मिल गया था और जिन लोगों ने किराए आदि पर प्रशिक्षण केंद्र बनाएं हैं, उन्हें भी पर्याप्त समय मिल गया था। वह बताते हैं कि इस बार अभी तक किसी भी प्रशिक्षणदाता को लक्ष्य नहीं दिया गया है।

## एक नजर

### पुलिस कर्मियों ने सीखा मूकबधिरों से व्यवहार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस प्रशासन और एसोसिएशन ऑफ दी डिफ वेलफेयर की ओर से सोमवार को पुलिस लाइन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मूकबधिरों के साथ सांकेतिक तरीके से बात करने और उचित व्यवहार के लिए प्रशिक्षण पुलिस कर्मियों को प्रदान किया गया। उन्हें बताया गया कि किसी पीड़ित के आने पर उसको धैर्य रखने के लिए कहें। इसके बाद पानी पीने के लिए बोलें। जब पीड़ित शांत हो जाए तो बात आगे बढ़ाएं। उसकी बात सुनने का संकेत दे, जिससे वह अपनी बात को समझ सकें। इसके लिए एक्सपर्ट की मदद ले। पुलिस कर्मियों को सिखाई गई सांकेतिक भाषा का टेस्ट भी लिया गया। इसमें महिला पुलिस कर्मियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इस मौके पर पुलिसकर्मी और बड़ी संख्या में संस्था से जुड़े लोग मौजूद रहे।

### वांछित गिरफ्तार, चालान किया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मिर्जापुर थाना के उप निरीक्षक सुधीर तोमर ने बताया कि अभियुक्त अरविंद निवासी बल्देवपुर थाना मिर्जापुर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एक सप्ताह पूर्व मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियुक्त फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

# बार-बार नहीं चढ़ेगी कांग्रेस की काठ की हांडी: भूपेंद्र चौधरी

## भाजपा के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में बोले प्रदेश अध्यक्ष, चुनाव में कांग्रेस ने झूठ बोलकर जनता को किया गुमराह

- कार्यकर्ताओं को दिया सदस्यता बढ़ाने और सचेत रहने का संदेश

भाजपा का सदस्यता अभियान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने रविवार को पार्टी के सदस्यता अभियान को सफल बनाने और विरोधियों की फरेबी बयानबाजी से सचेत रहने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने नई बस्ती रेती में सदस्यता अभियान भी चलाया। बाद में पार्टी कार्यालय पर अभियान की समीक्षा की और जनाधार का महत्व समझाया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में सपा से जुगलबंदी करते हुए कांग्रेस ने झूठा प्रचार किया, जिससे जनता भ्रमित हो गई। बोले, कांग्रेस की काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ेगी, जनता सब समझ चुकी है।

भाजपा जिला कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी ने कहा कि भाजपा का जनाधार लगातार बढ़ रहा है और आमजनता का विश्वास और भावनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से और अधिक जुड़ी है। प्रदेश में कानून का राज है। अब गुंडागर्दी किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जा रही है, इसीलिए विरोधी बौखलाहट में हैं। समीक्षा बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं को जनाधार का महत्व समझाते हुए कहा कि सभी लोग गांव-गांव, घर-घर जाकर पार्टी की योजनाओं को समझाते हुए लोगों को जोड़ने का काम करें, जिससे हम और भी मजबूत होंगे।

सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता सदस्यता अभियान को गंभीरता से ले और पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करे। जिला महामंत्री अनिल गुप्ता के संचालन में चली समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, क्षेत्रीय प्रभारी एमएलसी संतोष सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, महापौर अर्चना वर्मा, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डीपीएस राठौर, सांसद अरुण सागर, विधायक चेतराम, विधायक सलोना कुशवाहा, विधायक अरविंद सिंह, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल यादव, सुरेंद्र नाथ वाल्मीकि, पार्षद धीरेंद्र सिंह चौहान, राम बरन सिंह, अनूप गुप्ता, दिलीप गुप्ता समेत बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।



भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना। मंच पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर।


समीक्षा बैठक में मौजूद बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### विनायक अग्रवाल ने किया प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**पुवायां।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी व क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य का कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल के डायरेक्टर रचित अग्रवाल, सह डायरेक्टर विनायक अग्रवाल ने स्वागत किया। जिसके बाद सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का संकल्प लिया।

### वित्त मंत्री बोले, जनाधार बढ़ाएं और विश्वास पैदा करें कार्यकर्ता

वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख कम से कम 200-200 सक्रिय सदस्य बनाएं। इससे लक्ष्य से कहीं अधिक जिला आगे बढ़ सकता है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में हमारी सरकार तभी है, जब हमारा जनाधार अधिक है, इसलिए सभी को जनाधार का महत्व समझना होगा। क्षेत्र में सम्मान पाने के लिए सभी को आमजन से जुड़े रहना होगा।


ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य को स्मृति चिन्ह देते विनायक अग्रवाल।


पत्रकारों से बात करते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### सीडीओ ने बेसिक के होनहारों को किया पुरस्कृत



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** प्रादेशिक सर्वोत्तम कैडेट रैली में विजयी कब-बुलबुल एवं मंडलीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उपविजेता रहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय सरसवां की बालिकाओं को सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने पुरस्कृत किया। सोमवार को सीडीओ ने बच्चों को फूल मालाएं और मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। पुरस्कृत होने वाले बच्चों में आयुष कुमार, अभ्यास कुमार, काव्या, नवजोत कौर, करिश्मा आदि शामिल रहे। इस अवसर पर सीडीओ ने बच्चों को कड़े परिश्रम के साथ आगे बढ़ने और स्कूल, परिवार तथा जनपद का नाम रोशन करने का संदेश दिया। इस अवसर पर बीएसए दिव्या गुप्ता, बीईओ विनय कुमार मिश्रा, निकहत परवीन, दपिंदर कौर, सुखमीत कौर, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

### जीएफ में अभाविप की कार्यकारिणी गठित



शाहजहांपुर, अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जीएफ कॉलेज कार्यकारिणी का गठन किया गया। शनिवार को खेलो भारत के प्रांत प्रमुख एवं चुनाव अधिकारी रविकांत शुक्ला ने कार्यकारिणी की घोषणा की। कार्यकारिणी में आशुतोष मिश्रा को अध्यक्ष, दीप्ति अवस्थी, नीलेश कुमार को उपाध्यक्ष, सौम्या गुप्ता को मंत्री, ऋषभ चौधरी एवं साक्षी गुप्ता को सहमंत्री, कामरान को आंदोलन प्रमुख एवं मोहम्मद अमन को सह आन्दोलन प्रमुख, सुरभि गौतम को एसएफएस संयोजक, अतुल कुमार को एसएफडी संयोजक, निष्ठा शुक्ला को राष्ट्रीय कला मंच संयोजक, ऋषभ शुक्ला को खेलो भारत संयोजक, हर्ष पांडेय को सोशल मीडिया संयोजक, रोचक वर्मा, हिमांशु कुमार एवं शिवम शर्मा को कार्यकारिणी का सदस्य घोषित किया गया। इस अवसर पर महानगर विस्तारक संदीप सागर, विभाग कार्यालय मंत्री राजन ठाकुर, सहमंत्री अभिषेक पांडेय, अनुराग सिंह आदि मौजूद रहे। नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

### सिंधौली में 65 मरीजों ने कराई स्वास्थ्य जांच

**सिधौली/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** आयुष्मान योजना के सफल छह वर्ष पूर्ण होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंधौली में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। 65 लोगों ने स्वास्थ्य की जांच कराई और दवाई प्राप्त की। इस दौरान मरीजों की डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और आंखों की जांच कर दवाई दी गई। कैंप में आए मरीजों को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. जफर सैफी ने बताया कि पात्र परिवारों को एक ही योजना के तहत कवर किया जा सकता है। कवरेज राशि तक कैशलेस अस्पताल में भर्ती होने का लाभ उठा सकते हैं। कैंप की व्यवस्था ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अशोक दीक्षित ने देखी। डॉ. संध्या पाठक, डॉ. सोनिका, आसिफ खान, सुदीप शुक्ला नेत्र परीक्षण अधिकारी ने मरीजों को देखा।

# 26 को निकलेगा आक्रोश मार्च


मार्च को लेकर विचार-विमर्श करते अटेवा जिलाध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अटेवा की बैठक में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आक्रोश मार्च की बनाई रूपरेखा

**अमृत विचार :** शिक्षक संगठन अटेवा की बैठक सोमवार को हुई जिलाध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा के आवास पर हुई। जिसमें राष्ट्रीय आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 26 सितंबर को निकाले जाने वाले आक्रोश मार्च की रूपरेखा तैयार की गई।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि आक्रोश मार्च को सफल बनाने के लिए तैयारियां कर ली गईं हैं। सहयोगी शिक्षक संगठनों एवं विभागों से सहयोग का आश्वासन प्राप्त हो चुका है। संरक्षक कैप्टन रामकुमार ने कहा कि आक्रोश मार्च में करीब पांच हजार शिक्षक-कर्मचारी शामिल होंगे। मार्च खिरनीबाग मैदान से निकाला जाएगा और समापन पर कलेक्ट्रेट में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिए जाएंगे। इस अवसर पर जिला मंत्री कामद नाथ पाठक , नपाल सिंह, विनोद कुमार कश्यप, सुमन देवी, सीमा राज, अमित यादव, विवेक यदुराज सिंह आदि मौजूद रहे।

# जर्जर सड़कों से व्यापार चौपट, धरने पर व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा से वार्ता करते उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- उद्योग व्यापार मंडल ने नगर निगम कार्यालय के समक्ष की नारेबाजी

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में सोमवार को व्यापारियों ने नगर निगम में धरना दिया। व्यापारी महानगर में जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने की मांग को लेकर नगर निगम पहुंचे थे। जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ ने कहा कि जब तक सड़कों की मरम्मत नहीं हो जाती, तब तक संगठन क्रमवार आंदोलन चलाता रहेगा। इस दौरान व्यापारियों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

व्यापारी नेता दुआ ने कहा कि अब कोई ज्ञापन नहीं दिया जाएगा, जब तक सड़कें दुरुस्त नहीं हो जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। व्यापारी इस बदहाली से त्रस्त हो चुका है, व्यवसाय चौपट होते जा रहे हैं। ग्राहक जीर्ण-शीर्ण सड़कों के कारण बाजार में ही नहीं आ रहा है, जबकि त्योहारों का समय आ गया है। नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा एवं अपर नगर आयुक्त एसके सिंह ने व्यापारियों को वार्ता के लिए कार्यालय में बुलाया और आश्वासन दिया कि 25 सितंबर से कार्य शुरू करा दिया जाएगा। इस दौरान टैक्स की बेतहाशा बढ़ोतरी के मुद्दे पर नगर आयुक्त ने इस पर पुनर्विचार करने का आश्वासन दिया। इस दौरान धर्मपाल रैना, नाजिम खां, सुनील गुप्ता, राजीव गुप्ता, जितेंद्र वर्मा, पुनीत रस्तोगी, मुकेश गुप्ता, जगदीश चंद्र, मनीष गुप्ता, मोहम्मद रफी, अमित पांडेय, चंद्रप्रकाश गुलाटी, सुरेंद्र सेठी, राजन चोपड़ा, राजेंद्र पाल गोल्डी, अरबाज खां, सतनाम सिंह, रोहित त्रिवेदी, रमेश यादव, सतीश आनंद, दया सिंह, सोनू, राकेश वर्मा आदि व्यापारी शामिल रहे।

### संतोषजनक कार्य नहीं दिखने पर पहली अक्टूबर से देंगे धरना

जिलाध्यक्ष दुआ ने बताया कि नगर आयुक्त के आश्वासन के बाद 27 और 30 सितंबर का धरना स्थगित कर दिया गया है। यदि 30 सितंबर तक संतोषजनक कार्य नहीं दिखाई दिखाई दिया, तो पहली अक्टूबर से प्रतिदिन धरना दिया जाएगा।

# सराहे गए सौम्या, दीक्षा और आयुषी के स्लोगन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



स्वच्छता जागरुकता पर प्रतियोगिता में लिखे स्लोगन दिखातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

- आर्य महिला कॉलेज में स्वच्छता जागरुकता पर हुई प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** आर्य महिला डिग्री कॉलेज में स्वच्छता जागरुकता अभियान के अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सौम्या प्रथम, दीक्षा एवं आयुषी द्वितीय व आरती तृतीय स्थान पर रही।

राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई की ओर से 17 सितंबर से चल रहे स्वच्छता जागरुकता अभियान के तहत सोमवार को स्लोगन प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानू दुबे और ऋतु शर्मा की देखरेख में स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता ही सेवा है विषय पर स्लोगन लिखे। मन में रखो एक ही सपना-स्वच्छ बनाना है भारत अपना, आओ भारत के हर एक कोने को रंग दे स्वच्छता के रंग से रंग दें, हम सब ने यह ठाना है-भारत को स्वच्छ बनाना है, भारतीय संस्कृति की एक पुकार-स्वच्छता है हमारा अधिकार, स्वच्छता का दीप जलाएंगे-चारों ओर उजियारा फैलाएंगे आदि स्लोगन लिखकर छात्राओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य डॉ. सुनीता जैसल ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। ड्रॉइंग एंड पेंटिंग विभाग की शैली, शालिनी आदि का योगदान रहा।

# प्रतियोगिता में जिम्नास्टों ने दिखाई कला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जनपदीय विद्यालयीय बालक-बालिका वर्ग की जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को जनता इंटर कॉलेज में किया गया। प्रधानाचार्य कैप्टन अनिलेश कुमार सिंह ने परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का आरंभ किया। ट्रायल आधार पर चली प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा शिक्षक सत्यपाल सिंह ने मंडल प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन किया। अंडर-14 वर्ग में अभिनव पाल, जिगर सक्सेना, बॉबी, आदेश शर्मा, अंडर-17 वर्ग में कुमार शर्मा, संचित कुशवाहा निगम मिश्रा, अली शान, पुष्कर सागर, अंडर-19 वर्ग में कुणाल वर्मा, नितिन वर्मा, अभय शर्मा का चयन किया गया। इसी तरह बालिका वर्ग के अंडर-17 वर्ग में मीनाक्षी, नीलांशी, अंडर-19 वर्ग में हिमांशी का चयन हुआ। प्रतियोगिता में डॉ. अमर सिंह, योगेंद्र नारायण शुक्ला आदि का सहयोग रहा।


जनता कॉलेज में जिम्नास्टिक की कला का प्रदर्शन करता प्रतिभागी।

रहस्य बरकरार

शनिवार- रविवार देर रात लोग हुए परेशान, दम घुटने की शिकायत, सांस लेना हुआ दुश्वार

# चौक क्षेत्र में आए दिन उठने वाली दमघोंटू दुर्गंध से लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** चौक क्षेत्र में लंबे अरसे से किसी प्रकार की दुर्गंध अब तक रहस्य बनी हुई है। यह दुर्गंध रात नौ-दस बजे से शुरू होती है और रात भर लोगों को परेशान करती है। कम तो कभी इतनी अधिक दुर्गंध उठती है कि लोगों की जान पर बन पड़ती है। सांस लेने में दिक्कत होने से लोगों का दम घुटने लगता है। इस ओर प्रशासन भी ध्यान नहीं दे रहा है।

महानगर के चौक क्षेत्र के बड़े भाग में पिछले करीब एक-डेढ़ साल से दुर्गंध उठती है। खास बात यह है कि यह रात नौ बजे के आसपास महसूस की जाती है। शनिवार और रविवार रात जबरदस्त तरह से उठी दुर्गंध सोमवार को पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय रही। लोगों का कहना है कि रविवार 10 बजे के आसपास इतनी दुर्गंध उठी कि सांस लेना भी भारी पड़ने लगा। दम घुटने पर जैसे तैसे कमरे में टहल कर और पानी पीकर स्थिति सामान्य हो पाई। पीड़ित लोगों का कहना है कि यह दुर्गंध किसी फैक्ट्री के द्वारा छोड़ी जा रही है। जिसकी जांच होनी चाहिए, नहीं तो किसी भी दिन कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। इस ओर जिला प्रशासन को भी ध्यान देना चाहिए और जांच कराकर कार्रवाई की जानी चाहिए।

- बोले लोग, जिम्मेदारों को लेना चाहिए संज्ञान


रविवार रात करीब 10 बजे किसी प्रकार की दुर्गंध आनी शुरू हुई, जो समय के साथ बढ़ती गई। हाल यह हो गया कि सांस लेना मुश्किल होने लगा। दम घुटने लगा, जिससे परेशान होकर जैसे-तैसे कमरे बंद कर और पानी पीकर रात गुजारनी पड़ी। यह दुर्गंध किसी फैक्ट्री के रसायन की होने की संभावना है।

\- **रवि खरे**, अधिवक्ता, मंडी मोड़


चौक क्षेत्र में काफी समय से रहस्यमयी दुर्गंध उठती रहती है, जो अधिकतर रात को ही महसूस होती है। इधर, शनिवार और रविवार पूरी रात दुर्गंध के कारण सोना मुश्किल हो गया। यह दुर्गंध तमाम लोगों ने महसूस की। लोग रात को ही घर से निकल आए थे। प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

\- **विकास वर्मा**, चौक


क्षेत्र में रात में उठने वाली दुर्गंध अब जानलेवा होती जा रही है। यह परेशानी कोई नहीं है। काफी समय से चौक और आसपास के लोग परेशान हैं। रात को दुर्गंध उठने लगती है, जो असहनीय होती है। खाना-पीना भी मुश्किल हो जाता है। इस ओर प्रशासन ध्यान ही नहीं दे रहा।

\- **मनोज शर्मा**, चौकसी


शनिवार और रविवार देर रात उठी दुर्गंध ने बेचैन कर दिया। भीषण गर्मी से परेशान लोग छतों पर सोने पहुंचे, तो दुर्गंध ने व्याकुल कर दिया। सांस लेने में दिक्कत होने पर कमरे में भागना पड़ा। यह बहुत पहले से ही उठती आ रही है। संभवत: किसी फैक्ट्री की देन है। जांच होनी चाहिए।

\- **राजीव अवस्थी**, चौक


दुर्गंध के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। इस बारे में जांच कराई जाएगी कि आखिर यह दुर्गंध कहां से उठती है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

\- प्रवेंद्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट


शनिवार और रविवार की रात एक बार फिर दुर्गंध ने परेशान किया। यह इतनी तेज होती है कि जी घबराने लगता है और सांस लेने में बहुत परेशानी होती है। यदि इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो कोई बड़ी घटना हो सकती है। समय रहते डीएम को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

\- **लक्ष्मी**, चौक


रहस्यमयी दुर्गंध पिछले कई माह से उठ रही है। अधिक रात होने के कारण इसकी सुबह बाजार में चर्चा होती है। सबसे अधिक परेशानी बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को होती है। यह इतनी तेज होती है कि दम घुटने लगता है। यह किसी फैक्ट्री द्वारा रात को छोड़ी जाती है।

\- **अजय गुप्ता**, चौकसी

# ... मेरी हस्ती क्या है, उनका इशारा हो गया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


- ईद मीलादुन्नबी के उपलक्ष्य में महफिल ए नात का आयोजन

**अमृत विचार:** सागर वारसी मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार शाम एमनजई जलालनगर स्थित शायर फहीम बिस्मिल के आवास पर ईद मीलादुन्नबी के उपलक्ष्य में महफिल-ए-नात का आयोजन किया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ शायर असगर यासिर ने की। इस मौके पर शायरों ने नातिया कलाम सुनाकर वाहवाही लूटी।

असगर यासिर ने सुनाया- चिलचिलाती धूप से जब तन बदन जलने लगा, अबरे रहमत मेरे सर पर शामियाना हो गया। हमीद खिजर ने कहा- कुफ्र की तारीकियों में गर्क था जब ये जहां, आप आए चार सू हक का उजाला हो गया। शाहिद रजा ने सुनाया- मुझको तौफीक ए सनाए अहमद ए मुर्सल मिली, मेरी हस्ती क्या है बस उनका इशारा हो गया। खलीक शौक ने कहा- अजा की जिस दम सदाएं गूंजी सनम कदों का गुरूर टूटा, इबादतों से फजाएं महकीं तो आबिदों का गुरूर टूटा। राशिद हुसैन राही ने कहा- दामन ए सरकार का जिस पर भी साया हो गया, खुल्द में उसका यकीनन आशियाना हो गया। असलम तारिक ने कहा- मेरी नजरों में वही तो लायक ए तहसीन है, जिनका दिल इश्क ए मोहम्मद से मदीना हो गया। फहीम बिस्मिल ने सुनाया- हमारी इतनी खताओं पर भी नवाजा अपने करम से हमको, हमारी किस्मत जो जगमगाई तो जुल्मतों का गुरूर टूटा। इशरत सगीर ने कहा-उनकी अंगुश्ते मुबारक से इशारा हो गया, चांद दो टुकड़ों में पूरा आधा हो गया।

### साजिश रख दिलों में गले मिलना भी सियासत है...

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** प्रवाह साहित्य संस्थान की काव्य गोष्ठी का आयोजन रविवार को व्यंग्यकार उमेश चंद्र सिंह के संयोजन में केशव नगर स्थित उनके आवास पर किया गया। अध्यक्षता चंद्र शेखर दीक्षित चंद्र ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ गीतकार विजय ठाकुर ने - हम थके कांधों पे अपने फर्ज ही ढ़ोते रहे, बांट मित्रों में जिया दिन, रात भर रोते रहे। सुशील दीक्षित विचित्र ने- आजादी के सपने सारे चकनाचूर हुए, देश दलों का बना हुआ है, एक महा दलदल, सच्चाई ने आज लिया है आंखों में काजल। ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान ने- संबंधों के मधुर गीत आखिर कैसे गाते, बहुत पास से देख लिए हैं सब रिश्ते-नाते। नवगीतकार डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री ने हाथ में ले हाथ दिन का है चला डोला किरण का, स्वप्न बुनने साथ चल दी चोंच में ले बया तिनका। सरोज मिश्र ने-एक अकेले इस जीवन में तुम ही नहीं गए हो साथी, अपने साथ जरूरी मेरा लेकर कुछ सामान गए हो। संयोजक उमेश चंद्र सिंह ने- साजिश रख दिलों में गले मिलना भी सियासत है, कुर्सी के लिए कुत्तों सा लड़ना भी सियासत है। ओज कवि चंद्र मोहन पाठक ने-मैं तो गीत लिखा करता हूं, जन गण मन के क्रंदन पर, मेरी कलम चला करती है वीरों के अभिनंदन पर। गोष्ठी में चंद्र शेखर दीक्षित चंद्र, डॉ. राजीव सिंह भारत, अरुण दीक्षित अनभिज्ञ आदि ने भी काव्य पाठ किया। सत्यभामा सिंह ने आभार व्यक्त किया। महेश सिंह, आदर्श सिंह, अमित सिंह आदि मौजूद रहे। अंत में वरिष्ठ गीतकार महेंद्र पाल सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# रंजिशन वृद्ध की लाठी से पीट कर हत्या

## खेत पर अकेला पाकर विपक्षियों का हमला, इलाज के दौरान अस्पताल में तोड़ा दम

संवाददाता, जैतीपुर

- जैतीपुर के गांव महमूदापुर में रविवार की घटना

**अमृत विचार :** पुरानी रंजिश को लेकर खेत पर कुछ लोगों ने वृद्ध को लाठी से पीट-पीट कर घायल कर दिया। उन्हें पीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मारपीट में रिपोर्ट दर्ज की थी। अब मुकदमा तरमीम किया जाएगा।


मृतक श्यामलाल।

जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव महमूदापुर निवासी भूपराम ने बताया कि उसके पिता श्यामलाल(60) रविवार की शाम साढ़े पांच बजे खेत पर फसल की देखभाल करने गए थे। महमूदापुर गांव के ही ओमप्रकाश व ब्रजेश उसके परिवार से पुरानी रंजिश मानते है। दोनों आरोपी अपने साथ दो अज्ञात लोगों को लेकर चार पहिया वाहन से खेत पर पहुंच गए। आरोपियों ने खेत के किनारे वाहन खड़ा कर दिया और उसके पिता श्यामलाल को लाठियों से पीटकर घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर आरोपी भाग निकले।

खबर मिलने पर वह खेत पर पहुंचा और पिता को घायल अवस्था में पड़ा पाया। वह उन्हें लेकर थाने पहुंचा। पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश व ब्रजेश और दो अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके घायल को इलाज के भेज दिया। पीएचसी लेकर आए, डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। देर रात इलाज के दौरान श्यामलाल की मौत हो गई। बेटे भूपराम ने मरने की खबर थाने पर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी धन देवी और चार बेटों का रो- रोकर बुरा हाल है।

### पुलिस ने कार्रवाई की होती तो नहीं होती घटना

मृतक श्यामलाल के बेटे भूपराम ने बताया कि जुलाई माह में दूसरे पक्ष के ओमप्रकाश से झगड़ा हो गया था। दोनों पक्ष थाना पर पहुंचे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। उनका आरोप है कि पुलिस ने थाना पर दोनों पक्षों का लिखित समझौता कराके मामला रफा-दफा कर दिया था। उसका आरोप है कि विपक्षी अंदर ही अंदर रजिश मान रहे थे। आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की होती तो शायद उसके पिता की हत्या नहीं हुई होती।

> तहरीर के आधार पर मामले की रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी है। जिला मेडिकल कॉलेज में श्यामलाल की इलाज के दौरान मृत्यु होने की जानकारी मिली है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। दर्ज की गई रिपोर्ट में धाराएं बढ़ा दी जाएंगी।
> 
> – अवधेश सेंगर, थाना प्रभारी

# ट्रेन में महिला का मंगलसूत्र नोंचकर भाग गया लुटेरा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ट्रेन में एक महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र नोंचकर लुटेरा कचहरी रेलवे हाल्ट पर ट्रेन से कूदकर भाग गया। पति ने आनंद बिहार जीआरपी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एफआईआर की कॉपी ट्रांसफर होकर यहा जीआरपी थाना पर आई है। बलिया जिले के थाना बैरिया के मोहल्ला रानीगंज बाजार निवासी चंद्रिका प्रसाद ने बताया कि वह अपनी पत्नी सुनैना देवी के साथ एक माह पूर्व ट्रेन संख्या 14007 से बलिया से आनंद बिहार जा रहा था। जब ट्रेन कचहरी हाल्ट पर धीरे हुई तो एक बदमाश उसकी पत्नी के गले से सोने का मंगलसूत्र नोंचकर ट्रेन से कूदकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक रेहान अली ने बताया कि विवेचना की जा रही है।

# हाईवे पार कर रहे छात्र की डंपर से कुचल कर मौत

संवाददाता, अल्हागंज

- रुपये लेने गल्ला मंडी आया था चौरसिया गांव का रणधीर

**अमृत विचार:** लघुशंका जाने के लिए हाईवे पार कर रहे छात्र की डंपर से कुचलकर मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने चालक सहित डंपर को अपने कब्जे में ले लिया है।


मृतक सुधीर सिंह।

क्षेत्र के गांव चौरसिया निवासी अमरपाल का पुत्र रणधीर सिंह(20) सोमवार की शाम चार बजे बाइक से बिक्री किए हुए अनाज के रुपये लेने गल्ला मंडी आया था। लघु शंका लगने पर हाईवे पार कर रहा था। इसी दौरान जलालाबाद की तरफ से आ रहे डंपर ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसका सर कुचल गया। उसकी बाइक मंडी में ही खड़ी थी। पुलिस शव को परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई थी। सूचना पहुंचते ही अस्पताल में परिजनों और गांव वालों की भीड़ जमा हो गई। माता-पिता भाई का रो-रो कर बुरा हाल था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि रणधीर भाई सुधीर और पिता अमर सिंह के साथ अनाज की खरीदारी के अलावा फर्रुखाबाद के एक कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। एक सप्ताह पहले एक आढ़ती के यहां बेचे गए अनाज का भुगतान लेने आया था, इसी दौरान यह दुर्घटना हो गई।

## एक नजर

### सभासद पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**तिलहर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला हिंदू पट्टी निवासी विवेक मल्होत्रा व सोनू खन्ना ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लिपिक के पद पर तैनात हैं। बताया कि रविवार की रात नगर पालिका परिषद के सभासद दिलीप सक्सेना ने सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कई पोस्ट डाली थी। इसके बाद सभासद ने उनके व्हाट्सएप पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मैसेज किया। स्वास्थ्य कर्मी ने स्क्रीनशॉट लेकर कोतवाली पुलिस को दिया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में उन्हें गांव देहात भी जाना पड़ता है, जिससे उनकी जान को खतरा बना हुआ है। आरोपी कभी भी उन्हें जान से मार सकता है। तो वहीं सभासद दिलीप सक्सेना ने बताया कि उनकी सोशल मीडिया आईडी हैक कर ली गई है। उन्होंने नगर के किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट नहीं डाली है और ना ही किसी को धमकी दी गई है। षड्यंत्र के तहत उन्हें फंसाया जा रहा है।

### छात्र को बाइक सवारों ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, अमृत विचार :** सिंधौली क्षेत्र के रेहरिया गांव निवासी विनय शर्मा के बेटे सक्षम शर्मा ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह नगर के सेक्रेड हार्ट स्कूल में 11 वीं का छात्र है। बहन श्रुति शर्मा जो कि इसी स्कूल में कक्षा एक की छात्रा है, के साथ छुट्टी होने के बाद लगभग दो बजे घर जा रहा था। बड़ागांव क्रॉस करने के बाद जैसे ही वह रेहरिया गांव के लिए मुड़ा तभी पीछे से आ रहे दो बाइक सवार दो लोग आए जो मुंह में कपड़ा बांधे हुए थे, उन्होंने चलती बाइक पर ही उसके सिर पर हाथ मारा। एक हमलावर हाथ में कड़ा पहने हुए था। जिसके कड़े से उसका सिर फूट गया और वह लहूलुहान हो गया। तहरीर देने के बाद पुलिस ने सक्षम को मेडिकल के लिए भेजा और उसकी तहरीर पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### शराब न पिलाने पर युवक को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला हुसैनपुरा निवासी दीपेश मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 21 सितंबर की रात नौ बजे उसके पास मोहल्ले का कल्लू आया और शराब पिलाने के लिए कहा। उसने मना कर दिया तो आरोपी ने उसे पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### स्मैक समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान थाना के उपनिरीक्षक संजीव तोमर को सोमवार की सुबह दस बजे सूचना मिली कि दो मादक पदार्थ तस्कर रुकनपुर गांव के सामने खड़े है। पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तस्कर धनवीर व जितेंद्र निवासी किलौनी जिला कासगंज है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 44 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया।

# दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, दंपती घायल

संवाददाता, रोजा

- पांच घंटे पानी के गड्ढे में पड़ा रहा युवक का शव, पुलिस ने समझा-हादसे के बाद भाग गया

**अमृत विचार :** जहांनपुर गांव के सामने दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। एक बाइक पर सवार युवक सड़क के किनारे पानी भरे में गड्ढे में बाइक समेत गिर गया। जबकि दूसरी बाइक पर सवार दंपती घायल हो गए। युवक घर नहीं पहुंचा तो परिजन तलाश में निकले। पांच घंटे बाद शव बाइक समेत गड्ढे में मिला।

रोजा क्षेत्र के गांव सरही निवासी हारुन(30) रविवार की शाम पांच बजे बाइक से कहीं जा रहा था। जहानपुर गांव के सामने दूसरी बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे हारुन सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में बाइक समेत गिर गया। दूसरी बाइक पर सवार शाकिर और उसकी पत्नी आसमा निवासी मिश्रीपुर रामचंद्र मिशन घायल हो गए। रोजा थाना की पुलिस पहुंची और घायलों से दूसरी बाइक सवार के बारे में पूछा। दंपती ने कहा कि पता नहीं। घायल दंपती और पुलिस ने समझा शायद दूसरा बाइक सवार भाग गया है। पुलिस घायलों को मेडिकल कॉलेज ले आई। घायल दंपती रहीमपुर गांव से मिश्रीपुर के लिए लौट रहे थे। इधर रात आठ बजे तक हारुन घर नहीं पहुंचा तो चिंता होने पर उसकी तलाश में निकले। पता चला कि जहानपुर गांव के पास दो बाइकों की टक्कर हुई थी। परिवार वाले पहुंचे तो देखा कि सड़क किनारे पानी में हारुन की बाइक पड़ी थी और वह पानी में गिरा था। परिवार वाले हारुन को मेडिकल कॉलेज ले गए। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# पिता के दसवां संस्कार से लौट रही बेटी की हादसे में मौत

संवाददाता, तिलहर

- तेज रफ्तार पिकअप ने बुलेट सवार दंपती को मारी टक्कर, पति मामूली चोटिल

**अमृत विचार :** पिता का दसवां संस्कार कर पति के साथ घर वापस जा रही महिला की हादसे में मौत हो गई। पति मामूली चोटिल हो गया। चालक पिकअप छोड़कर भाग गया। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया है। दूसरी घटना में दरोगा रोडवेज की चपेट में आकर मामूली रूप से घायल हो गए।


मृतका विजयलक्ष्मी।

सोमवार को सिंधौली क्षेत्र के गांव से सिसैया निवासी विजयलक्ष्मी पति के साथ तिलहर थाना क्षेत्र के गांव गणेशपुर स्थित मायके में अपने पिता के दसवां संस्कार में गई थी। संस्कार का कार्यक्रम निपटाकर पति अतुल सिंह के साथ बुलेट पर सवार होकर घर लौट रही थी। तभी बक्सी तिराहे पर बुलेट में सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही विजयलक्ष्मी पिकअप के पहिए के नीचे आ गईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अतुल राहगीरों की मदद से विजयलक्ष्मी को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पति ने बताया एक माह पहले विजयलक्ष्मी ने पुत्र को जन्म दिया था। वह पुत्र को अपने सास-ससुर के पास छोड़कर आई थी। अब एक माह के पुत्र के सिर से मां का साया उठ गया है। पुलिस ने शव को अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। समाचार मिलते ही भाई सर्वेश व अन्य लोग भी पहुंच गए।


अस्पताल में मौजूद मृतका के गमगीन परिजन। ● अमृत विचार

### स्कूल जा रही थी छात्रा कार की टक्कर से घायल

**पुवायां।** गांव पकड़िया हकीम निवासी सुखदेव सिंह की बेटी रजनप्रीत कौर मारवाह मार्डन स्कूल में कक्षा 12 की छात्रा है। सोमवार सुबह वह भाई अभिजोत सिंह के साथ कोचिंग पढ़कर स्कूल जा रही थी। खुटार रोड पर स्टेट बैंक के पास अचानक उसकी बाइक एक कार से टकरा गई। जिससे छात्रा गिरकर घायल हो गई, वहीं भाई को मामूली खरोचें आई। लोगों ने छात्रा को अस्पताल भिजवाया। जहां पहुंचे छात्रा के परिजन प्राथमिक उपचार के बाद उसे लेकर शाहजहांपुर निजी अस्पताल चले गए।

### ओसीएफ कर्मचारी की संदिग्ध हालात में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ओसीएफ कर्मचारी की ड्यूटी के दौरान तबीयत खराब हो गयी। ओसीएफ अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। चौक कोतवाली के मोहल्ला वाजिद खेल निवासी जाहिद अली(56) ओसीएफ में फीटर के पद पर तैनात थे। रविवार को वह ड्यूटी पर थे। अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। फैक्ट्री प्रशासन ने उन्हें ओसीएफ अस्पताल भेज दिया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि उनकी तबीयत खराब रहती थी। मौत से पत्नी नसरीन और छह बच्चों का हाल बेहाल है।

### एक सप्ताह पहले -रिक्शा ने साइकिल सवार को मारी थी टक्कर, रविवार को तोड़ा दम

**सेहरामऊ दक्षिणी।** क्षेत्र के गांव भरगवां निवासी लज्जाराम(48) एक सप्ताह पूर्व सुबह दस बजे साइकिल से सेहरामऊ दक्षिणी बाजार जा रहे थे। रास्ते में ई-रिक्शा ने साइकिल को टक्कर मार दी थी, जिससे साइकिल सवार घायल हो गए थे। चालक ई-रिक्शा लेकर भाग गया था। परिवार वालों ने घायल लज्जाराम को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। डॉक्टर ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया था। परिवार वाले दो दिन पहले लखनऊ से छुट्टी कराके घर ले आए थे। रविवार की रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक लज्जाराम मजदूरी करता था और उसके पास भूमि नहीं थी। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# राहुल के खिलाफ बयानों पर भड़के कांग्रेसी


प्रदर्शन के बाद अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बीजेपी, आरएसएस और सहयोगी दलों के नेताओं की गिरफ्तारी की मांग
- प्रदर्शन, नारेबाजी कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा

**अमृत विचार:** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ भड़काऊ और उकसाने वाले बयान देने के विरोध में अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सईद अंसारी, महानगर अध्यक्ष तसदीक अंसारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को दिया गया। जिसमें बीजेपी, आरएसएस और बीजेपी के सहयोगी दलों के नेताओं की गिरफ्तारी की मांग की गई है।

अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सईद अंसारी ने कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा के नेताओं की घटिया मानसिकता देश में लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। राहुल गांधी के खिलाफ असंवैधानिक शब्दों और गलत बयानबाजी के बावजूद केंद्र सरकार द्वारा इन नेताओं पर कार्रवाई न करना स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। राहुल गांधी लोकतांत्रिक व्यवस्था को कायम रखने, संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को बचाने, जातिगत जनगणना, आर्थिक सर्वे, संस्थागत सर्वे , अल्पसंख्यक समाज की सुरक्षा और हिस्सेदारी दिलाने के देशव्यापी मिशन पर हैं, इसीलिए आरएसएस, बीजेपी और उसके सहयोगी दल के नेता राहुल गांधी पर अमर्यादित टिप्पणी और हिंसात्मक भाषा और शब्दों से हमले कर रहे हैं। इस मौके पर डॉ. जाने आलम, पूनम पांडे, अर्चना वाल्मीकि, अनुभव खत्री, फरमान खान, कलीम खान, वसीम खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# युवक ने फंदा लगाकर दे दी जान

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव गढ़िया सरेली में एक युवक ने घर के अंदर बरामदे की छत के कुंडे में रस्सी डालकर आत्महत्या कर ली।

गांव सरेली निवासी अंकित गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उसके पिता संतराम गुप्ता (45) अपने भाई वेदराम गुप्ता के साथ रहते हैं। जोकि मानसिक विक्षिप्त हैं। सोमवार दोपहर पिता ने बरामदे की छत के कुंडे में रस्सी डालकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वेदराम ने देखा तो शोर मचाया। आसपड़ोस के लोग आ गए और पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष संजय कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और शव को फंदे से उतार परिजनों से पूछताछ की। इसके बाद पंचनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम भेज दिया। उधर, मृतक की पत्नी सलोनी गुप्ता ने बताया कि उसके पति संतराम गुप्ता शराब पीने के आदी थे। लगभग 15 वर्ष पूर्व से ही गांव छोड़कर खुटार के तिकुनियां कुसुमा रोड पर अपने बेटे अंकित के साथ रह रही थी। गांव में उसके पति और देवर वेदराम गुप्ता रहते थे। खुटार थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों ने तहरीर नहीं दी है।

# सड़क दुर्घटना में व्यापारी की मौत

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** पुवायां में टहलने निकले व्यापारी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। सीएचसी पर डॉक्टर ने घायल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


मृतक राजीव मिश्रा।

मोहल्ला शास्त्रीनगर निवासी राजीव मिश्रा(50) की पुवायां के राजा मार्केट में कई दुकानें हैं। जिसमें वह फोटो फ्रेम करने का काम करते थे। सोमवार सुबह साढ़े चार बजे वह टहलने के लिए निकले तो शाहजहांपुर रोड पर बड़ा गांव में तुलाराम बाबा के स्थान के सामने अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। वह काफी देर तक मौके पर पड़े रहे, इसी दौरान वहां से निकले एक व्यक्ति ने उन्हें घायल अवस्था में देखा तब परिजनों और पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह सिपाहियों के साथ पहुंचे और घायल को सीएचसी पर भेजा। जहां डॉक्टर ने राजीव मिश्रा को मृत घोषित कर दिया। इधर परिवार वाले सीएचसी पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक राजीव मिश्रा के बेटे वैभव मिश्रा ने बताया कि उसके पिता सुबह के समय रोजाना टहलने के लिए जाया करते थे। पत्नी सरिता मिश्रा, दो बेटे वैभव व लक्ष मिश्रा रो-रोकर बेहाल हैं। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।


पोस्टमार्टम हाउस पर गमगीन खड़े परिजन। ● अमृत विचार

- टहलने निकले पुवायां के राजीव को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

### रोडवेज बस ने दरोगा की बाइक को मारी टक्कर

**तिलहर, अमृत विचार :** नगरिया मोड़ चौकी पर तैनात दरोगा पवन चौधरी बाइक से थाने से नगरिया मोड चौकी पर जा रहे थे, तभी भक्सी तिराहे के हाईवे पर पहुंचते ही शाहजहांपुर की तरफ से तेज गति से आ रही रोडवेज बस के चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उन्हें मामूली चोट आई है। उधर, चालक द्वारा माफी मांगने पर उसे छोड़ दिया गया।

**प्रयास नहीं हुआ सफल** | अब नक्शा देखकर समाधान निकालने की हो रही कोशिश, ग्रामीणों से वार्ता जारी

# ...अब एडीएम पहुंचे हसौआ, फिर भी नहीं हटाई गईं प्रतिमाएं

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव हसौआ में एक सप्ताह पहले बिना अनुमति स्थापित की गईं बुद्ध और आंबेडकर की प्रतिमा हटवाने के लिए सोमवार को फिर प्रशासन ने कोशिश शुरू की लेकिन दलित वर्ग के ग्रामीणों ने प्रतिमा हटाने से इंकार कर दिया। राजस्व टीम अभी तक किसी ठोस निर्णय पर नहीं पहुंच पाई है।


प्रतिमा हटाए जाने के लिए महिला से वार्ता करते एडीएम प्रशासन संजय पांडेय। साथ में मौजूद एएसपी सिटी संजय कुमार, तिलहर एसडीएम जीत सिंह राय व पुलिस बल।

एसडीएम प्रशासन संजय पांडेय, एएसपी सिटी संजय कुमार, तिलहर एसडीएम जीत सिंह राय, सीओ सदर प्रयांक जैन, नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी, लेखपाल चंचल के साथ सोमवार दोपहर करीब 12 बजे निगोही थाने पहुंचे। यहां प्रशासनिक अधिकारियों ने राजस्व अधिकारियों से गांव हसौआ में स्थापित बुद्ध और आंबेडकर की प्रतिमा हटाए जाने के लिए राय मशविरा किया और फिर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ सभी अधिकारी दोपहर करीब 1:05 बजे गांव पहुंच गए। जहां प्रतिमा स्थापित करने वालों से वार्ता कर हटाए जाने के लिए कहा तो उन लोगों ने साफ इंकार कर दिया। एसडीएम प्रशासन संजय पांडेय ने ग्रामीणों को समझाया कि बिना अनुमति प्रतिमा लगाया जाना ठीक नहीं, इसलिए पहले अनुमति लेनी चाहिए थी, तब प्रतिमा स्थापित की जा सकती थी। इस पर एक महिला ने कहा कि बुद्ध और आंबेडकर हमारे भगवान है और हम लोग यह प्रतिमा नहीं हटाएंगे। अनुमति देनी है तो दे दीजिए, फिलहाल प्रतिमा को नहीं हटाया जाएगा। प्रतिमा को ग्राम समाज की खाली पड़ी जमीन पर लगाया गया है, जमीन पर कब्जा नहीं किया है।

> अभी प्रतिमा हटाए जाने को लेकर अधिकारियों के बीच मंत्रणा चल रही है और गांव के लोगों से भी बात की जा रही है। जल्द ही कोई न कोई समाधान निकलेगा।
> 
> –जगत मोहन जोशी, नायब तहसीलदार

> अभी गांव वालों से वार्ता का क्रम जारी है, शाम को वार्ता के लिए ग्रामीणों का शिष्टमंडल बुलाया है, अभी इस मामले में किसी की गिरफ्तारी या हिरासत में लेने जैसी कोई बात नहीं है।
> 
> –अरविंद सिंह चौहान, थानाध्यक्ष, निगोही

- पहले थाने पहुंचकर अधिकारियों ने की मंत्रणा, फिर फोर्स लेकर पहुंचे गांव, नहीं बनी बात

एएसपी सिटी ने भी ग्रामीणों को प्रतिमा हटाए जाने के लिए समझाया और कहा कि कानून व्यवस्था साथ के साथ खिलवाड़ ठीक नहीं है। इसके बाद भी ग्रामीण जिद पर अड़े रहे। इसके बाद गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश के साथ दोपहर करीब 1:30 बजे एसडीएम और एएसपी सिटी लौट गए। इसके बाद एसडीएम ने नायब तहसीलदार और लेखपाल को बुलाकर खतौनी देखी और जिस जमीन पर प्रतिमा स्थापित की गई, उसकी पैमाइश कराने को कहा। हालांकि प्रशासन अभी तक प्रतिमा हटाए जाने के निर्णय पर नहीं पहुंच पाया है। इससे पहले भी प्रशासनिक अधिकारी दो बार गांव पहुंचकर प्रतिमा को हटवाए जाने के लिए प्रयास कर चुके हैं। मामले में प्रशासन की ओर से निगोही थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में 10 ग्रामीणों को नामजद कराया गया है, जबकि 60 अज्ञात लोग शामिल हैं।

# दो महीने से नहीं मिली मजदूरी, प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण में काम करने वाले मजदूरों को दो महीने से मजदूरी नहीं मिली है। ऐसे में उनके सामने खाने-पीने के लाले पड़ गए हैं। नाराज मजदूरों ने सोमवार को कैंप कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन कर मजदूरी दिलाने के लिए एसडीएम को ज्ञापन दिया।


प्रदर्शन करते मजदूरी न मिलने से परेशान मजदूर। ● अमृत विचार

- गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण में लगे मजदूरों ने ठेकेदार पर लगाया आरोप, दिया धरना

जलालाबाद क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण का कार्य चल रहा है। निर्माण के लिए एचडी इंफ्रा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड को ठेका मिला है। उसके ठेके में सह ठेकेदार के रूप में काम करने वाली कंपनी ने 2 महीने से करीब 25 लेबरों की मजदूरी का भुगतान नहीं किया है। मजदूर भुखमरी के कगार पर आ गए हैं। उनके परिवार का चूल्हा नहीं जल पर रहा है। जब मजदूरों ने कंपनी के एचआर डिपार्टमेंट में काम करने वाले मंजेश से बात की तो उसने धमकी देते हुए कहा कि 4 महीने भुगतान नहीं मिल पाएगा। काम करना हो तो करो अन्यथा चले जाओ। इस बात से नाराज मजदूरों ने सोमवार को कंपनी में काम बंद कर दिया और विश्राम नगर साइट पर बने डिपो के गेट पर बैठकर विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया।

इस दौरान सचिन द्विवेदी, लव कुश बाजपेयी, बबलू यादव, अभिषेक अवस्थी, दिनेश दीक्षित, विवेक कुमार, रामकृष्ण वर्मा, रामकिशन, मुकेश, वेदपाल, अनूप, संदीप, शिव कुमार, मानवेंद्र आदि रहे।

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रदर्शन के दौरान कंपनी के कुछ छुटभैया अधिकारी आए और जल्दी भुगतान दिलाने का आश्वासन देकर चले गए। मजदूर इस पर तैयार नहीं हुए। इसके बाद तहसील मुख्यालय पहुंचकर एसडीएम उत्सव आनंद को एक ज्ञापन दिया। साथ ही कोतवाल प्रदीप कुमार राय को प्रार्थना पत्र देकर मजदूरी का भुगतान कराए जाने की मांग की।

# कांट में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, व्यापारियों में हड़कंप

## बरेली मोड़ से जलालाबाद तक होना है फोरलेन निर्माण



पक्का निर्माण तोड़ती जेसीबी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अनुरोध पर प्रशासन ने व्यापारियों को दिया दो दिन का समय
- कहा-25 सितंबर तक खुद नहीं हटाया तो फिर चलेगी जेसीबी

**अमृत विचार:** बरेली मोड़ से जलालाबाद तक फोरलेन मंजूर होने के बाद कांट में सड़क निर्माण में बाधा बन रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। सोमवार जेसीबी लेकर अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम ने अवैध निर्माण को ढहाना शुरू कर दिया। इससे व्यापारियों में हड़कंप मच गया। राजनीतिक दखल और व्यापारियों के अनुरोध पर दो दिन के अंदर खुद अतिक्रमण हटाए जाने की चेतावनी देकर अभियान रोक दिया गया।

एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ के निर्देश पर राजस्व और नगर पंचायत टीम सोमवार दोपहर करीब 12 बजे जेसीबी साथ लेकर अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची। कांट मुख्य मार्ग पर महुआ तिराहा से लेकर ब्लॉक कार्यालय तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हुई, इस दौरान कुछ लोगों ने स्वेच्छा से भी अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया, वहीं पक्के निर्माण को जेसीबी से ढहा दिया गया। इस दौरान हल्की नोकझोंक भी हुई, इसके बाद भी जब कार्रवाई नहीं रुकी तब फिर व्यापारियों ने दलील दी कि उन्हें खुद अपना सामान और पक्का निर्माण हटाने के लिए समय दिया जाए। राजनीतिक दखल और दुकानदारों के अनुरोध के बाद 25 सितंबर तक के लिए समय दे दिया गया और अतिक्रमण हटाओ अभियान रोक दिया गया। इस दौरान सड़क से दोनों तरफ 60-60 फिट पर निशान लगाए गए। इस दौरान प्रमुख रूप से नायब तहसीलदार आशीष सक्सेना, अधिशासी अधिकारी नूर जहां, कानूनगो उमेश प्रताप सिंह ,लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता महेंद्र नाथ ,दिनेश चंद्र यादव, अवर अभियंता जोगेंद्र गंगवार, रामौतार, कुलदीप सोलंकी,अहमद मुवीन ,कोतवाल अश्विनी कुमार सिंह भारी फोर्स के साथ रहे।



अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान कार्यवाहक तहसीलदार आशीष सक्सेना, नगर पंचायत ईओ नूर जहां और मौजूद लोग।



फुटपाथ पर अतिक्रमण हटाते नगर पंचायत कर्मी।

### 60 फिट चौड़ी होगी फोरलेन सड़क

एसडीएम सदर ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित करते हुए स्टेट हाईवे के अंतर्गत कांट के आबादी भाग में अवैध अतिक्रमण को बीच रोड 60– 60 फिट दोनों तरफ खाली कराया कराया जाना सुनिश्चित किया गया था। अभियान कार्यवाहक तहसीलदार आशीष सक्सेना की अगुवाई में चलाया गया। मानक के अनुसार फोरलेन सड़क अब 60 फिट चौड़ी होगी। ऐसे में दोनों तरफ सड़क के लिए ही 18–18 फिट जगह चाहिए होगी। इसके बाद फुटपाथ के लिए भी जगह आरक्षित करना है। इस स्थिति में सघन आबादी के बीच कई दुकान और मकान को तोड़ने की नौबत आएगी। कुर्रिया तिराहे और पुराना बस अड्डा पर यह समस्या ज्यादा उत्पन्न हो रही है।

## प्रतापपुर में दिखा तेंदुआ, दहशत में लोग

**खुटार, अमृत विचार:** क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर पिछले कई महीने से तेंदुए की चहल कदमी लगातार देखी जा रही है।

रविवार की शाम 7:30 बजे प्रतापपुर गांव किनारे रोड पर तेंदुआ टहल रहा था। ग्रामीणों ने देखा तो हल्ला मचा या। जिसके बाद तेंदुआ ग्राम प्रधान नवल सिंह के बाग में चला गया। प्रतापपुर निवासी मुनेश कुमार रिश्तेदारों के साथ रोड से गुजर रहे थे। उसी समय तेंदुआ उनके सामने से निकल गया जिससे वह भयभीत होकर गिर पड़े व उनके दो अन्य साथी हल्ला मचाने लगे। जिस पर ग्रामीण लाठी डंडा व टॉर्च लेकर मौके पर पहुंचे और तेंदुआ को मौके से खदेड़ दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी सूचना के बाद भी कोई भी वन कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने बताया की प्रतापपुर में तेंदुआ होने की जानकारी नही है। वनकर्मियों को भेजा जाएगा।

## 13 दिन में सिर्फ एक हत्यारोपी को पकड़ पाई बंडा पुलिस

संवाददाता, बंडा

- मृतक के बेटे ने एसपी से शिकायत कर पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल
- रास्ते के विवाद में 10 सितंबर को गोली मारकर की गई थी बागीश की हत्या

**अमृत विचार:** बागीश हत्याकांड में 13 दिन बीत जाने के बाद पुलिस ने एक ही आरोपी को जेल भेजा है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए पुलिस पर आरोप लगाया कि थाना प्रभारी ने उनके बयान दर्ज नहीं किए है।

गांव बाबूपुर निवासी बागीश नाथ का गांव के ही सर्वेश कुमार शुक्ला से रास्ते व नाली का विवाद चल रहा था। एक माह से मामला पुलिस की जानकारी में था, लेकिन पुलिस हीलाहवाली करती रही। 10 सितंबर सुबह बागीश की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी पत्नी मीरा देवी व भाई प्रमोद कुमार, पुत्र आदेश व पुवाया के गांव बितौनी निवासी साले पिंटू को भी घायल कर दिया गया था। मृतक के पुत्र दीपक ने पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिनमें से पुलिस ने आरोपी मुकेश को ही जेल भेजा है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जिसकी शिकायत बागीश के पुत्र दीपक ने 17 सितंबर को एसपी से की थी। फिर भी पुलिस ने किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। इस पर छोटे पुत्र आदेश ने 23 सितंबर को एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि पुलिस पिता के हत्यारोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है ना ही किसी के बयान दर्ज कर रही है। जब थाना प्रभारी से आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कहा जाता है तो थाना प्रभारी उल्टे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हैं, जबकि खुलेआम घूम रहे पिता के हत्यारों से पूरे परिवार को खतरा बना हुआ है। आरोपी राजीनामा का दबाव बना रहे हैं। मृतक के पुत्र ने एउसपी से न्याय दिलाने की मांग की है। इस संबंध में एसपी राजेश एस ने बताया कि मामले कि जानकारी करके आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## समझौते के लिए थाने पहुंचे दो पक्षों में कहासुनी, चली गोलियां

संवाददाता, मदनापुर

- मदनापुर थाने की घटना अफरा-तफरी मची, भाग निकले आरोपी

**अमृत विचार:** थाना पर दोनों पक्ष समझौते के लिए आए थे। दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद एक पक्ष ने फायरिंग कर दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। आरोपी चार पहिया वाहन से भाग गए।

कस्बा मदनापुर निवासी सतेंद्र सिंह ने बताया कि गांव इस्माइलपुर के लाल सिंह व हर सिमरन में रुपये को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार को पुलिस ने दोनों पक्षों को पंचायत के लिए थाने बुलाया था। सतेंद्र सिंह अपने साथ विजय सिंह को लेकर शाम को थाने गेट पर पहुंचा। आरोपी हर सिमरन अपने चार साथियों के साथ थाने के अंदर से गेट पर पहुंच गया। आरोपी ने उससे कहा कि रुपये नहीं देंगे और हड़प जाएंगे। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोपी सतेंद्र सिंह को गाली देने लगे। विरोध करने पर उसे मारा पीटा। जान से मारने की नीयत से राइफल से फायर किए।

वह और उसका साथी विजय सिंह बाल-बाल बच गए। गोली की आवाज सुनकर लोग एकत्रित हो गए। आरोपी धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। थाना गेट पर झगड़ा नहीं हुआ था बल्कि कुछ दूरी पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था।

### शादी कराने के नाम पर 35 हजार रुपये ठगे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान क्षेत्र के गांव मदनपुर निवासी शैलेंद्र ने मदनापुर थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 21 सितंबर को कस्बा कटरा में भूरे ने उसे फोन करके बुलाया और रुपये लेकर शादी कराने की बात कही। कटरा पहुंचने पर भूरे के साथ रिंकी निवासी रमापुर थाना कटरा थी। दोनों ने उससे 35 हजार रुपये लिए और उसे डिंपल नाम की लड़की से मिलवाया और डिंपल को उसके साथ भेज दिया। वह उसे लेकर अपने गांव कलान की ओर आने लगा। मदनापुर तिराहे पर डिंपल ने जाने से मना कर दिया और बाइक से उतर गई। उसने आरोपियों से रुपये वापस मांगे तो उन्होंने देने से मना कर दिया। मदनापुर एसओ अमित सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें-
7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

SHIKHAR NURSING HOME
शिखर नर्सिंग होम
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma M.D., P.D.C.C. Critical Care Fellowship in Diabetes (General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya M.S. (Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta M.S. (General Surgeon)
Dr. T. Singh M.S. (Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगो की कम्प्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशुल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम. (A.N.M.) For Females only Course Code- 13 Recognized by Indian Nursing Council Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow College Code - 092
बी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow) College Code - 969
डी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to B.T.E. (Lucknow) College Code - 2065
कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com, shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

PRIME HOSPITAL प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

# रात में फुंका ट्रांसफार्मर, दूसरा रखा तो लग गई आग

## झंडा कलां में रविवार रात दमकल कर्मियों ने बमुश्किल पाया काबू, रात अंधेरे में रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** झंडा कलां में रविवार रात ट्रांसफार्मर फुंक गया। रात करीब दो बजे दूसरा ट्रांसफार्मर रखा तो दस मिनट बाद उसमें भी आग लग गई। दमकल यूनिट ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। पूरी रात उपभोक्ता अंधेरे में रहे। सुबह भी ट्रांसफार्मर सही नहीं हो पाया। दोपहर तक उपभोक्ता बिजली आने की राह ताकते रहे लेकिन बिजली सप्लाई चालू नहीं हो पाई। नया ट्रांसफार्मर रखा गया, तब शाम छह बजे बिजली सप्लाई शुरू हो पाई।

शहर के मोहल्ला झंडा कलां में दूर संचार विभाग कार्यालय के पास सड़क किनारे रखा ट्रांसफार्मर रविवार रात करीब 9:30 बजे फुंक गया। इससे मोहल्ले में अंधेरा छा गया। जिन लोगों के घर में इन्वर्टर थे, वह तो पंखे की हवा में सोते रहे लेकिन जिन लोगों के घरों में केवल बिजली की व्यवस्था थी, उन्हें परेशानी होने लगी। भीषण गर्मी में परेशान हो रहे उपभोक्ता पहले तो बिजली आने का इंतजार करते रहे लेकिन जब डेढ़ तक बिजली नहीं आई, तब फिर रात करीब 11 बजे अधिकारियों और कर्मचारियों को फोन लगाने शुरू कर दिए। अलग-अलग नंबरों से कई-कई बार फोन किए जाने के बाद बमुश्किल कर्मचारियों और अधिकारियों ने फोन रिसीव किए और समस्या को सुना। इसके बाद आश्वासन देकर बैठ गए। करीब एक घंटे बाद फिर उपभोक्ताओं ने अधिकारियों को फोन करने शुरू कर दिए। उपभोक्ताओं ने बिजली उपकेंद्र पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी, तब कहीं जाकर बिजली कर्मचारियों ने रात करीब दो बजे ट्रॉली ट्रांसफार्मर भेजा। ट्रॉली ट्रांसफार्मर से बमुश्किल सप्लाई चालू की गई। करीब दस मिनट गुजरे, तभी अचानक ट्रॉली ट्रांसफार्मर में तेज आवाज हुई और धुआं निकलने के साथ ही लपटें निकलने लगी और मोहल्ले की लाइट एक बार फिर गुल हो गई। ट्रांसफार्मर से ऊंची-ऊंची लपटें निकलने लगीं, इससे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। रात में दमकल यूनिट मौके पर पहुंची और आग बुझाने के लिए मशक्कत करनी शुरू कर दी। करीब आधा घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया। इसके बाद फुंके ट्रांसफार्मर को वहां से हटा दिया गया। वहीं मोहल्ले के लोग बिजली गुल हो जाने से परेशान हो रहे थे। बिजली अधिकारियों से दूसरा ट्रांसफार्मर लाने के लिए कहा गया तो अधिकारी आश्वासन पर आश्वासन देते रहे लेकिन सोमवार दोपहर 2:30 बजे तक ट्रांसफार्मर रखे जाने का इंतजार करते रहे। करीब 2:45 बजे बिजली कर्मचारी ट्रांसफार्मर लेकर पहुंचे और ट्रांसफार्मर को लगाने की प्रक्रिया शुरू की। शाम करीब छह बजे बिजली सप्लाई चालू हो पाई। तब लोगों ने राहत की सांस ली।


झंडा कलां में रखा गया नया ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार

> ट्रांसफार्मर फुंक जाने की वजह से बिजली सप्लाई बंद करनी पड़ी थी। नया ट्रांसफार्मर रखवा दिया गया है। सोमवार शाम को बिजली सप्लाई चालू करा दी गई है। – **मनीष चंद्र**, एसडीओ बहादुरगंज उपकेंद्र

### नहाने और पीने के पानी को तरसे लोग

पूरी रात उमस भरी गर्मी में गुजरी, ज्यादातर लोगों की नींद पूरी नहीं हो पाई, महिलाओं की रात बच्चों के लिए हवा करने को हाथ वाला पंखा चलाने में गुजर गई। सुबह जब लोगों को दैनिक क्रिया के लिए पानी की जरूरत हुई लेकिन बिजली नहीं होने की वजह से मोटर नहीं चल पाया, जिससे लोग पानी के लिए परेशान रहे। वहीं सुबह ड्यूटी जाने और नहाने के दौरान भी पानी नहीं मिल पाया। आसपास मोहल्लों में लगे हैंडपंप से पानी लेकर लोगों ने दैनिक कार्य निपटाए।

### टूटकर गिरा तार जली बाइक

सोमवार शाम को जेल रोड पर अंटा चौराहे के पास एक अस्पताल के सामने बिजली का तार सडक किनारे खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल पर गिर गया। जिससे उसके दोनों पहिये जल गए। तेज धमाके से आसपास के लोग डर गए। अग्निशमन कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर लाइट बंद कराकर उस को वहां से हटवाया।


धूं-धूं कर जलता ट्रांसफार्मर, आग बुझाता दमकल कर्मी। ● अमृत विचार


रात करीब साढ़े नौ बजे ट्रांसफार्मर फुंक गया। इसके बाद दूसरा ट्रांसफार्मर रखा तो उसमें आग लग गई। इसके बाद सोमवार शाम को बिजली सप्लाई मिल पाई। इस दौरान पेयजल के लिए परेशान होना पड़ा। मोबाइल भी डिस्चार्ज हो गए। इन्वर्टर भी बैठ गया। – **अर्चना सक्सेना**


बिजली मूल आवश्यकता है लेकिन बिजली विभाग अभी तक इतनी व्यवस्था नहीं कर पाया कि ट्रांसफार्मर में खराबी आने या फुंक जाने पर जल्द सप्लाई चालू कर सके। दूसरा ट्रांसफार्मर काम चलाऊ वाला रख दिया। जैसे ही लोड बढ़ा फिर से फुंक गया। – **अफजाल**

# शिक्षा ही बना सकती है विश्व गुरु



बीएड-एमएड के नव प्रवेशित प्रशिक्षुओं को संबोधित करते स्वामी चिन्मयानंद।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एसएस कॉलेज में बीएड-एमएड के नव प्रवेशित प्रशिक्षुओं का परिचय कार्यक्रम

**अमृत विचार :** एसएस कॉलेज के शिक्षक शिक्षा विभाग में सोमवार को बीएड-एमएड के नव प्रवेशित प्रशिक्षुओं का स्वागत एवं परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि शिक्षा मानव जीवन में अमृत के समान है। शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे व्यक्ति जीवन का पूर्ण आनंद प्राप्त कर सकता है।

स्वामी चिन्मयानंद ने कहा कि शिक्षा से विचारों में निरंतरता आती है और मानवीय मूल्यों के अंतर्गत समर्पण का भाव उत्पन्न होता है। शिक्षा व्यक्ति की वह पूंजी है, जो खर्च करने पर भी कभी समाप्त नहीं होती है। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। शिक्षा ही वह शक्ति है जो हमें विश्व गुरु बना सकती है। प्राचार्य प्रोफेसर आरके आजाद ने कहा कि शिक्षक अनुशासन पर ध्यान देता है, वह निश्चित ही विद्यार्थियों एवं समाज द्वारा आदर प्राप्त करता है। प्रोफेसर प्रभात शुक्ल ने बीएड पाठ्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

इससे पहले डॉ. प्रियंका शर्मा के नेतृत्व में बीएड द्वितीय वर्ष की छात्राओं अर्चना गुप्ता एवं राधिका खत्री सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अखिलेश तिवारी के संचालन में चले कार्यक्रम में बृज निवास ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. मीना शर्मा, डॉ. शैलजा मिश्रा, डॉ. विनीत श्रीवास्तव, डॉ. मनोज मिश्रा, राहुल कुमार, डॉ. संजय कुमार, अमित गुप्ता, राजीव यादव, रोहित सिंह, सौरभ मिश्रा, नेहा आदि मौजूद रहे।

# हारबेरियम निर्माण गोष्ठी: छात्रों ने पढ़े शोध पत्र

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



गोष्ठी में शिक्षकों के साथ शोधपत्र पढ़ने वाले विद्यार्थी। ● अमृत विचार

- जीएफ कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग में हुई गोष्ठी

**अमृत विचार:** जीएफ कॉलेज के वनस्पति विभाग के गुलिस्ता बॉटनिका सोसाइटी के तत्वावधान में सोमवार को विभागीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। हारबेरियम निर्माण विषयक गोष्ठी में प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खां ने कहा कि हारबेरियम सूखे और लेवल वाले पौधों के नमूनों का एक प्राथमिक डेटा स्रोत है, जिसे अभिलेखीय भंडारण की अनुमति देने के लिए व्यवस्थित किया जाता है।

डॉ. सैयद साद ने हरबेरियम की टैक्सोनॉमी की उपयोगिता के बारे में बताया कि हरबेरियम की सहायता से पेड़-पौधों की जानकारी प्राप्त होती है तथा वर्गीकरण करने में सहायता मिलती है। बीएससी और एमएससी बॉटनी के छात्र-छात्राओं ने शोध-पत्र पढ़े, जिसमें कोमल गुप्ता प्रथम, काम्या गुप्ता द्वितीय व श्यामा रावत ने तृतीय स्थान पर रहे। शोधपत्र पढ़ने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। निर्णायक मंडल में डॉ. मोहम्मद सईद अख्तर एवं डॉ. श्वेता मल्होत्रा शामिल रहे। संचालन डॉ. शाजिया बी ने और धन्यवाद विभागाध्यक्ष डॉ. सैयद सुहेल अख्तर नकवी ने व्यक्त किया। इस मौके पर वनस्पति विज्ञान विभाग के शिक्षक डॉ. अकील अहमद खां, डॉ. शोएब अहमद समेत विभाग के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन मकान से स्टील पाइप समेत लोहे का सामान चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चौक कोतवाली के बरेली मोड़ निवासी दीपक कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके मकान पर निर्माण कार्य चल रहा है। 11 अगस्त को बाढ़ आने के कारण काम रोक दिया था। निर्माण कार्य के लिए आया स्टील का पाइप, नट, बोल्ट, लोहे की सरिया आदि सामान छत पर रखा था। उन्होंने 20 सितंबर को मकान की छत पर जाकर देखा तो सारा सामान गायब था। चोरी गए सामान की कीमत करीब दो लाख रुपये होगी। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली हे। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# कोलाघाट पुल पर लोड टेस्टिंग का काम पूरा

संवाददाता, मिर्जापुर

- सोमवार से दोपहिया वाहनों का आवागमन हुआ शुरू
- 25 दिन में हल्के वाहनों का शुरू होगा आवागमन

**अमृत विचार:** दस दिनों तक आवागमन के लिए बंद रहे कोलाघाट पुल सोमवार से दो पहिया वाहनों के लिए खोल दिया गया। सांसद अरुण सागर ने कोलाघाट पुल पर पहुंच कर आम जनता को 25 दिनों के अंदर हल्के वाहनों के लिए आवागमन शुरू करने का आश्वासन दिया।

कोलाघाट पुल से हल्के वाहनों का आवागमन शुरू करने से पहले प्रशासन की ओर से 14 सितंबर से लोड टेस्ट का कार्य शुरू कराया था। लोड टेस्ट का कार्य बीएचयू आईआईटी के इंजीनियरों की निगरानी में सोमवार को पूरा हो गया। सांसद अरुण सागर कोलाघाट पुल पर सेतु निगम के अधिकारियों के साथ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि विपक्षी सस्ती लोकप्रियता लेना चाहते हैं। सपा शासन में घटिया सामग्री से पुल का निर्माण हुआ था, जिससे पुल धंस गया था।

कहा कि पुल टेस्टिंग का आदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिया था। दोपहिया वाहनों के लिए खोलने के निर्देश दिए। साथ ही आश्वासन दिया कि कोलाघाट पुल से 25 दिनों के अंदर हल्के वाहनों का आवागमन शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान एसडीएम कलान चित्रा निर्वाल, एसडीएम जलालाबाद उत्सव आनंद, तहसीलदार पैगाम हैदर, सीओ अजय कुमार राय, मिर्जापुर ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी आदि मौजूद रहे।


कोलाघाट पुल का निरीक्षण करते सांसद अरुण सागर। ● अमृत विचार

## चेयरमैन ने स्वास्थ्य कैंप का किया उद्घाटन

**कलान, अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार को आयोजित स्वास्थ्य कैंप का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष हरि नारायण गुप्ता ने फीता काटकर किया। कहा कि इस स्वास्थ्य कैंप से मरीज को आसानी से उपचार मिलेगा। पीएचसी प्रभारी डॉ. दिनेश यादव, डॉ. दिनेश कुमार के नेतृत्व में चिकित्सकों ने रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी गईं। इस अवसर रामगोपाल वर्मा, मिर्जापुर मंडल अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, कलान मण्डल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, विजय मोहन मिश्रा, सेवा पखवाड़ा, स्वास्थ्य कैंप के विधानसभा संयोजक अनिल भदौरिया, मण्डल अध्यक्ष महिला मोर्चा मंजू सिंह, मंडल महामंत्री राघवेंद्र आदि थे।

# रेलवे स्टेशन पर चलाया गया जन जागरुकता कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजनाओं के बारे में दी गईं महत्वपूर्ण जानकारी

**अमृत विचार :** जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के निर्देश के क्रम में सोमवार को रेलवे स्टेशन पर महिला कल्याण विभाग की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी निकेत कुमार सिंह एवं परामर्शदाता प्रतिभा मिश्रा ने विभागीय योजनाओं, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना आदि के बारे में जानकारी दी।

वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रबंधक नमिता यादव ने वन स्टॉप सेंटर की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर अस्थाई आश्रय पुलिस डेस्क विधि सहायता चिकित्सा एवं काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। चाइल्ड हेल्पलाइन से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनय कुमार शर्मा एवं सुपरवाइजर सुधीर कुमार ने 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की विशेषताओं की जानकारी दी। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनय शर्मा ने जन सामान्य से अपील की, कि यदि कोई भी बच्चा संरक्षण हीन दशा में प्रतीत हो तो तत्काल 1098 पर कॉल कर सूचना देने का कष्ट करें। कार्यक्रम में स्टेशन अधीक्षक पीएस तोमर, श्रम प्रवर्तन अधिकारी ओम प्रकाश के साथ साथ आरपीएफ व जीआरपी पुलिस द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।


योजनाओं के बारे में जानकारी देते महिला और चाइल्ड हेल्पलाइन से जुड़े कर्मचारी।

## सार-संक्षेप

### नवजात बच्चियों को वितरित की गई बेबी किट



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में सोमवार को कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला कल्याण विभाग की ओर से पांच नवजात बच्चियों को हिमालया बेबी किट वितरित की गई। जिसमें वन स्टॉप सेंटर से स्टाफ नर्स अंतिमा तिवारी ने महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी, जिसमें मुख्य रूप से बच्चियों के माता-पिता को कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित होने के लिए जनसेवा केंद्र पर आवेदन करने के लिए बताया। साथ ही महिला कल्याण विभाग के पंपलेट वितरित किए, साथ ही हेल्पलाइन नंबरों 1098,112, 108, 102, 1090, 181,1076,आदि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला अस्पताल से सीनियर स्टाफ नर्स मारगारेट डेविड, लक्ष्मी, विभा, रईस खान, डॉ. नेपाल सिंह आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### माफिया का दखल खत्म करने को लगे सीसीटीवी

**तिलहर, अमृत विचार :** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के कार्यकर्ताओं ने तहसील में प्रदर्शन कर नारेबाजी की। उन्होंने एसडीएम व सीओ को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार पूनम मधुकर को दिया। सोमवार को जिला अध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ता एवं किसान तहसील प्रांगण में बने मंदिर पर एकत्रित हुए। जिला अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह यादव ने कहा कि निगोही क्षेत्र में तैनात एक लेखपाल लगभग 8 वर्षों से एक ही क्षेत्र में है जो भूमि माफिया को संरक्षण दे रहा है। उसे तत्काल हटाया जाए, इससे किसान परेशान हैं। जिला उपाध्यक्ष सोनपाल सिंह ने मांग की है कि बाढ़ में फासले खराब हो गई हैं, जिससे किसान पूरी तरह बर्बाद हो चुका है उसका सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिया जाए और धान के सरकारी केंद्रों पर माफियाओं का दखल खत्म करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इस दौरान इंदू सिंह, आदेश सिंह, संतोष कुमार, मधुरेश शर्मा, फिरोज खान, अनिरुद्ध राज, राशिराम वर्मा, अवधेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### शब्दवीणा इकाई के ज्ञान बने अध्यक्ष, ऋतुराज सचिव




**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय साहित्यिक, सह-सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की जिला इकाई का रविवार को गठन किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर रश्मि प्रियदर्शनी के अनुमोदन के बाद प्रदेश अध्यक्ष सुरेश फक्कड़ ने जिला इकाई की घोषणा की। नवगठित जिला इकाई में वरिष्ठ कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान को जिला अध्यक्ष और विकास सोनी ऋतुराज को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके अलावा अजय अवस्थी अनुरागी को जिला उपाध्यक्ष, विश्वनाथ विश्व को जिला संगठन मंत्री, अभिषेक ठाकुर अधीर को जिला कोषाध्यक्ष, इशरत सगीर को जिला साहित्य मंत्री इशरत सगीर एवं रीतेश सिंह को जिला प्रचार मंत्री पद का दायित्व सौंपा गया है।

### पुवायां के कवि डॉ. प्रदीप वैरागी को राष्ट्र सचेतक सम्मान



**पुवायां, अमृत विचार :** काव्यामृत पत्रिका के 18 वें अंक के विमोचन एवं अलंकरण समारोह में रविवार को बीसलपुर के आरबीएल इंटर कॉलेज में पुवायां के साहित्यकार कवि और पर्यावरण प्रेमी डॉ प्रदीप वैरागी को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए राष्ट्र सचेतक सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. थम्मन लाल वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर शाहजहांपुर से डॉ. प्रदीप वैरागी, विवेक आस्तिक, विवेक दीक्षित, विवेक प्रताप सिंह, आदर्श कुशवाहा व बरेली से डॉ. महेश कुमार मधुकर, हिमांशु श्रोत्रिय, प्रताप मौर्य, आचार्य दिनेश पाल, भद्रपाल गंगवार, रघुवंश कुमार तिवारी, काव्यामृत पत्रिका डॉ.टीएल वर्मा विकल, केके पाण्डेय, दिनेश आचार्य मौजूद रहे।

# रोजा पावर प्लांट में रोपी गई जामुन और मालश्री की पौध


पौधरोपण के दौरान रोजा पावर के पदाधिकारियों के साथ डॉक्टर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के कई चिकित्सकों ने लिया हिस्सा

**अमृत विचार:** रोजा पावर प्लांट परिसर में सोमवार को एक पेड़ मां के नाम मुहिम के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के कई चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। रोजा पावर प्लांट के परियोजना निदेशक हृदय सिंह तोमर ने चिकित्सकों का स्वागत कर प्लांट की विभिन्न शाखाओं व उनके कार्यों से अवगत कराया।

इस दौरान परियोजना निदेशक ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पेड़-पौधों से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। इनसे मिलीं आक्सीजन हमें जीवित रखती है। साथ ही वायु की गुणवत्ता में सुधार करके, पानी की बचत कर, मिट्टी को बनाए रखकर और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम कर महत्वपूर्ण योगदान भी देते है। कार्यक्रम के तहत जामुन, मालश्री की पौध लगाई गई। कार्यक्रम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से डॉ. संजीव कन्नौजिया, डॉ. रश्मि कन्नौजिया, डॉ. योगेश कौल, डॉ. रोहित चैधरी, डॉ. राकेश दिक्षीत, डॉ. पुनीत टंडन, डॉ. अरविंद वर्मा, डॉ. ब्रजेंद्र सक्सेना, डॉ. दीपा सक्सेना, डॉ. रमाकांत सपरिवार उपस्थित रहे। रोजा पावर की तरफ से परियोजना निदेशक हृदय सिंह तोमर, उमेश यादव, शुवेंदु डे, धर्मेन्द्र सिंह बैस, अरविंद चैरसिया, शरद मिश्रा, चंद्रशेखर, सुरेंद्र सिंह आदि रहे।

## जन शिक्षण संस्थान ने चलाया स्वच्छता अभियान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जन शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में सोमवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सेहरामऊ दक्षिणी में स्वच्छता लक्ष्य इकाई का आयोजन किया गया। आरंभ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. उस्मान अली खां, एडीओ भावलखेड़ा नरायण सिंह, ग्राम प्रधान कटोरी देवी, मनोज कुमार ने किया। कार्यक्रम अधिकारी ओम प्रकाश त्रिपाठी ने स्वयं सेवियों को स्वच्छता शपथ दिलाई। इसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरुक किया। कार्यक्रम में राजन शर्मा, प्रशिक्षक रानी देवी, पूनम मिश्रा, सुनीता, विजय, गीता, रतिराम भारती, राधा देवी, अंजू, जैनव, खुशबू पाल, राम कुमारी, सुरेश, पातीराम, रामनरेश, हरिशरण, चन्दर राठौर, राजेन्द्र प्रसाद रामू, दिनेश, विवेक कुमार वर्मा आदि शामिल रहे।

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RiSAA IVF
Creating life.... completing families.
अब अधूरे सपने होंगे पूरे
निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर
निःशुल्क IVF कैम्प
निःसंतान दम्पत्तियों हेतु
दिनांक : 13 व 27 सितम्बर 2024
दिन शुक्रवार
समय : प्रातः 10:00 से 02 बजे तक

अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
शिविर में उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर
★ परामर्श मुफ्त ★ लैब टेस्ट भारी छूट पर
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 200/- में
विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....
शिविर स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं० 6398018900

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- सिज़ोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।

संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

# दातागंज और हजरतपुर में मलेरिया, बुखार का प्रकोप

## नहीं लग रहे स्वास्थ्य शिविर, ग्रामीणों में पनपा रहा रोष

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- उसहैत के प्रेमी नगला और जटा में दो दर्जन से अधिक लोग बीमार

**अमृत विचार :** तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का पानी खत्म होने के बाद गंदगी ने बीमारियों को जन्म देना शुरू कर दिया है। उसहैत इलाके के दर्जन भर गांवों में सैकड़ों लोग बुखार और मलेरिया की चपेट में हैं, जो स्वास्थ्य शिविर लगने का इंतजार कर रहे हैं। जिला प्रशासन के सख्त निर्देशों के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की नींद नहीं टूटी है।

उसहैत क्षेत्र में चार दिन पूर्व बाढ़ ने कई गांवों को जलमग्न कर दिया। अब बाढ़ का पानी खत्म होते ही एक ओर कटान बढ़ गया है तो दूसरी ओर गंदगी के चलते मच्छरों का प्रजनन तेजी से हो रहा है। गंदगी के कारण कई गांवों में मलेरिया और बुखार के सैकड़ों मरीज सरकारी दवा का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन सामुदायिक केन्द्र म्याऊं और उसावां से अभी तक एक भी स्वास्थ्य शिविर नहीं लगाया गया है। क्षेत्र के गांव असमिया रफतपुर में करीब दो दर्जन ग्रामीण मलेरिया की चपेट में हैं और 50 से अधिक लोग बुखार से तप रहे हैं। इसी तरह कमलैयापुर गांव में बुखार से साठ से अधिक लोग पीड़ित हैं। कई लोग मलेरिया की चपेट में हैं। गांव के किशनवीर का कहना है कि एसडीएम दातागंज ने पिछले दिनों गांव का दौरा किया था। उन्होने गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने की बात कही थी। उसके बाद भी गांव में स्वास्थ्य शिविर नहीं लगाया गया है। जटा के दर्जनों लोग बुखार से पीड़ित हैं। जो झोलाछापों से दवा ले रहे हैं। इस गांव की दुर्दशा बाढ़ में सबसे अधिक हुई है। गांव के झोपड़ीनुमा घरों में सारा सामान खराब हो चुका है। गांव के लोग एक ओर कटान का दंश झेल रहे हैं वहीं बीमारियों से परेशान हैं। जिला प्रशासन ने तटवर्ती गांवों को शिविर लगा कर दवा मुहैया कराने के निर्देश दिए थे जो स्वास्थ्य विभाग ने हवा में उड़ा दिए। नरौरा से सोमवार को गंगा में 62 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

### जिले में डेंगू ने पसारे पैर, मिले 2 मरीज

**सहसवान, अमृत विचार :** जनपद में मलेरिया के बाद डेंगू ने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। सोमवार को डेंगू से पीड़ित दो नए मरीज मिले। नए मरीज मिलने के बाद संख्या 11 हो गई है। उनको जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए बुलेटिन के तहत सोमवार को जनपद भर में 2451 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें 22 लोग मलेरिया से पीड़ित मिले हैं। तथा दो मरीज डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। नए मरीज मिलने के बाद डेंगू से पीड़ितों की संख्या 11 हो गई है। नए मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट पर गौर करें तो जनवरी से अब तक 249638 लोगों के सैंपल लिए गए हैं। जिसमें 2587 मलेरिया के मरीज मिल चुके हैं। तथा 211 में फेल्सीफेरम के लक्ष्य मिले हैं। तथा 11 लोग डेंगू के पीड़ित मिले हैं। इनमें सोमवार को मिले दो मरीज भी शामिल हैं। चिकित्सकों के अनुसार वर्षा के कारण जलजनित रोगों की संभवना भी प्रबल हो गई है। वर्षा के कारण तापमान में गिरावट तो हुई है, वहीं अभी का मौसम मच्छरों के अनुकूल भी हो गया है। इस वजह से मच्छर जनित बीमारियों की संभावना बढ़ गई है। वर्षा के बाद मोहल्लों में जलजमाव के कारण डेंगू व मलेरिया होने की संभावना अधिक है। इसलिए सतर्क रहने की जरूरत है।

# बुखार पीड़ितों की बढ़ी संख्या 550 मरीजों ने कराया इलाज


बुखार के मरीजों को देखते डॉक्टर पंकज सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला अस्पताल में सुबह से लेकर दोपहर तक लगी रही महिलाओं की लंबी कतार

**अमृत विचार :** इन दिनो मलेरिया और टाइफाइड के मरीजों की भीड़ जिला अस्पताल में जुट रही है। सैकड़ों मरीज दवा लेने को आते हैं। गर्मी शुरू होने के कारण एक बार फिर टाइफाइड ने जोर पकड़ लिया है। सोमवार को साढ़े पांच सौ से अधिक मरीजों को दवा दी गयी।

तीन से दिन से तेज गर्मी और उमस में बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गयी है। बुखार के साथ ही मलेरिया और टाइफाइड ने भी जोर पकड़ लिया है। गंभीर मरीजों को भर्ती भी किया जा रहा है। सोमवार को जिला अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ रही। ओपीडी के बाहर मरीजों में धक्का मुक्की होती रही

आज मलेरिया के 73 मरीजों को दवा दी गयी। जबकि टाइफाइड के 134 और साढ़े तीन सौ मरीज बुखार के देखे गए। इन मरीजों के अतिरिक्त भी मरीज आए जिन्हें देर होने के कारण दवा नहीं मिल सकी।

जिला अस्पताल में सोमवार को भारी भीड़ रहती है। भीड़ अधिक होने के कारण डॉक्टरों को दिक्कत होती है।

डॉक्टर पंकज सिंह ने बताया कि जब तक धूप गर्मी और उमस रहेगी तब तक बुखार के साथ टाइफाइड भी जोर पर रहेगा। चार पांच दिन से गर्मी तेज होने के कारण टाइफाइड बढ़ गया है। गंदगी के चलते मलेरिया बीमारी बड़े स्तर पर शुरू हो चुकी है। यहां कुछ मरीज आए हैं जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मलेरिया के मरीजों को दवा दी जा रही है।

# पशु चिकित्सा विभाग जिले में चलाएगा बधियाकरण अभियान

**बदायूं, अमृत विचार:** हिंसक होने की वजह से हमलावर हो रहे गोवंशों को रोकने के लिए पशुपालन विभाग बधियाकरण अभियान चलाएगा। जिसके लिए टीमों को गठित किया जा रहा है। जिस क्षेत्र में अधिक घटनाएं सामने आ रहीं हैं, वहां से अभियान की शुरूआत की जाएगी। टीमें ग्रामीणों के सहयोग से पशुओं को पकड़कर बधियाकरण करेंगी। साथ ही गोशाला में लाकर उन्हें संरक्षित भी किया जाएगा।

शहर सहित देहात क्षेत्र में सैकड़ों आवारा गोवंश घूम रहे हैं। यह न सिर्फ फसलें नष्ट कर रहे बल्कि हिंसक होने पर हमला भी कर दे रहे हैं। सीवीओ समयदर्शी सरोज ने बताया कि बधियाकरण से नर पशु का पुरुषार्थ खत्म और उसकी शक्ति क्षीण हो जाती है। इसके बाद वह हिंसक प्रवृत्ति नहीं अपनाता।। इससे आए दिन होने वाली जनहानि की घटनाओं से रोक लगेगी, साथ ही वंशावृद्धि भी रुकेगी।

# अत्याचार बढ़ने पर अवतार लेते हैं भगवान

संवाददाता, बिल्सी


भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनती महिलाएं। ● अमृत विचार

- भागवत के चौथे दिन आचार्य ने सुनाई कृष्ण जन्म की कथा
- महिलाओं ने भक्ति में लीन होकर कथारस का लिया आनंद

**अमृत विचार :** नगर के बालाजी धाम के तत्वावधान में ज्वाला प्रसाद जैन स्कूल में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री रामचन्दाचार्य जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई। जिसे सुनकर सभी श्रोता भक्ति में लीन हो गए। उन्होंने श्री कृष्ण से संस्कार की सीख लेने की बात कही। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण स्वयं जानते थे कि वह परमात्मा हैं। उसके बाद भी वह अपने माता पिता के चरणों को प्रणाम करने में कभी संकोच नहीं करते थे। श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से कथावाचक ने पहले धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने कहा कि जब-जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ा है, तब-तब प्रभु का अवतार हुआ है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब धरा पर मथुरा के राजा कंस के अत्याचार अत्यधिक बढ़ गए, तब धरती की करुण पुकार सुनकर श्री हरि विष्णु ने देवकी माता के अष्टम पुत्र के रूप में भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लिया। इसी प्रकार त्रेता युग में लंकापति रावण के अत्याचारों से जब धरा डोलने लगी तब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने जन्म लिया, ऐसे तमाम प्रसंग श्रोताओं को सुनाएं, जिसे सुनकर उपस्थित श्रोता भक्ति भाव में तल्लीन हो गए। इस मौके पर महंत मटरूमल शर्मा महाराज, शांतिदेवी शर्मा, प्रदीप शर्मा, संजीव शर्मा, यश भारद्वाज, आचार्य हरीओम शर्मा, राजीव शर्मा, नरेंद्र गरल, दीपक माहेश्वरी, चारु सोमानी, डा.राजाबाबू वार्ष्णेय, विशाल भारत, स्वतंत्र राठी, सुनील माहेश्वरी, बनवारी लाल शर्मा, मुकेश गुप्ता, पुष्कीन माहेश्वरी, रंजन माहेश्वरी, जितेंद्र कुमार, राजेश कुमार, प्रवीण वार्ष्णेय, आशीष वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम और ब्लॉक प्रमुख ने बांटी सामग्री

बाढ़ राहत सामग्री

संवाददाता, दातागंज


बाढ़ राहत सामग्री बांटते ब्लाक प्रमुख अतेन्द्र विक्रम सिंह व एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक राजीव कुमार सिंह के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम के साथ ब्लाक प्रमुख अतेन्द्र विक्रम सिंह व उपजिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने रामगंगा पार गांवों में बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री किटों का वितरण किया।सोमवार को एसडीएम के साथ ब्लाक प्रमुख अतेन्द्र बिक्रम सिंह बाढ़ ग्रस्त गांव कुन्डरा मजरा, शेरपुर व मौजमपुर आदि गांवों में बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे । ब्लाक प्रमुख अतेन्द्र विक्रम सिंह व उपजिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने लोगों की समस्याओं को सुनकर कहा कि इस आपदा की घड़ी में हर पीड़ित व्यक्ति योगी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है। आज हम लोग विधायक के अथक प्रयासों के चलते बाढ़ राहत सामग्री को लेकर आपके बीच आए हैं। कहा कि बाढ़ में जो भी क्षति हुई है उसको मदद पहुंचाने की कोशिश की जाएगी।इस दौरान उनके साथ नगर मंडल अध्यक्ष राजीव सिंह तोमर, देवेश तोमर, तपन कुमार सिंह प्रधान आदि रहे।

## अस्पताल आ रहे मरीज दवा बाजार से ले रहे

**उझानी, अमृत विचार :** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीज को दवा के नाम पर दो चार टेबलेट दिए जाते हैं ज्यादातर दवाएं बाजार की लिखी जाती हैं। बाजार की महंगी दवाएं मरीज नहीं खरीद पा रहे हैं जिससे वह और अधिक बीमार होते जा रहे हैं। सरकारी चिकित्सकों के इस खेल से आम आदमी परेशान हो रहा है। डॉक्टरों की मनमानी के चलते मरीजों को अस्पताल से दवाएं नहीं मिल रही हैं।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर हर रोज सैकड़ों मरीज बुखार टाइफाइड की दवा व अन्य बीमारियों की दवा लेने को आते हैं। यहां के डॉक्टर अस्पताल से दो चार गोली देते हैं जबकि बाजार से लाने को अनेकों दवाएं लिखी जाती हैं जो महंगी होती है और मरीज उन्हें खरीद नहीं पाता है। यह नित्य का चलन होने से ग्रामीण भी बाजार से दवा लेने को अभ्यस्त हो गये हैं।

# बंद पड़ी पोषाहार निर्माण यूनिट, कुपोषण से जूझ रहे हजारों बच्चे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कई माह से नहीं मिल सका है बच्चों को पोषाहार
- जिले में 11 हजार से अधिक बच्चे की स्थिति अत्यंत गंभीर

**अमृत विचार:** कुपोषित बच्चों को पोषित बनाने के लिए जिले में किए जा रहे प्रयास कागजों तक सीमित हैं। न उन्हें पोषाहार मिल पा रहा है और न ही उन्हें गर्म खाना। यहां तक गेहूं, चावल, दाल तथा तेल भी वितरण ठीक से नहीं हो रहा है। यही कारण कि जिले में 30 हजार से अधिक बच्चे कुपोषण से जंग लड़ रहे हैं। जिसमें 13 हजार से अधिक बच्चों की स्थिति अत्यंत गंभीर है। इनमें से कई का इलाज जिला अस्पताल में बने पोषण पुनर्वास केंद्र में उपचार चल रहा है।

> जिले के 204 आंगनबाड़ी केंद्रों पर हॉट कुक्ड नहीं बन रहा है। म्याऊं की यूनिट से पोषाहार प्राप्त न होने की वजह से बच्चों में वितरण नहीं हो पा रहा है। इसके लिए डीसी एनआरएलएम को पत्र भेजा है। शहरी क्षेत्र में अगर आंगनबाड़ी केंद्रों पर हॉट कुक्ड नहीं बन रहा है। इसकी निरीक्षण के दौरान जांच की जाएगी।
> –पीके सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी

जिले में 2940 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनमें 3,29,550 बच्चे पंजीकृत हैं। इन सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत बच्चों की लंबाई, और वजन कर स्वास्थ्य की जांच कराई जाती है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक पिछले महीनों के दौरान बच्चों का आंगनबाड़ी केंद्रों पर वजन कराया गया। जिसमें चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए थे। जिसमें 13540 बच्चे कुपोषण, 4402 बच्चे गंभीर अति कुपोषित तथा 11445 बच्चों की स्थिति अत्यंत गंभीर है। इनमें से मात्र 15 से 20 बच्चों का ही इलाज जिला अस्पताल में बने पोषण पुनर्वास केंद्र में उपचार चल रहा है। इन बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों से फोर्टीफाइड न्यूट्री मीठा दलिया दिया जाता है। परंतु फंड न मिलने के अभाव में ब्लॉक म्याऊं में स्थित पोषाहार बनाने वाली यूनिट बंद चल रही है। ऐसा होने से करीब तीन से अधिक केंद्रों पर फोर्टीफाइड न्यूट्री मीठा दलिया नहीं पहुंच पा रहा है। इसके लिए विभाग द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की है। वहीं दूसरी ओर 204 आंगनबाड़ी केंद्र जो परिषदीय स्कूलों से बाहर चल रहे हैं। उनमें हॉट कुक्ड नहीं बन रहा है। ऐसी ही स्थिति शहरी क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों की भी है। शहरी क्षेत्र में 80 प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्र वर्कर्स के घरों में संचालित हो रहे हैं। जगह के अभाव में वहां पर हॉट कुक्ड प्रभावित है। यह स्थिति तब है जब हर माह आंगनबाड़ी केंद्रों पर हॉट कुक्ड के लिए धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। यह स्थिति तब है जब परियोजना अधिकारी के साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा समय समय पर आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण किया जाता है। उनके द्वारा आंगनबाड़ी वर्कर्स के लिए योजना के अनुसार कार्य करने के लिए दिशा निर्देश दिए जाते हैं। इसके बाद भी हालातों में सुधार नहीं हो रहा है।

### समूह की महिलाएं संचालित कर रहीं पोषाहार यूनिट

आंगनबाड़ी केंद्रों पर हर माह फोर्टीफाइड न्यूट्री मीठा दलिया का वितरण किया है। जिसका निर्माण स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जाता है। जिले के पांच ब्लॉक म्याऊं, दातागंज, सालारपुर, उझानी और अंबियापुर में यूनिट लगी है। इन यूनिटों पर फंड के अभाव में पोषाहार बनाने का काम रुक जाता है। ऐसी ही स्थिति म्याऊं में बंद पड़ी यूनिट की है। हालांकि एनआरएलएम डीसी ब्रजेश शुक्ला का कहना है कि यूनिट शुरू करा दी गई है। जल्द ही केंद्रों पर पोषाहार पहुंचने लगेगा।

## एक नजर

### गांधी जयंती पर होगी क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता

**बदायूं, अमृत विचार :** गांधी जयंती पर क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। कीडाधिकारी अमित रिछारिया ने बताया कि गांधी जयन्ती के उपलक्ष्य में पुरूष व महिलाओं की क्रास कन्ट्री प्रतियोगिता होगी। पुरुषों के बीच 05 किमी एवं महिलाओं के बीच 03 किमी दौड प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्टस स्टेडियम किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किये जायेगें।

### गंगाघाट पर मिला वृद्ध का शव

**कछला, अमृत विचार :** गंगा घाट पर कई दिनों से एक 65 वर्षीय वृद्ध पड़ा था। जो काफी बीमार था। जिसकी सोमवार को मृत्यु हो गई। जिसकी सूचना घाट पर स्थित लोगों के द्वारा चौकी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंचे उप निरीक्षक संजय कुमार सिरोही ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर शव को शिनाख्त हेतु मोर्चरी में रखवा दिया है। जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

# रिश्वत लेते पकड़ा नगर पालिका लिपिक

## मीट व्यापारी को एनओसी देने के लिए थे आठ हजार, एंटी करप्शन टीम ने किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


मुशाहिद अली, आरोपी कनिष्ठ लिपिक।

- आरोपी को पकड़ कर सिविल लाइन कोतवाली ले आई पुलिस रिपोर्ट दर्ज, निलंबित

**अमृत विचार :** एंटी करप्शन की टीम ने नगर पालिका के कनिष्ठ लिपिक को 8 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। लिपिक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पालिका अध्यक्ष ने कनिष्ठ लिपिक को तत्काल निलंबित कर दिया है। लिपिक ने मीट की दुकान खोलने के लिए व्यापारी द्वारा मांगे गये अनापति प्रमाण पत्र देने के लिए 20 हजार रुपये घूस मांगी थी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नाहर खां सराय निवासी अरसलान खान पुत्र जमीरउल हसन व्यापारी हैं। उन्होंने मीट की दुकान खोलने के लिए नगर पालिका परिषद में आवेदन कर एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) मांगी थी। नगर पालिका परिषद कार्यालय में तैनात कनिष्ठ लिपिक व मोहल्ला शहबाजपुर में टिकटगंज मार्ग निवासी मुशाहिद अली ने एनओसी के एवज में 20 हजार रुपये की मांग की। व्यापारी ने इतने रुपये देने में असमर्थता जताई लेकिन कनिष्ठ लिपिक उनपर पूरे रुपये देने का दवाब बना रहा था। लिपिक ने रुपये देने के बाद ही काम होने की बात कही। मामला 8 हजार रुपये में तय हुआ। व्यापारी ने कनिष्ठ लिपिक को सबक सिखाने के लिए बरेली की एंटी करप्शन के सीओ यशपाल सिंह से शिकायत की। रुपये मांगने संबंधी साक्ष्य भी दिखाए। सीओ ने ट्रैप टीम प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सान्याल के नेतृत्व में टीम बदायूं भेजी।

टीम ने सोमवार सुबह जाल बिछाया और अरसलान खान को 8 हजार रुपये देकर नगर पालिका में कनिष्ठ लिपिक के पास भेजा। कनिष्ठ लिपिक ने व्यापारी से रुपये अपने हाथ में लिए वैसे ही टीम ने उसे सुबह 11 बजकर 46 मिनट पर रंगे हाथ पकड़ लिया। गाड़ी में बैठाकर अपने साथ सिविल लाइन कोतवाली ले गई। जहां निरीक्षक की तहरीर पर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके टीम बरेली ले गई है। एंटी करप्शन की टीम की सितंबर महीने में यह दूसरी कार्रवाई है। इसके पहले 10 सितंबर को जिला लेखा परीक्षा अधिकारी समितियां एवं पंचायत के ज्येष्ठ लेखा परीक्षक संदीप कुमार भारती को टीम ने पकड़ा था। निरीक्षक ने नंबर जारी करके बताया है कि भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतें मोबाइल नंबर 9454405475 और 9454401653 पर कर सकते हैं।

> समाचार के माध्यम से मीट के लाइसेंस की एनओसी के लिए कर्मचारी के पकड़े जाने की जानकारी हुई थी। रिश्वत लेना नियमों के खिलाफ है। जिसके चलते कनिष्ठ लिपिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। जलकल अभियंता सतीश कुमार को जांच अधिकारी नियुक्त किया है।
>
> – **फात्मा रजा**, चेयरमैन, नगर पालिका परिषद,

> नगर पालिका परिषद के कर्मचारी के रुपये मांगने की शिकायत मिली थी। कर्मचारी को रुपये लेते रंगे हाथ पकड़ा है। सिविल लाइन कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शिकायत पर कार्रवाई जारी रहेगी।
>
> – **यशपाल सिंह**, सीओ, एंटी करप्शन, बरेली।

## पत्नी को बुलाने ससुराल गए युवक को पीटा

**बिल्सी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव गुधनी में सोमवार को अपनी ससुराल में पत्नी को बुलाने आए

युवक की ससुराल वालों ने जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गए। जिसको लेकर पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। उसने बताया कि वह 23 सितंबर को बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव गुधनी में अपनी ससुराल से पत्नी को बुलाने के लिए गया था। जहां पर ससुराल वालों से कहासुनी हो गयी। उसके बाद वह लोग झगड़ा करने को उतारु हो गए। जब उसने इसका विरोध किया तो उसकी लात-घूंसों से जमकर पिटाई कर दी। साथ ही उसकी जेब में रखे करीब 50 हजार रुपए निकाल लिए। रज्जाक ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है।

# संपन्न लोगों को मिल रहे फ्री राशन पर लगाई रोक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 4 हजार से ज्यादा मृतकों के नाम सूची से बाहर किए
- केवाईसी के दौरान सामने आ रहे हैं मामले


**अमृत विचार:** पूर्ति विभाग द्वारा कार्डधारकों की कराई जा रही ई-केवाईसी में नए नए खुलासे हो रहे हैं। हर माह मृतक भी फ्री राशन ले रहे हैं। इसके अलावा ऐसी महिलाएं हैं जो अपने पति को मृतक दिखाने के बाद न सिर्फ फ्री राशन ले रही थीं, बल्कि उनके द्वारा विधवा पेंशन का भी लाभ लिया जा रहा था। योजनाओं का लाभ लेने वाले ऐसे चार हजार से अधिक कार्ड धारकों के नाम सूची से हटाए गए हैं।

जिले में करीब 5.45 लाख राशन कार्डधारक हैं। हैं। इनकी पूर्ति विभाग द्वारा ई-केवाईसी कराई जा रही है। अब तक करीब 49 प्रतिशत कार्डों की ई-केवाईसी हो चुकी है। विभाग के अनुसार अब तक करीब 11 लाख 25 हजार 749 यूनिट की ई-केवाईसी हो चुकी है। अब तक हुई ई-केवाईसी में चौंकाने वाले मामले सामने आ रहे हैं। करीब चार हजार से अधिक मृतकों का नाम परिजनों द्वारा राशन कार्ड से नाम नहीं कटवाया गया। तीन हजार से अधिक ऐसे लोगों के नाम भी सामने आए हैं जो साधन संपन्न हैं। पक्का घर, चार पहिया वाहन सहित कृषि योग्य अच्छी जमीन भी है। ऐसे कार्डधारकों को मिलने वाले फ्री राशन पर रोक लगा दी गई है।

> आयकर दाताओं के साथ ही चार हजार से अधिक मृतकों के नाम सामने आए हैं। उनकी पत्नियां दोहरा लाभ ले रही हैं। मृतक पति के नाम पर बने राशन कार्ड से फ्री राशन के साथ उनके द्वारा विधवा पेंशन का भी लाभ लिया जा रहा था। इन सभी का राशन कार्ड सत्यापन के बाद निरस्त किया जा रहा है।
>
> – **रमन मिश्रा**, जिला पूर्ति अधिकारी

# ऑनलाइन ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


सदर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में ठगी करने का आरोपी। ● अमृत विचार

- साल 2022 में व्यापारी से की थी 11.92 लाख रुपये की ठगी
- कई राज्यों के व्यापारियों को शिकार बना चुका है आरोपी

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने अंतर्राज्यीय ठगी करने वाले युवक का गिरफ्तार कर लिया है। वह बदायूं के अलावा कई जिले व राज्यों में लोगों को ठगी का शिकार बना चुका है। उसके खिलाफ बदायूं के अलावा राजस्थान और दिल्ली में मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

मूल रूप से असम के गुवाहाटी के सेंजू नगर निवासी राजवीर उर्फ हरविंद सिंह पुत्र मोहिंदर सिंह वर्तमान में दिल्ली के निहाल बिहार थाना क्षेत्र की कॉलोनी चंदन विहार में रह रहा है। उसने शहर के नेहरू चौक निवासी मैसर्स भारद्वाज रोप स्टोर फर्म के मालिक व मोहल्ला चौबे निवासी गौरव भारद्वाज के साथ ठगी की थी। फर्म के मालिक को असम से फूल झाड़ का कच्चा माल सप्लाई करने के लिए ऑनलाइन फार्म भरवाया और 11 लाख 92 हजार 500 रुपये की ठगी कर ली। फर्म के मालिक ने 2022 में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद भी राजवीर कोर्ट उपस्थित नहीं हुआ था। बदायूं के अलावा दिल्ली व अन्य राज्यों की पुलिस भी उसकी तलाश में थी। वह दिल्ली में नाम बदलकर रह रहा था। पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि वह राजस्थान बिहार सहारनपुर आंध्र प्रदेश दिल्ली में भी छह लोगों से लगभग 13 लाख की ठगी कर चुका है। पुलिस ने उससे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने फर्जी जीएसटी नंबर लिया था। वह फूल झाड़ू का कच्चा माल सप्लाई कराने के नाम पर कई राज्यों के व्यापारियों से ठगी कर चुका है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि लगभग दो साल पहले एक व्यापारी से ठगी हुई थी। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी।

## तीन माह में कैसे पूरी होंगी 649 परियोजनाएं

**बदायूं, अमृत विचार:** परियोजना ग्रामीण पाइप पेयजल मिशन योजना लाख प्रयासों के बाद भी रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है। अब तक 50 प्रतिशत परियोजनाएं पूर्ण नहीं हो सकी हैं। जबकि शासन से निर्धारित समय तीन माह का बचा है। कछुआ चाल पर किए जा रहे काम पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए जेती से कार्य कराने के निर्देश जल निगम को दिए हैं।

जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने सोमवार को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान

अधिशासी अभियंता जल निगम नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया है कि जनपद में 857 परियोजना ग्रामीण पाइप पेयजल मिशन योजना अंतर्गत कराई जानी है। जिनमें से 208 पूर्ण हो गई है तथा 169 में हर घर जल प्रमाणित भी हो गया है। कहा कि सभी परियोजनाओं को दिसंबर 2024 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

# महिला की मौत, मायके वालों ने चिता से हटवाया शव

संवाददाता, बिनावर/विजय नगला


पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद महिला का मायका पक्ष।

- थाना बिनावर क्षेत्र के गांव करतोली निवासी पूजा की सोमवार को हुई थी मौत
- पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम, शरीर में खून की कमी और पस पड़ने से हुई थी मौत

**अमृत विचार :** बच्चे को जन्म देने के बाद प्रसूता की हालत बिगड़ गई। उसे बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान सोमवार को महिला की मौत हो गई। ससुरालीजन गांव के पास अंतिम संस्कार कर रहे थे। सूचना मिलने


मृतक पूजा।

मिलने पर मायका पक्ष पहुंचा और हंगामा किया। पुलिस मौके पर पहुंची। मायका पक्ष को समझाया। शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें महिला की मौत शरीर में खून की अत्यधिक कमी और फेफड़ों में पस पड़ने से होने की बात सामने आई है।

जिला कासगंज के थाना सोरों क्षेत्र के गांव ताली निवासी नन्हें पुत्र गेंदालाल की बेटी पूजा (24) की शादी लगभग तीन साल पहले थाना बिनावर क्षेत्र के गांव करतोली निवासी छोटे पुत्र कल्लू के साथ हुई थी। नन्हें के अनुसार बेटी के ससुरालीजनों ने कुछ दिन पहले उन्हें फोन करके सूचना दी थी कि उनकी बेटी को खुशी होने वाली है। फिर रविवार को बताया कि पूजा ने मृत नवजात को जन्म दिया है। डिलीवर के बाद उसके हालत बिगड़ गई है। उसे बरेली के निजी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। जहां इलाज के दौरान सोमवार को पूजा की मौत हो गई। ससुरालीजन शव घर ले आए। आरोप है कि ससुरालीजनों ने मायका पक्ष को जानकारी नहीं दी। दोपहर लगभग एक बजे गांव के पास श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया जा रहा था। किसी ग्रामीण की सूचना पर पूजा के मायकेवाले मौके पर पहुंच गये और हंगामा करने लगा। शव को चिता से हटवाया। पूजा के पिता ने बिनावर पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक प्रवेज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मायका पक्ष को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला की मौत हुई थी। मायका पक्ष आरोप लगा रहा था। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गेम खेलने को लेकर विवाद फायरिंग कर फैलाई दहशत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- चामुंडा चौराहे पर सोमवार शाम छह बजे हुई फायरिंग, तीन भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** गेम खेलने को लेकर दो पक्षों के विवाद हो गया। दोनों पक्ष में जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष के लोगों ने सरेशाम फायरिंग करके दहशत फैला दी। लोगों ने भागकर अपने जान बचाई। पास की दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हो गई है। पुलिस ने तीन सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया है कहीं फायिरंग नहीं हुई है।

मामला कोतवाली सदर क्षेत्र के चामुंडा चौराहे पर सोमवार शाम लगभग छह बजे का है। बताया जा रहा है कि रविवार को आरिश और राहुल के बीच पबजी गेम खेलने के लेकर विवाद हुआ था। लोगों ने मामला शांत करा दिया था। सोमवार को भी दोनों में झगड़ा हुआ और मारपीट हुई। आरोप है कि राहुल पक्ष ने फायरिंग शुरू कर दी। आरिश भाग गए। गोली की आवाज सुनकर लोग इधर-उधर भागने लगे। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। घटना पास में लगे कैमरे में कैद हो गई। आरिश ने राहुल और उसके भाई रॉकी और शालू के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### इग्नू में 30 सितंबर तक होंगे नामांकन

**बदायूं, अमृत विचार :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई सत्र के लिए नामांकन तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 30 सितंबर तक नामांकन ले सकते हैं। इससे पहले, अंतिम तिथि एक सितंबर थी, जिसे बढ़ाकर 10 सितंबर कर दिया गया था। फिर 10 से 20 सितंबर तक किया गया। प्राचार्य डॉ नरेन्द्र कुमार बत्रा ने बताया कि इग्नू पाठ्यक्रम के लिए अब फिर से नामांकन तिथि बढ़ा कर 30 सितंबर कर दी गई है। ऑनलाइन और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) मोड के माध्यम से विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन ले सकते हैं। वेबसाइट वेबसाइट www.ignou.ac.in पर जाकर नामांकन ले सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय का अध्ययन केंद्र वर्ष 2017 से लगातार परीक्षा केंद्र बनाया जा रहा है।

# साले की पत्नी को लेकर लौट रहे युवक की मौत


हादसे के बाद घायल को राजमार्ग पर किनारे करते राहगीर। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिनावर/विजय नगला

**अमृत विचार :** साले की पत्नी को विदा कराकर वापस लौट रहे युवक की बाइक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। चालक ट्रक लेकर भाग गया। बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

हादसा बरेली-मथुरा राजमार्ग पर थाना बिनावर क्षेत्र में मलगांव रेलवे क्रासिंग के पास हुआ। बिनावर क्षेत्र के गांव खगाई निवासी मुबारक अली और दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव सुखौरा निवासी सरताज अली अपने साले की पत्नी को लेने बाइक से गए थे। वापसी में वह दोनों एक बाइक और साला और उसकी पत्नी दूसरी बाइक से वापस लौट रहे थे। मलगांव रेलवे क्रासिंग के पास ट्रक ने मुबारक अली की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मुबारक अली की मौके पर मौत हो गई जबकि सरताज अली गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। दोनों युवकों को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने मुबारक अली को मृत घोषित कर दिया जबकि सरताज अली का इलाज चल रहा है। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। राहगीरों ने बताया कि राजमार्ग की मरम्मत की वजह से एक साइड बंद कर दी गई है। दोनों ओर से ही वाहन आ और जा रहे हैं। जिसकी वजह से हादसा हुआ है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

## राजमार्ग पर सड़क हादसे में युवक की मौत, एक घायल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बरेली-मथुरा राजमार्ग पर रविवार देर रात किसी वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर शनिवार देर रात सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बिनावर जाते समय किसी वाहन ने बाइक सवार दोनों युवकों को टक्कर मारी थी।। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। नवादा पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों युवकों को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गई। जहां चिकित्सक ने एक युवक की मौत की पुष्टि कर दी जबकि घायल को भर्ती किया गया है। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ा नवादा निवासी मुकेश कश्यप अपने गांव निवासी चंद्रमोहन के साथ बाइक से बिनावर जा रहे थे। शहर से बाहर निकलते ही बारह पत्थर के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों युवक राजमार्ग पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों युवकों को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने चंद्रमोहन के मौत की पुष्टि कर दी। मुकेश कश्यप को भर्ती किया गया है। कुछ देर के बाद परिजन चीत्कार करते हुए पहुंच गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बाइक को टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

### सोरहा में सात दिनी श्राद्ध मेला आज से

**करियामई, अमृत विचार :** विकासखंड इस्लामनगर की ग्राम पंचायत सोरहा में प्राचीन शिव मंदिर एवं खाटू श्याम मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्राद्ध पक्ष का सात दिवसीय मेला 24 सितम्बर से शुरू हो रहा है। यह मेला 30 सितंबर तक चलेगा।

## दबंगई के बल पर कब्जा करके जमीन पर निर्माण का आरोप

**मुजरिया, अमृत विचार :** कोर्ट में विचाराधीन होने के बाद भी दबंगई के बल पर जमीन पर जबरन कब्जा कर निर्माण करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन होने का हवाला देते हुए प्रशासन से निर्माण रुकवाने की मांग की है।

थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव कटैया केसर निवासी रामवीर सिंह पुत्र महाराज सिंह ने एसडीएम को शिकायत देते हुए बताया है कि गांव की आबादी और ग्राम पंचायत की जमीन का मामला कोई में विचाराधीन है लेकिन गावं निवासी एक युवक जमीन पर जबरन निर्माण कार्य करा रहा है। बताया कि उन्होंने पुलिस और प्रशासन से जमीन पर कब्जे की शिकायत की लेकिन आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। शिकायत करने पर पुलिस गांव आती तो काम रुक जाता है लेकिन बाद में फिर से निर्माण शुरू कर दिया जाता है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया गया है।

### गंगा घाट पर मिला बुजुर्ग का शव, नहीं हुई पहचान

**कछला, अमृत विचार :** उझानी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा कछला के वार्ड तीन के गंगा घाट पर एक बुजुर्ग का शव मिला। लोगों के अनुसार वह कई दिनों से घाट पर पड़ा था और दर्द से कराह रहा था। बुजुर्ग की उम्र 60 साल से ज्यादा है। वह हरे रंग की छींटदार शर्ट पहने हुए है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुराना नाम डॉक्यूमेंट में Moeen Rajaa S/o Mukeem Uddin Khan है। मैं फरीदपुर मिर्धान मोहल्ला का निवासी लेकिन मेरे नाम की स्पेलिंग में त्रुटि होने के कारण मैं अपने नाम की स्पेलिंग को ठीक करवाना चाहता हूँ जो Moin Raja होगा।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र रवि व पुत्रबधु बरखा को गलत चाल चलन के कारण उन्हे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। मै व मेरा परिवार उनके किसी कृत्य व लेनदेन का जिम्मेदार नहीं होगा। **सूरजमुखी पत्नी दीनानाथ, नि. हनुमान मंदिर के पास, संजयनगर, थाना बारादरी, बरेली।**

**आवश्यकता है**

अस्थाई रूप से
**चेतना सेवा संस्थान टी आई बरेली**
में
**परामर्शदाता 1 पद**
योग्यता MA समाजशास्त्र/MSW
मानदेय 16000+यात्रा भत्ता
कम से कम एक वर्ष का अनुभव
आवश्यक है-दो पहिया वाहन और ड्राइविंग लाइसेंस
**4 आउट रीच वर्कर**
योग्यता-ग्रेजुएट
मानदेय 10500+यात्रा भत्ता
कम से कम 1 वर्ष का अनुभव।
आवश्यक है-दो पहिया वाहन और ड्राइविंग लाइसेंस
प्रत्यक्ष रूप या डाक से आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28.09.2024 शाम 5 बजे तक
Email : bareilly.chetna@gmail.com
पता : 12 नवादा शेखान निकट गुप्ता कार बाजार, पीलीभीत बाइपास रोड बरेली 243004
संपर्क : 8799261418, 7018236674

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# पंजाब और हरियाणा की तर्ज पर हो रहा खनन

संवाददाता, ओरछी

- जमीन के नीचे सुरंग और ऊपर लोहे के एंगल लगाए
- रेलवे स्टेशन के पास जंगल में हो रहा खनन

**अमृत विचार :** खनन माफियाओं ने विभाग से बचने को नया तरीका अपनाया है। पंजाब और हरियाणा की तर्ज पर काम करने वाले खनन माफिया हर दिन हजारों की कमाई कर रहे हैं। स्थानीय पुलिस से सांठगांठ के दम पर दूसरे जिलों के खनन माफिया हावी हैं।

पुलिस से बेखौफ खनन माफियाओं ने पंजाब और हरियाणा की तर्ज पर काम करना शुरू कर दिया है। अब खनन माफिया ने सिसरका रेलवे स्टेशन के समीप जंगल में जमीन के नीचे सुरंग बना ली हैं। ऊपर लोहे के एंगल लगा दिए हैं। उस पर ट्रैक्टर से मिट्टी खींचते हैं जिससे ट्राली को नीचे खड़ा करके मिनटों में मिट्टी भर लेते हैं। इस विधि से खनन माफियाओं को जेसीबी मशीन की भी जरूरत नहीं होती है। रात को दर्जनों मिट्टी भरी ट्रालियां गांव के बीचों बीच से गुजरती हैं। फर्राटे से दौड़ती मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्राली किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा रही हैं। सिसरका व ओरछी में हो रहे अवैध खनन करने का सारा जिम्मा जनपद संभल के एक खनन माफिया पर है। कासगंज में कादरचौक से गंगा की बालू का अवैध खनन जारी है। पुलिस देखते हुए भी अनजान बनी है।

## पुलिस ने बिना कार्रवाई के छोड़ दी खनन कर ला रही ट्रैक्टर ट्राली

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव कसेर पनोटा में बिना परमिशन के मिट्टी खनन का धंधा चल रहा है। मिट्टी खनन ला रही एक ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने पकड़ने के बाद बिना कार्रवाई के छोड़ दिया। पनौटा निवासी कुछ ग्रामीणों के द्वारा ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी खनन कर ला रहे थे। ट्राली को थाना पुलिस ने पकड़ लिया। पूछने पर किसानों ने बताया कि वह अपने खेत से मिट्टी की खुदाई कर ला रहे हैं। जिसे पशुओं के नीचे डाला जाएगा। थाना पुलिस ट्रैक्टर ट्राली को थाने ले आई। इसके कुछ देर बाद बिना कार्रवाई के जाने दिया। इस संबंध में दरोगा सोवीर सिंह ने बताया कि किसान खेत से मिट्टी ला रहे थे। खनन करने वाले समझ कर पकड़ा था। पूरी जानकारी होने पर उन्हें छोड़ दिया गया।



## एक नजर

### अध्यक्ष फात्मा रजा ने सफाई कर्मचारी के पद पर की नियुक्ति



**बदायूं, अमृत विचार** : नगर पालिका परिषद के बैकलॉग सफाईकर्मी महेंद्र सिंह राठौर की मौत हो गई थी। मृतक आश्रित में उनकी पत्नी अंशू राठौर को बैकलॉक सफाईकर्मी के पद पर तैनाती दी गई है। सोमवार को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष फात्मा रजा ने अंशू राठौर को नियुक्ति पत्र दिया। पत्र पाकर अंशु और परिजन खुश दिखे। इस मौके पर सभासद पति छोटा, सभासद मुकेश साहू, वाहिद अली, मुख्य सफाई निरीक्षक मोहम्मद तैय्यब, राजस्व निरीक्षक लवी कुमार, कार्यालय अधीक्षक खालिद अली खां आदि रहे।

# भाकियू ने सीएमओ कार्यालय पर किया प्रदर्शन

## अवैध अस्पताल और अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर हो रही वसूली पर जताया आक्रोश, नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : जिले में बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे अस्पताल और अल्ट्रासाउंड सेंटरों की शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं होने से क्षुब्ध भाकियू अराजनैतिक ने सीएमओ कार्यालय में घुस हंगामा किया। सीएमओ मुर्दाबाद के नारे लगाए। जिसके बाद कार्यालय के अंदर अधिकारी कर्मचारी इधर उधर खिसक लिए। बाद में किसान सीएमओ कार्यालय पर दरी बिछा कर बैठ गए,जिले में कई सौ प्राइवेट अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के अवैध रूप से चल रहे हैं जिनमें कई बार मौतें तक हो चुकी हैं। हर बार हंगामा होता है। पीड़ित पर दबाव बना कर समझौता करा दिया जाता है। आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार इन अवैध अस्पतालों से हर महीना जमकर अवैध वसूली करते हैं। अवैध रूप से पैथोलॉजी लैब और अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहे हैं। इनकी शिकायत पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। झोलाछापों की शिकायत करने पर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार नोटिस देकर अपना काम कर लेते हैं। झोलाछापों को डरा धमका कर उनसे अवैध वसूली कर दुकान चलाने की छूट देते हैं जिससे हर गांव, हर कस्बा, और हर चौक चौराहे पर झोलाछापों की बड़ी बड़ी दुकानें चल रही हैं। इन्हीं समस्याओं को लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक असली के जिला अध्यक्ष केपी सिंह राठौर के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता झंडा और डंडा लेकर दोपहर को सीएमओ कार्यालय में घुस गए। सीएमओ मुर्दाबाद, एसीएमओ मुर्दाबाद, डा. कौशल गुप्ता मुर्दाबाद, आदि



सीएमओ कार्यालय में नारेबाजी करते भाकियू अराजनैतिक असली के कार्यकर्ता।

- कार्यालय पर हुई पंचायत, दस दिन में कार्रवाई न किए जाने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी

नारों से पूरा कार्यालय गूंज उठा। नारेबाजी के चलते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी इधर उधर खिसक लिए। कुछ कर्मचारी दूसरी तीसरी मंजिल से तमाशा देखते रहे। भाकियू जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह अब स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ हर रोज धरना प्रदर्शन करेंगे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तानाशाह जैसा रवैया अपनाए हुए हैं किसी की शिकायत नहीं सुन रहे हैं।भाकियू कार्यकर्ता बाद में सीएमओ कार्यालय के बाहर दरी बिछा कर बैठ गए और कहा कि जब तक सीएमओ कोई जवाब नहीं देंगे तब तक सब लोग यहीं पर बैठे रहें। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

## गंगा ने कटान किया तेज, ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें

**उसहैत ,अमृत विचार** : गंगा में पानी कम होने के साथ ही कटान तेज हो गया है। गांव रैपुरा के ग्रामीणों ने सोमवार शाम को कटान को देख कर कहा कि गंगा ने हजारों बीघा फसल नष्ट कर दी है और अब खेतों का कटान कर रही है। इस क्षेत्र में जिला प्रशासन ने अभी तक राहत सामग्री नहीं भेजी है जिससे ग्रामीण परेशान हैं।

ग्राम रैपुरा में आज शाम को गंगा की धार ने जैसे ही कटान शुरू किया तो किसान मौके पर पहुंच गए। कटान को देख कर किसानों की धड़कने बढ़ गयीं। गंगा की धार खेत खलिहान का कटान कर रही है जिससे किसानों की हजारों बीघा भूमि गंगा की भेंट चढ़ चुकी है। इसके साथ ही बाजरा, मक्का, सकरकंद, घुइयाँ की फसल जानवरों का चारा गंगा में बह गया है। प्रशासन की ओर से रैपुरा ,सहित कई गांवों में राहत सामग्री नहीं पहुंचने से ग्रामीणों मे रोष व्याप्त है।

# माध्यमिक स्कूलों का शैक्षिक पंचांग कागजों तक सीमित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- स्कूलों में न महीने के हिसाब से पाठ्यक्रम पूरा हुआ और न कराए गए मासिक टेस्ट
- डीआईओएस ने भी माना खानापूर्ति कर रहे शिक्षक, होंगे निरीक्षण

**अमृत विचार:** कुछ माह बाद यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देश पर जिले में तैयारी शुरू हो गई है। परंतु अभी तक स्कूलों में शैक्षिक वातावरण नहीं बना है। स्कूलों में महीनों के अनुसार पाठ्यक्रम पूरा है और न ही मासिक परीक्षा कराई जा रही हैं। स्कूलों में शैक्षिक पंचांग कागजों तक सीमित होकर रह गया है। स्कूलों में पढ़ाई न होने की वजह से बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चे कोचिंग का सहारा ले रहे हैं।

माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इस वर्ष भी शैक्षिक पंचांग जारी किया है। कागजों तक सीमित पंचांग के तहत हर माह मासिक टेस्ट कराने के साथ महीने के अनुसार कोर्स पूरा कराने के आदेश दिया गया। साथ ही रोजगारपरक योजनाओं से संबंधित कार्यक्रम कराए जाने के आदेश हैं। परंतु इनमें से एक भी कार्य पूरा नहीं हो रहा है। एक सरकारी स्कूल की कक्षा दस की छात्रा कहकशां ने बताया कि मासिक टेस्ट नहीं हुए हैं। कक्षा 11 के छात्र रोहित ने बताया कि कक्षा में सुबह उपस्थिति दर्ज कराने के बाद कोई शिक्षक नहीं आता। स्कूल समय तक बैठ कर घर लौट जाते हैं।

> माध्यमिक के सरकारी स्कूलों की स्थिति काफी खराब है। करीब 80 प्रतिशत स्कूलों में शिक्षक पढ़ाई नहीं करा रहे हैं। अभी शासन के कार्यक्रमों में व्यस्तता रही। इस कारण स्कूलों का निरीक्षण नहीं हो सका। स्कूलों का निरीक्षण स्थिति को देखा जाएगा। इसके बाद भी सुधार नहीं होता है उसके बाद कार्रवाई की जाएगी। –डॉ प्रवेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक

## प्रस्ताव लेने के बाद भी कार्ययोजना में शामिल नहीं की नगर पालिका

**सहसवान ,अमृत विचार** : मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित योजना के तहत मलिन बस्तियों में विकास कराए जाने के लिए नगर पालिका से प्रस्ताव मांगा था। जिसे भेजने के बाद भी कार्ययोजना में शामिल नहीं किया।

दो दिन पूर्व नगर पालिका और नगर पंचायत स्थित मलिन बस्तियों में कार्य कराने के लिए डीएम ने सात करोड़ की परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। सहसवान नगर पालिका से भी प्रस्ताव भेजा गया था। परंतु उसे कार्य योजना में शामिल नहीं किया गया। अधिशासी अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि उनके द्वारा योजनाओं की सूची का प्रस्ताव समय से उपलब्ध करा दिया गया था। कार्ययोजना में नगर पालिका को क्यों शामिल नहीं किया गया। कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से मिलकर सहसवान नगर में विकास योजनाओं के लिए अवश्य पैसा आवंटित कराएंगे।

# जीएसटी वसूली कर मंडल में बदायूं प्रथम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जीएसटी विभाग ने वसूली में सक्रियता दिखाते हुए मंडल में पहले स्थान पाया है। विभाग ने 60.37 फीसदी की वसूली की है। यह स्थिति प्रदेश में चौथे और मंडल में पहले स्थान पर है। वसूली में अन्य विभागों की स्थिति ठीक नहीं है। जिस पर डीएम ने अधिकारियों को एक सप्ताह का समय देते हुए अल्टीमेटम दिया है कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार वसूली की जाए। साथ ही प्रतिदिन की रिपोर्ट उन्हें उपलब्ध कराई जाए।

कलेक्ट्रेट में हुई कर करेत्तर की बैठक के दौरान जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने समीक्षा करते हुए पाया कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा 28 मुकदमे दायर किए गए हैं। अगस्त 2024 में जीएसटी में 60.37 प्रतिशत संग्रह किया गया है तथा परिवहन विभाग ने 85.43 प्रतिशत वसूली की गयी जो कि मंडल में प्रथम व उत्तर प्रदेश में चौथे स्थान पर है। विद्युत विभाग द्वारा लक्ष्य के


अधिकारियों के साथ बैठक करती डीएम निधि श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

- डीएम ने वसूली के लिए विभागों को दिया एक सप्ताह का समय, रोजाना देनी होगी रिपोर्ट

सापेक्ष 47 प्रतिशत वसूली की गई है वह मंडल में तीसरे स्थान पर है। डीएम को अन्य विभागों की स्थिति ठीक नहीं मिली। जिस पर डीएम ने अधिकारियों को सितंबर माह के शेष बचे दिनों में लक्ष्य के अनुसार वसूली करने के आदेश अधिकारियों को दिए हैं। इसके अलावा उनके द्वारा आईजीआरएस के प्रकरण गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

### गंगा को निर्मल बनाने के लिए तैयार होगी महाकुंभ कार्य योजना

जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने नमामि गंगे योजना की समीक्षा की। बताया कि राज्य स्वच्छ गंगा मिशन अंतर्गत बिजनौर से बलिया तक गंगा को निर्मल व अविरल बनाए रखने हेतु महाकुंभ 2025 कार्य योजना तैयार करनी है। डीएम ने नगर निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गंगा में गिरने वाले नालों की रिपोर्ट तैयार की जाए। जिससे रिपोर्ट शासन में भेजी जा सके।

# रेंजर्स को प्राकृतिक आपदा में स्वयं को बचाने का दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार** : अयोध्या प्रसाद मेमोरियल पीजी कॉलेज में त्रिदिवसीय रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। ध्वज शिष्टाचार, स्काउटिंग आंदोलन, नियम, प्रतिज्ञा के अलावा प्राकृतिक आपदाओं में स्वयं को तैयार रखने की ट्रेनिंग दी गई।

चीफ प्रॉक्टर डा. त्रिवेंद्र सिंह ने स्काउट ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग युवाओं में देशभक्ति का जज्बा पैदा करती है। प्राचार्य डा. प्रशांत वशिष्ठ ने कहा कि मर्यादित जीवन दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत होता है। उपप्राचार्य डा. शिशुपाल सिंह ने शिविर का निरीक्षण किया।


स्काउटिंग के नियम समझाते पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा।

पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने रोवर्स-रेंजर्स को प्राकृतिक आपदाओं में स्वयं को तैयार रहने की ट्रेनिंग दी।

रेंजर्स लीडर शालिनी शर्मा ने रोवर्स-रेंजर्स को टोलियों का निर्माण, सैल्यूट, संकेत वार्ता, बांया हाथ मिलाने का प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर डा. जितेंद्र सिंह राणा, आदर्शकांता, जीतपाल, दौलत राम, श्रेष्ठ गौर, दीपक, सौरभ शुक्ला, संजीव, अंशुल आदि मौजूद रहे।

## लाइसेंस अपडेट कराएं उर्वरक विक्रेता

**बदायूं,अमृत विचार:** जिला कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि आईएफएमएस पोर्टल पर थोक व फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के उर्वरक प्राधिकार-पत्र लाईसेन्स को अपडेट किया जाना जरूरी है। 24 सितम्बर को ब्लॉक परिसर बिल्सी स्थित अंशुल एग्रीकल्चर स्टोर, 25 को ब्लॉक बिसौली स्थित राजकीय बीज भंडार, 26 सितम्बर को सहसवान स्थित उपसंभागीय कृषि अधिकारी कार्यालय, 27 सितम्बर को सदर में बीएसए फर्जीलाइजर निकट दास कॉलेज और 28 सितंबर को दातागंज में उपसंभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कार्यालय में लाईसेन्स अपडेट का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि उक्त तिथियों में विक्रेता अपने उर्वरक लाईसेन्स की छायाप्रति, पैन नम्बर, फोटो लेकर जाएं और लाइसेंस अपडेट करा लें।

# नींव में नाली का पानी घुसने से गिरी मकान की दीवार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** नाली का पानी मकान की नींव में भर जाने से दीवार भरभरा कर गिर गई। जिस पर पीड़ित ने पड़ोसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए थाने में तहरीर दी है।

गांव समदा निवासी राजवीर, पुत्र रामस्वरूप का आरोप है कि पड़ोस में रह रहे लोग दबंग प्रवृत्ति के लोग हैं। उनके द्वारा नाली के पानी का रुख उसके मकान की दीवार की ओर कर दिया। नाली का पानी दीवार की नींव में चला गया। नींव कमजोर होने से दीवार भरभराकर गिर गई। इसके बाद भी पीड़ित द्वारा दीवार निर्माण के लिए जब तक ट्रेक्टर ट्राली से निर्माण सामग्री ला रहा था लेकर उन लोगों ने ट्रैक्टर को नहीं निकलने दिया। बल्कि वह गाली गलौज करने के बाद मारपीट पर आमादा हो गए। जिस पर पीड़ित ने संबंधित थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है।


नींव में पानी भरने से गिरी दीवार।

# सर्वसम्मति से ब्राह्मण सभा के प्रदेश मंत्री बने अजय मिश्र


प्रदेश मंत्री बनने के बाद अजय मिश्रा फूल माला पहने हुए। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की मंडलीय बैठक सोमवार को बरेली में मण्डल उपाध्यक्ष कौशल आनंद उर्फ लल्लन पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र पांडे, प्रदेश अध्यक्ष त्रिभुवन शर्मा समेत बदायूं, पीलीभीत एवं शाहजहांपुर के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

सभी पदाधिकारी ने ब्राह्मण समाज को एकजुट करने एवं समाज के उत्थान के लिए विचार दिए। निर्वाचन प्रक्रिया में सर्वसम्मति से अजय मिश्रा को प्रांतीय मंत्री व एनके त्रिपाठी को ब्राह्मण महासभा के शिक्षक प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक मनोनीत किया गया। मंडल संरक्षक पद पर बदायूं के कौशल आनंद उर्फ लल्लन पांडेय, मण्डल अध्यक्ष पद पर ब्रह्मानंद शर्मा को मनोनीत किया गया। इस दौरान बदायूं से अश्वनी भारद्वाज, संजीव शर्मा, आयुष भारद्वाज, पीलीभीत से श्रीधर पांडे,अशोक बाजपेई, नारायण शुक्ला, आकाश तिवारी, राजेंद्र प्रसाद, गजेंद्र पांडे, आभा तिवारी आदि मौजूद रहे।

## पूर्व सैनिकों के हवाले सुरक्षा, पुलिस चौकी से हटाए पुलिसकर्मी

**बदायूं,अमृत विचार** : जिला अस्पताल में दस साल पूर्व बनायी गयी पुलिस चौकी पर एक भी पुलिसकर्मी नहीं है। पूर्व सैनिकों के जिम्मे अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था है। लेकिन अप्रिय घटनाएं जारी हैं।

जिला अस्पताल में की पुलिस चौकी पर एक एसआई और दो सिपाही तैनात किए गए थे। अप्रिय घटनाओं पर लगाम लगाने को पुलिस की तैनाती की गयी थी। फिर भी अप्रिय घटनाएं होती रहीं। धीरे धीरे उक्त पुलिस चौकी बंद हो गयी। सभी पुलिसकर्मी विभाग ने वापस ले लिए और पुलिस चौकी में ताला डाल दिया गया। अब फिर चोरियां हो रही हैं। एक सप्ताह पूर्व डॉक्टर को दिखाने आयी महिला के बैग से तीस हजार रुपए निकाल लिए। युवक की बाइक चोरी हो गयी। इन घटनाओं के बाद बाहरी युवक जिला अस्पताल में इधर उधर घूमते रहते हैं। इन पर कोई रोक नहीं है।

# मेडिकल कालेज में नुक्कड़ नाटक का मंचन


नुक्कड़ नाटक में भाग लेती नर्सिंग की छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : राजकीय मेडिकल कालेज के फार्माकोलॉजी विभाग में एक सप्ताह से चल रही गोष्ठी का समापन किया। प्राचार्य डा. एनसी प्रजापति ने बताया कि फार्माकोविजिलेंस के अन्तर्गत दवाओं के दुष्प्रभाव की मॉनिटरिंग करते हुए रिपोर्ट की जाती है। जिससे उक्त दवा के प्रयोग के प्रभाव को तत्काल रोका जा सके। डा. रश्मि सिंह ने कहा कि राजकीय मेडिकल कालेज को राष्ट्रीय स्तर पर नोडल सेंटर नामित किया गया है।

सोमवार को गोष्ठी के समापन के मौके पर डा. वेंकटनारायण डा. नितेश पति तिवारी, द्वारा निबंध व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।डा. लालेन्द्र यादव द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। डा. अमित कुमार द्वारा नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ के लिए संयुक्त जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामुदायिक सेवा विस्तार कार्यक्रम के अन्तर्गत दवाओं के दुष्प्रभाव के महत्व को समझाने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

## सार-संक्षेप

### जिलाध्यक्ष ने किया स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन



**सहसवान,अमृत विचार** : आयुष्मान भारत योजना के 6 वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। जिलाध्यक्ष द्वारा आयुष्मान भारत योजना से लाभान्वित लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड भी वितरित किये गये। चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर प्रशान्त त्यागी, दीक्षा माहेश्वरी, नगर अध्यक्ष पियुष माहेश्वरी, अनुज माहेश्वरी भाजयुमो, अवधर शर्मा, सचिन शर्मा, अनुराग दीक्षित,सौरभ माहेश्वरी, सुभाष गौड़, देवपाल, सलमान हैदर नक़वी, आदर्श सक्सेना आदि मौजूद रहे। स्वास्थ्य शिविर में डाक्टर आकिल, डा. शगुफ्ता राशिद, डाक्टर सुमन्त माहेश्वरी द्वारा ओपीडी कर मरीजों का ईलाज किया गया। शिविर में परिवार कल्याण, टी बी, कुष्ठ रोगी, ए आर वी, दवा वितरण, रक्त जांच के स्टाल लगाए गए। कुल 580 मरीजों का शिविर में इलाज कर दवा वितरित की गई। इस मौके पर गुलशन फ़राज़ खान, अशफाक अली, कृष्ण वल्लभ चतुर्वेदी, सुआलेहा ईबाद, शोएब, अवनीश, शिवेन्द्र, संजीव पचौरी, आकांक्षा पाण्डेय, दीपिका,उजमा, अलीशा, पूर्वा मिश्रा, प्रश्नलता, अनिल अरोड़ा, विपिन शर्मा, सलीम, कृष्ण कुमार आदि समस्त स्टाफ आशा व आशा संगिनी भी मौजूद रहीं।

### विधायक ने आयुष्मान शिविर का किया उद्घाटन



**बिल्सी,अमृत विचार** : बिल्सी के विधायक हरीश शाक्य ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्सी पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा के तहत आयुष्मान शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया, व लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरण किए। विधायक ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री की आयुष्मान योजना के अंतर्गत करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। जो लोग कर्ज लेकर अपनी बीमारी का इलाज करते थे आज प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के कारण 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कर रहे हैं, इस मौके पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश सागर, मोहित गुप्ता, अजय प्रताप सिंह, गगन राठी, हरिओम राठौर, डॉक्टर प्रेमपाल गंगवार, डॉक्टर सुरेश कुमार दिनकर, डा. नीरेश, मुकेश चौहान आदि मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय योग यज्ञ एवं वेद महोत्सव आयोजित



**बदायूं,अमृत विचार** : नगर के ओम स्वरूप लॉन में तीन दिवसीय योग यज्ञ एवं वेद महोत्सव कार्यक्रम का आयेजन किया गया। कार्यक्रम में हरिद्वार से आए आचार्य डॉ. संजय योगी एवं अंजली आर्य अंतर्राष्ट्रीय वेद कथाकार व योगाचार्य हरेंद्र सिंह आर्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में वेद यज्ञ और योग के महत्व को बताया गया। स्वस्थ रहने को किस तरह का खानपान रखा जाए, दिनचर्या कैसी रखी जाए, इसके बारे में आसनों के बारे में योग प्राणायाम आसन के बारे में बताया गया। इस मौके पर गिरधारी सिंह राठौर, आवेश पाल, उपदेश आर्य, सुरेंद्र सिंह, भगवान स्वरूप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### विहिप ने दायित्व सौंपकर एकता का किया आह्वन



**फैज़गंज बेहटा ,अमृत विचार** : विश्व हिन्दू परिषद तथा बजरंग दल की बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला मंत्री उज्जवल गुप्ता, बजरंग दल जिला संयोजक हरिओम पाठक, नगर मंत्री बिसौली नवल शर्मा तथा नगर अध्यक्ष लोकेश शर्मा रहे। सोमवार को आयोजित बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गयी तथा विश्व हिन्दू परिषद के विषय में विस्तार से बताया, हरिओम पाठक ने कार्यकर्ताओ को नए दायित्व सौंपे। जिसमें प्रखंड सह संयोजक अंकित पाराशरी, प्रखंड उपाध्यक्ष अनुराग राघव, खंड संयोजक फैजगंज बेहटा रजत सिंह जी, प्रखंड बलोपासाना प्रमुख सोनू कश्यप, खंड सुरक्षा प्रमुख दीपक गुप्ता, खंड मंत्री प्रशांत कुमार, उपखण्ड थानपुर अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण, खंड विद्यार्थी प्रमुख सुमित गौतम तथा प्रखंड विद्यार्थी प्रमुख प्रियांशु चौहान, उपखण्ड भूड़ बिसौली से संयोजक विकास को बनाया गया। बैठक में शुभम पाराशरी ने सामाजिक समरसता के साथ सभी से एकता के साथ रहने का आवाहन किया।

### रिसौली - सिरासौल सड़क बदहाल



**बिल्सी ,अमृत विचार** : ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों का हाल बेहाल हो गया है। सड़क टूटकर पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं। इससे इन सड़कों पर चलना मुश्किल हो रहा है। सड़कों में कदम–कदम पर बने गड्ढों से लोगों का राह चलना और दूभर हो रहा है। रिसौली से सिरासौल तक जाने वाली चार किमी लंबी सड़क की गिट्टियां राहगीरों की राह मुश्किल बना रही हैं। सड़क पर गड्ढे हो गए हैं। बारिश होने पर सड़क में बने गड्ढों में पानी भर जाने से इसका अंदाजा नहीं लग पाता और इससे आए दिन राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदारों से सड़क बनवाने की मांग कई बार की गई पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इससे दर्जनों गांव के लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व उच्चाधिकारियों से सड़क बनवाने की मांग ही है।

### अग्रवाल सभा के अध्यक्ष बने हरि अग्रवाल



**बदायूं,अमृत विचार** : आरके रिजॉर्ट में अग्रवाल सभा की कार्यकारिणी का गठन हुआ। सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया है। हरि अग्रवाल अध्यक्ष, शरद बंसल महामंत्री, विपिन अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेंद्र कुमार अग्रवाल उर्फ बाबू भाई वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दिलीप अग्रवाल सहसचिव व मीडिया प्रभारी, प्रमोद गोयल कोषाध्यक्ष चुने गए। प्रेम शंकर अग्रवाल, एमएस मित्तल, एमएस अग्रवाल को संरक्षक चुने गए। बैठक में निर्णय हुआ कि 3 अक्टूबर को श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज में अग्रसेन महाराज की जयंती समारोह का आयोजन होगा। 13 अक्टूबर को कृष्णा लॉन में अग्रवाल सभा का वार्षिक उत्सव होगा। जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, मेधावी छात्रों का अभिनंदन होगा और प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। बैठक में समाज में एकजुटता बनाए रखने पर चर्चा हुई। इस दौरान शैलेंद्र अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, रवि बंसल, शान्तनु बंसल, नितिन अग्रवाल, विमल अग्रवाल, डॉ. गोविल, दिनेश गोयल, दिलीप अग्रवाल मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रेम शंकर अग्रवाल ने की।

## एक नजर

### शिशु मंदिर का निरीक्षण कर विकास पर चर्चा की

**सोरोंजी।** विद्या भारती के जिला समन्वयक सुनील सिंह ने तीर्थनगरी के सरस्वती शिशु मन्दिर में प्रवास कर विद्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के शिक्षण आचार्यों से वार्ता कर प्रगति रिपोर्ट जानी। प्रबंधक आदित्येंद्र काकोरिया से विद्यालय के विकास हेतु कुछ खास बिंदुओं पर वार्ता की। इस दौरान प्रधानाचार्य अरविंद कुमार, रमेश चंद आदि लोग मौजूद रहे।

### सोरों जी के नवदुर्गा पीठ के महंत का निधन

**सोरोंजी।** तीर्थनगरी की प्राचीन सिद्ध पीठ नव दुर्गा के महंत ब्रह्मानंद मिश्र का 66 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन पर बड़ी संख्या में उनके अनुयायियों ने उनके घर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। भारत किशोर दुबे, पंकज पाराशर , राहुल वशिष्ठ, महेश मिश्रा, बबलू पंडित,अमित मिश्र, बृजेश उपाध्याय, अनुभव तिवारी, अभयराज मिश्रा, राजकुमार गोस्वामी, आशुतोष त्रिवेदी ने शोक संवेदना प्रकट श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अतरौली मार्ग पर बाइक फिसलने से दंपती घायल

**कासगंज।** शहर के कासगंज-अतरौली मार्ग पर सोमवार को इंडियन गैस एंजेसी के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। घटना में बाइक सवार जिला अलीगढ़ के छर्रा निवासी देवेंद्र उनकी पत्नी रजनी मामूली रूप से घायल हो गई। राहगीरों के मदद से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। दंपती उपचार कराने के बाद गंतव्य की ओर रवाना हुए हैं।

# कर्मचारियों की हड़ताल खत्म, शहर में आज से होगी सफाई

## पांच दिनों बाद बैकफुट पर आया प्रशासन, 11 सूत्रीय मांगों पर बनी सहमति

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** नगर पालिका के सफाई कर्मियों की पांच दिन की हड़ताल के बाद प्रशासन बैकफुट पर आ गया। सोमवार को बातचीत के दौरान अधिकारियों ने सफाई कर्मियों की सभी मांगें मान लीं। इसके बाद सफाई कर्मचारी नेताओं ने हड़ताल खत्म करने का ऐलान कर दिया। मंगलवार से सफाई कर्मचारी काम पर लौट आएंगे। समझौते के अनुसार हड़ताल के दिनों का वेतन भी सफाई कर्मियों को दिया जाएगा।

विभिन्न मांगो को लेकर सदर नगर पालिका प्रशासन और सफाई कर्मियों के बीच तनातनी चल रही थी। अपनी मांगों को लेकर सफाई कर्मी पिछले पांच दिनों से हड़ताल पर थे। पांच दिनों तक सफाई न होने से शहर में कूड़ा और गंदगी का अंबार लग गया। हर तरफ गंदगी और बदबू से लोग परेशान थे।

सोमवार को एडीएम राकेश पटेल, एसडीएम संजीव सिंह व ईओ पूजा श्रीवास्तव के अलावा भाजपा एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मियों को समझाया और उनकी 11 सूत्रीय मांगो के समाधान का भरोसा दिया। इस पर सफाई कर्मचारी मान गए और हड़ताल खत्म करने का ऐलान कर दिया।



नगर पालिका में मध्यस्थता कराते भाजपा नेता व अधिकारी। ● अमृत विचार



कर्मचारियों से बातचीत करते अधिकारी और भाजपा नेता। ● अमृत विचार



शहर के नदरई गेट मेन मार्केट में लगा कूड़े का ढेर।

### आज से काम पर लौटेंगे कर्मचारी

सफाई कर्मचारी संघ के नेता सोनू भंडारी ने बताया कि उनकी 11 सूत्रीय मांगो को मान लिया गया है। पिछला रुपया भी रिकवर नहीं जाएगा। हड़ताल के दौरान पांच दिनों की छुट्टियां हुई हैं। उसका पैसा भी सफाई कर्मियों का मिलेगा। मंगलवार से सभी सफाई कर्मी काम पर लौट आएंगे।

पिछले पांच दिनों से सफाई कर्मी हड़ताल पर थे। उनकी 11 सूत्रीय मांगों को मान लिया गया है। मंगलवार से सभी सफाई कर्मी काम पर लौटेंगे। शहर में विशेष तौर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा।
**-पूजा श्रीवास्तव,** ईओ कासगंज

## ईओ के आश्वासन पर माने कर्मचारी, हड़ताल वापस ली

- सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल करने का फैसला बदला
- मांगें पूर्ण करने के लिए दी केवल दो दिन की मोहलत

**गंजडुंडवारा।** नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के एलान से अफसर परेशान थे। मगर ईओ सुनील कुमार ने सफाई कर्मचारियों को समझाया। साथ ही उनकी मांगें पूरी होने के बारे में जानकारी दी। इस पर सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल करने का अपना फैसला बदल दिया।

स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले पूर्व में सौंपे गए मांग पत्र के बाद भी समस्याओं का हल न होने से सफाई कर्मचारी नाराज थे। इस पर स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ ने सोमवार से हड़ताल कर धरना-प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। इसके चलते पालिका प्रशासन में खलबली मच गई। सोमवार सुबह सफाई कर्मचारी हड़ताल को लेकर छह बजे नगर पालिका जा पहुंचे। यहां मौजूद ईओ सुनील कुमार व लेखाकार श्रीकांत शर्मा ने सफाई कर्मचारियों से वार्ता की। ईओ नेकर्मचारियों को बताया गया कि दो साल का पीएफ उनके खातों में जमा कर दिया गया है। वहीं, सातवें वेतन के अनुसार जो एरिया बकाया था वह छह माह का जमा कर दिया है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से केवाईसी कराने को कहा, जिससे उनके भुगतान इत्यादि में परेशानी न हो, और जल्द भुगतान कराया जा सके। वहीं, अन्य मांगों को जल्द पूर्ण कराए जाने का आश्वासन दिया। इस पर सफाई कर्मचारियों ने अन्य मांगो को पूर्ण करने के लिए दो दिन की मोहलत दी है। इसके साथ ही हड़ताल रद्द करने की घोषणा कर दी और काम पर लौट गए।



गंजडुंडवारा नगर पालिका में वार्ता के दौरान मौजूद अधिकारी व सफाई कर्मचारी।

### दो दिवसीय किसान मेला व कृषि उद्योग प्रदर्शनी आज से

**मोनहपुरा।** मोहनपुरा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ केकेसिंह ने बताया कि कुलपति चंद्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के निर्देशानुसार दो दिवसीय अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन 24 और 25 अक्टूबर को किया जाएगा। कुलपति ने विभिन्न संभागों को मेले से संबंधित क्रियाकलापों हेतु निर्देशित किया है। प्रदर्शनी का आयोजन कानपुर स्थित विश्वविद्यालय प्रांगण में होगा। इस मेले में रबी की फसल से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही कृषि संबंधित नवीन जानकारियां एवं उन्नतिशील तकनीकों को बताया जाएगा। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने जनपद के किसानों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में किसान उक्त प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर खेती से संबंधित नवीनतम तकनीक और उन्नतशील बीज अपनाकर आर्थिक उन्नति की ओर कदम बढ़ाएं।

### कासगंज पुलिस ने चार वारंटी किए गिरफ्तार

**कासगंज।** वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जिला पुलिस ने चार वारंटियों को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। एएसपी राजेश भारती ने बताया कि सोरों कोतवाली पुलिस द्वारा वारंटी विजय कुमार निवासी मुहल्ला रामसिंहपुरा एवं संजय निवासी नगला रामचन्द्र थाना सोरों को गिरफ्तार किया है। थाना सहावर पुलिस द्वारा वारंटी गया प्रसाद निवासी बाजनगर सफेद तथा सदर कोतवाली पुलिस द्वारा वारंटी प्रेम सिंह निवासी नगला डालू थाना पटियाली को गिरफ्तार किया है। यह वारंटी न्यायालय उपस्थित नहीं हो रहे थे। नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## 26 को अटेवा निकालेगा आक्रोश मार्च

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** अटेवा एनएमओपीएस की बैठक सोमवार को शहर के रेलवे के मनोरंजन गृह में हुई। बैठक में अटेवा के 26 सितंबर को एनपीएस, यूपीएस के खिलाफ आक्रोश मार्च निकालने की निर्णय लिया गया। पेंशन बहाली की एक सूत्रीय मांग को लेकर अटेवा जनांदोलन पूरे देश में चला रहा। यह लड़ाई किसी एक संगठन की नहीं, बल्कि हर विभाग के कर्मचारी के भविष्य और हक की हो गई है। इसी को लेकर 26 सितंबर को 2:30 बजे प्रभु पार्क कासगंज से डीएम कार्यालय तक आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ ,राष्ट्रीय शैक्षिक महा संघ ,महिला शिक्षक संघ, टीएसटी, सफाई कर्मचारी संघ ,पीडब्लूडी ,ग्राम पंचायत ग्राम विकास अधिकारी संघ, विशिष्ट बीटीसी संघ, रेलवे माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट, एवं अन्य संघो के पदाधिकारी शामिल हुए। जिलाध्यक्ष अटेवा योगेश यादव ने जनपद के सभी संगठनों से आक्रोश मार्च में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की।

बैठक में आरडी यादव, रवि शंकर, श्रवण कुशवाहा, केडी त्रिपाठी, मनोज कुमार, दिलीप यादव, मुंनेश राजपूत, सत्य नारायण, अमित यादव, मलिखान सिंह पाल, सौरव विहान, जितेंद्र पाल, गौरव माथुर, अमित राय, सरिता शर्मा सुमन कुरील हेमलता सरिता, विनीता यादव, प्रमोद उमेश, रामपाल शास्त्री, नीरज रोहिला उमेश दीक्षित जरनैल सिंह राकेश बघेल, राजीवीर सिंह, गजेंद्र यादव, शरद माहेश्वरी, सजंय कुमार, सोमेंद्र बाबू, अरुण, बिजेंद्र सिंह, ललित कुमार, श्याम विहारी, राजबहादुर रहे।





बैठक के बाद प्रदर्शन करते अटेवा के नेता। ● अमृत विचार

## मोहिनी हत्याकांड: अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** अधिवक्ता मोहिनी हत्याकांड को लेकर मामला उलझता जा रहा है। नामजद पांचों अधिवक्ता व एक विधि छात्र को जेल भेजने के बाद पुलिस इस मामले में नया मोड ले आई। महिला सहित दो आरोपी जेल भेजकर घटना के खुलासे का दावा किया, लेकिन पुलिस अभी तक हत्या की वजह स्पष्ट नहीं कर सकी। इसी बीच अधिवक्ताओं ने दोबारा आंदोलन शुरू कर दिया। सोमवार को अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। चेतावनी दी है कि सुपारी किलर गिरफ्तार न हुआ तो आंदोलन को बड़ा रूप दिया जाएगा।

तीन सितंबर को अधिवक्ता मोहिनी तोमर न्यायालय के मुख्यद्वार से लापता हो गई थीं। चार सितंबर की शाम को मोहिनी का शव रजपुरा स्थित गोरहा नहर में पानी पर उतराता मिला था। मोहिनी के पति ब्रजतेंद्र तोमर ने पांच अधिवक्ताओं व एक विधि के छात्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी, जिन्हें पुलिस जेल चुकी है। इनके अलावा पुलिस ने रेनू नाम की महिला और बॉबी नाम के व्यक्ति को आरोपी बताकर जेल भेज दिया। दोनों से पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि इस घटना में सुनील उर्फ फौजी का सहयोगी रजत है। हालांकि पुलिस अभी तक उनकी तलाश नहीं कर सकी।

शव की शिनाख्त पर सवाल उठने पर पुलिस ने मोहिनी की मां दिनेश कुमारी का डीएनए टेस्ट को सैंपल भेजा है। इधर, सीमा नाम की एक महिला का नाम इस हत्याकांड में सामने आया है, लेकिन पुलिस अभी तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रही है। पूर्व में मोहिनी की हत्या को लेकर आंदोलन कर रहे अधिवक्ता पुलिस की कार्रवाई से कुछ समय तक संतुष्ट दिखे। मगर अब दोबारा अधिवक्ताओं में आक्रोश बढ़ रहा है। कासगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश शर्मा ने एवं महासचिव चेतन चौहान के नेतृत्व में सोमवार को आपात बैठक बुलाई गई। जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता सतेंद्र कुमार वैस व अन्य कई अधिवक्ता शामिल हुए। बैठक के बाद अधिवक्ताओ ने हड़ताल का ऐलान कर दिया और काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। इस दौरान घटना के सही खुलासे की मांग की गई। चेतावनी दी है कि यदि जल्द घटना का सही खुलासा न हुआ तो आंदोलन तेज कर दिया जाएगा।



महिला अधिवक्ता की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

- बैठक के बाद किया हड़ताल का ऐलान, मोहनी हत्याकांड के सही खुलासे की मांग

### घटना का सही खुलासा हो

मोहिनी के पति बृजतेंद्र तोमर ने कहा है कि उनके परिवार में इस घटना को लेकर दहशत है। पुलिस अभी तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं कर सकी है। इसलिए परिवार डरा सहमा है। सुरक्षा के साथ ही घटना का सही खुलासा किया जाए।

घटना की जांच जारी है। दो आरोपी अभी फरार हैं। कुछ ओर भी तथ्य सामने आए हैं। उसके आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। अधिवक्ताओं की हड़ताल के बारे में पुलिस को कोई पत्र नहीं मिला है। **-विजय राणा,** सीओ सिटी

## भागवत कथा से पहले कलशयात्रा निकाली

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** शहर के सोरों गेट स्थित टीकराम अग्रवाल धर्मशाला में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार को आरंभ हुई। इससे पूर्व शहर में कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में पीतांबर वस्त्रधारी महिलाएं व पुरुष शामिल रहे।

कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर चल रही थी। कलश यात्रा शहर के नदरई गेट स्थित प्रभु पार्क से आरंभ होकर गांधी मूर्ति, बारहद्वारी होते हुए टीकराम अग्रवाल धर्मशाला पर संपन्न हुई। यहां आचार्य ने मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापित कराया। वृंदावन से आए कथा वाचक विपिन बापू ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से भक्तों को सभी कष्ट दूर हो जाता है। भागवत कथा में कर्म योग की शिक्षा देती है। कर्म के अनुसार ही मनुष्य को फल मिलता है। जैसे कर्म होंगे वैसा ही फल मिलेगा। उन्होंने कहा कि परोपकार कभी व्यर्थ नहीं जाता है। भगवान श्रीकृष्ण एवं श्रीराम के जयकारे से वातावरण भक्तिमय रहा। अशोक गौड़, हरीश पाठक, डा. हिमांशू उपाध्याय, शिखा गौड़, सीमा, रश्मि पाठक, सीमा पाठक, शिल्पी गौड़, बिंदू, बीना पाठक, विवेक दीक्षित, अतुल गौड़, अभय गौड़, विकास पाठक आदि मौजूद रहे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के मथुरा बरेली हाईवे मार्ग पर दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दंपती समेत चार लोग घायल हो गए।

अलीगढ़ जनपद के थाना छर्रा क्षेत्र के गांव रसायनी निवासी रमेश (23 वर्षीय) पुत्र राजवीर सिंह अपने मामा साधू और मामी पूनम निवासी दरियापुर जिला हाथरस को दवा दिलाने कासगंज जा रहा था। रास्ते में मोहनपुरा डूकरियां नगला के समीप कासगंज की ओर से जा रहे बाइक सवार राहुल पुत्र अफजल (28) निवासी कोर्ट हाथरस ने रमेश की बाइक में टक्कर मार दी। इसमें रमेश उसके मामा-मामी और राहुल व उसकी बाइक पर बैठा जीशान पुत्र चांद मोहम्मद निवासी मधुगड़ी जिला हाथरस घायल हो गए। पुलिस ने पांचों घायलों को एम्बुलेंस में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रमेश व साधू की हालत गंभीर होने के कारण दोनों को अलीगढ़ रैफर कर दिया। मगर अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज पहुंचने से पहले रमेश ने दम तोड़ दिया। इसका पता लगने पर रमेश के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

मोहनपुरा चौकी इंचार्ज स्यौराज सिंह यादव ने बताया दोनों वाहन पुलिस के कब्जे में है। मृतक के परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।



पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

- सिकंदराऊ दरियापुर से दवा लेने जा रहे थे दंपती व उनका भांजा

### अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे

**कासगंज।** सदर कोतवाली पुलिस ने अवैध देसी शराब के साथ तीन आरोपियों को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि आरोपी मनोज कुमार निवासी आवासीय कॉलोनी ततारपुर के कब्जे से 24 क्वार्टर बरामद हुए हैं।

वहीं भरत सिंह निवासी गंगेश्वर कॉलोनी के कब्जे से 20 क्वार्टर देसी शराब एवं सुरेश निवासी गंगेश्वर के कब्जे से 14 अवैध क्वार्टर देसी शराब बरामद हुई। आरोपियों कब्जे से कुल 58 क्वार्टर अवैध देसी शराब बरामद हुई है। सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## राशन विक्रेता के चयन को लेकर पैसोई गांव में बवाल



राशन विक्रेता के चयन को लेकर एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार:** सोरों क्षेत्र में राशन विक्रेता के चयन को लेकर बवाल हो गया। गांव पैसोई में पहुंचे राजस्व कर्मियों की मौजूदगी के दौरान पूर्व और वर्तमान प्रधान आमने-सामने आ गए, जिसके बाद जमकर हंगामा हुआ और ईंट-पत्थर चले। इसमें दोनों ओर से कई लोग घायल हो गए। इसका पता लगने पर पुलिस और पीएसी मौके पर पहुंच गई और लाठियां फटकार का भीड़ को दौड़ाया। बताया गया है कि पथराव में कुछ पुलिस कर्मियों को भी चोटें आईं।

ग्राम पैसोई में कुछ दिन पूर्व राशन डीलर चयन में धांधली के कारण प्रक्रिया निरस्त कर दी गई थी। सोमवार को राशन डीलर चयन के लिए एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार पैसोई गांव पहुंचे। यहां पूर्व प्रधान रनवीर सिंह समर्थित नीरेश की तरफ लोगों ने हाथ उठाकर बड़ी संख्या में राशन डीलर बनाए जाने पर सहमति जताई। वर्तमान प्रधान सोनपाल सिंह समर्थित प्रियंका यादव के पक्ष को कम समर्थन मिला। इस बीच चयन प्रक्रिया से असंतुष्ट लोगों ने पहले जमकर हंगामा किया, फिर ईंट-पत्थर बरसाए। बवाल होने की सूचना पर कुछ ही देर में पुलिस और पीएसी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लाठीचार्ज कर हंगामा करने वालों को खदेड़ दिया। पथराव व लाठीचार्ज में दो दर्जन से अधिक घायल हुए हैं।

**तहसीलदार ने निरस्त की चयन प्रक्रिया:** हंगामा बढ़ता देख तहसीलदार ने राशन डीलर चयन की प्रक्रिया को निरस्त कर दिया। इस बीच पूर्व प्रधान रनवीर व देवेंद्र सिंह अपने पक्ष के 16 से अधिक घायलों को लेकर कोतवाली पहुंचे। कुछ देर बाद वर्तमान प्रधान सोनपाल सिंह अपने साथ घायलों को लेकर कोतवाली पहुंच गए।

### मारपीट व पथराव में ये लोग हुए घायल

घायलों में सत्यम, महिपाल, नीरेश, राहुल यादव, गोविंद, अजय, रजनेश, लालू, अजीत, जितेंद्र, घनश्याम, मनवीर, भूरे, कालीचरण, सत्यवीर, रवनेश आदि दो दर्जन से अधिक ग्रामीण हैं।

पैसौई में राशन डीलर चयन प्रक्रिया के दौरान किसी ने आधार कार्ड छीनकर फाड़ देने की अफवाह फैला दी। इससे भड़के ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। पुलिस पीएसी ने हंगामा करने वालों को दौड़ाकर खदेड़ दिया।
**– भोजराज अवस्थी,** इंस्पेक्टर सोरों

आयोजन

### एमएलसी व सदर विधायक ने कराई पूजा अर्चना

## बल्ली पूजन के साथ श्रीराम लीला आरंभ

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में मंच पूजन के साथ श्री रामलीला आरंभ हो गई। एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, सदर विधायक देवेंद्र राजपूत व अन्य अतिथियों ने श्री राम और मां सीता के स्वरूपों की आरती उतारकर पूजा-अर्चना की। श्री रामायण की भी आरती उतारी।

बारह द्वारी स्थित रामलीला मंच पर कमेटी के पुजारी और पदाधिकारियों ने विधिविधान से रामलीला मंच का पूजन किया। इसके बाद एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, सदर विधायक देवेंद्र राजपूत व अन्य अतिथियों ने राम और सीता के स्वरूप में सजे कलाकारों की आरती उतारी। फिर विधिवत रूप से रामलीला आरंभ।

पहले दिन सोमवार को शिव पार्वती विवाह की लीला मंचन किया गया। इसके बाद नारद मोह की लीला प्रस्तुत की गई। मनुशत रूपा का तप की लीला का भी मंचन किया गया। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष गोपाल माराठा, महामंत्री प्रशांत शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रखर गुप्ता, दीपक गुप्ता, सुनील वाष्र्णेय, शिव कुमार भारद्वाज, डीएस लोधी,संजीव मराठा, धर्मेंद्र माहेश्वरी नलवाले,पंकज मिश्रा, कुश बिरला, सत्यनारायण बिरला, अजय डांगरा, गुल्लू वार्ष्णेय संस्कार बिरला, सच्चिदानंद डांगरा, जयप्रकाश गुप्ता जी प्रमोद कुमार साहू, आकाश शर्मा जीतू गुप्ता, दीप्ती माहेश्वरी, दुर्गेश माहेश्वरी , अशोक कुमार महेश्वरी अजय कुमार, प्रदीप काबरा, सचिन कुमार,नितिन कुमार, बबलू गुप्ता नरेश कुमार ठेकेदार अनिल कुमार एसएलआर राकेश कुमार सुनील कुमार प्रदीप कुमार संजू वर्मा राजकुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।



पूजन कराकर श्रीराम लीला आरंभ कराते आयोजक। ● अमृत विचार



श्रीराम लीला आरंभ होने से पहले बल्ली पूजन कराते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

### देहरी पूजन के साथ श्रीराम लीला की तैयारी शुरू

**गंजडुंडवारा।** कस्बे के पंचायती बाग में 30 सितंबर से शुरू होने वाली 76वें श्री रामलीला महोत्सव की तैयारी पंचायती बाग स्थित रामलीला मंच के देहरी पूजन के साथ शुरू हो गई। सोमवार सुबह पं. रोहित उपाध्याय ने विधिवत पूजा अर्चना कर श्री राम लीला मंचन की तैयारियां शुरू हो गईं। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विकास गुप्ता ने बताया कि इस बार श्रीराम लीला का कलामंचन फतेहपुर प्रयागराज के कलाकारों द्वारा किया जाएगा। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विकास गुप्ता, महामंत्री अंकित चौहान, कोषाध्यक्ष प्रभात गुप्ता, शिशुपाल गुप्ता, दिनेश चौहान, धर्मेंद्र सोलंकी, अर्चित चौहान, ध्रुव महाजन, सुनील शाक्य, आशीष शाक्य, गौरव गुप्ता सहित रामलीला कमेटी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा रूपं रूपं प्रतिरूपो बहिश्च!

एक ही अग्नि इस संसार में अदृश्य रूप से प्रवेश करते हुए जिस किसी वस्तु में प्रज्ज्वलित होती है और उसी के अनुरूप दृश्यमान होती है, उसी प्रकार सभी प्राणियों में विद्यमान परमात्मा एक होते हुए भी जिसमें प्रविष्ट होता है उसी के अनुसार रूप धारण कर लेता है और उनसे बाहर भी रहता है। ( कठोपनिषद 2-5-9)

## संपादकीय

# बड़ा फैसला

पिछले कुछ वर्षों के दौरान बच्चों से जुड़ी अश्लील फिल्मों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पूरे इंटरनेट का 37 फीसदी पोर्नोग्राफी है और इसके बड़े हिस्से में बच्चों को शामिल किया गया है। बाल पोर्नोग्राफी से निपटने के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग कई नियामक दिशानिर्देशों की अनुशंसा कर चुका है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर पोर्नोग्राफी और बच्चों एवं समाज पर इसके प्रभाव जैसे चिंताजनक मुद्दे पर अध्ययन के लिए गठित राज्यसभा की एडहॉक कमेटी ने 25 जनवरी, 2020 को सौंपी अपनी रिपोर्ट में सुझाव दिया था कि बाल पोर्नोग्राफी की परिभाषा को व्यापक बनाया जाए ताकि उसमें लिखित सामग्री और ऑडियो रिकॉर्डिंग भी शामिल की जा सके जोकि नाबालिग के साथ यौन गतिविधि का समर्थन करती हो या उसे प्रदर्शित करती हो। कानून में 'यौन स्पष्टता' को भी परिभाषित किया जाए। कमेटी ने सुझाव दिया था कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो को बाल पोर्नोग्राफी के सभी मामलों को अनिवार्य रूप से रिकॉर्ड और रिपोर्ट करना चाहिए। इस संबंध में सोमवार को उच्चतम न्यायालय ने एक बड़े फैसले में कहा कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को देखना और उसे डाउनलोड करना अपराध है। न्यायालय का मानना है कि पॉक्सो कानून में बच्चों के साथ यौन शोषण और दुर्व्यवहार के लिए 'बाल पोर्नोग्राफी' की जगह 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' (सीएसईएएम) लिखना सही होगा। क्योंकि बाल पोर्नोग्राफ़ी शब्द का प्रयोग अपराध को गौण बना सकता है।

पोर्नोग्राफ़ी को अक्सर वयस्कों के बीच सहमति से किया गया कार्य माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए यह फैसला सुनाया है। मद्रास उच्च न्यायालय ने एक निर्णय में कहा था कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 67 बी के तहत अपराध नहीं माना जा सकता। इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा गया था कि मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले से बाल पोर्नोग्राफी की मांग बढ़ेगी, लोग बच्चों को पोर्नोग्राफी में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। उच्च न्यायालय के फैसले से तय हो गया है कि चाइल्ड पोर्न डाउनलोड करना और देखना पॉक्सो अपराध की श्रेणी में आता है। इस संबंध में अदालत ने जो निर्देश दिए हैं उनसे संभावित अपराधों को रोकने में मदद मिल सकती है। फिलहाल सरकार अध्यादेश जारी कर सकती है। जरूरी है कि यौन शिक्षा जैसे कार्यक्रमों के संबंध में जनसामान्य के बीच भ्रामक सोच को दूर किया जाना चाहिए और युवाओं को यौन सहमति और यौन शोषण के प्रभाव की स्पष्ट समझ कराई जानी चाहिए।

# ऊर्जा क्षेत्र में करने होंगे नए प्रयोग



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

भारत की बात करें, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और यह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है।

दुनिया में एक बार फिर ऊर्जा क्षेत्र को लेकर चर्चा हो रही है। यह ऊर्जा क्षेत्र के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। आखिर क्यों बार-बार एनर्जी सेक्टर पर इतनी गंभीरता से बातचीत की जा रही है? क्यों वैश्विक मंचों पर इस मुद्दे को उठाया जा रहा है? असल में दुनिया ऊर्जा के क्षेत्र में संकटों का सामना कर रही है। सभी इस बात को समझ चुके हैं कि इस क्षेत्र पर अभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाला समय चुनौतीपूर्ण होगा। उभरते ऊर्जा संकट, घटते जीवाश्म ईंधन संसाधनों और उच्च तेल की कीमतों के साथ जलवायु परिवर्तन की चिंताओं ने बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय, वैकल्पिक, पर्यावरण अनुकूल और कार्बन तटस्थ ईंधन के विकास की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। अधिकांश ऊर्जा संकट स्थानीय कमी, युद्ध और बाजार में हेरफेर के कारण हुए हैं।

भारत की बात करें, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और यह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है। परिणामस्वरूप भारत ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है, जैसे कि सौर, पवन और जल विद्युत। वहीं देश के ऊर्जा क्षेत्र में अभी अपर्याप्त निवेश है। देश के ऊर्जा क्षेत्र को अपने बुनियादी ढांचे में सुधार और अपनी ऊर्जा क्षमता का विस्तार करने के लिए वृहद निवेश की आवश्यकता है, लेकिन सरकार और निजी क्षेत्र ऊर्जा क्षेत्र में पर्याप्त निवेश नहीं कर पा रहे हैं। देश की निम्न प्रति व्यक्ति आय और उच्च गरीबी दर भी लोगों के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का वहन कर सकना कठिन बनाती है। भारत विश्व के सबसे बड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जकों में से एक है और इसका ऊर्जा क्षेत्र इन उत्सर्जनों का एक प्रमुख योगदानकर्ता है।

हालांकि सरकार की ओर से अल्पकालिक और दीर्घकालिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि के लिहाज से 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता के 500 गीगावाट के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इधर, दुनिया में भारत

निवेश की बात करें तो देश के एनर्जी सेक्टर में साल 2000 से 2019 के बीच 14 .32 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। सरकार इस सेक्टर पर खासा ध्यान दे रही है, जिसके कारण आने वाले समय में इस सेक्टर में निवेश और बढ़ेगा। इससे नौकरी की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

एनर्जी ट्रांजिशन में ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है। यह उस विकास से स्पष्ट है, जो हमने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में हासिल किया है। अक्षय ऊर्जा क्षेत्र सेक्टर रोजगार उत्पादन की दृष्टि से भी उम्मीदें बंधाता हुआ नजर आ रहा है। पूरी दुनिया जहां जलवायु परिवर्तन के खतरे को रोकने के लिए इस क्षेत्र को विकसित करने में जुटी है, वहीं भारत जैसे विकासशील देश ने इस स्रोत के विकास में अच्छी सफलता हासिल की है। पिछले दस सालों में देश ने अक्षय ऊर्जा उत्पादन की अपनी क्षमता में पांच गुना बढ़ोतरी की है। इसके साथ ही ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में नए लक्ष्यों को तय किया है।

वहीं अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार पैदा करने के लिहाज से चीन, ब्राजील और अमेरिका के बाद भारत दुनिया में चौथे नंबर पर है। पूरे विश्व में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में नियुक्त लोगों का 5.7 प्रतिशत भारत में है। इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, दस साल पहले तक सेक्टर ने भारत में चार लाख नौकरियां उत्पन्न की थीं। असल में भारत में एनर्जी सेक्टर में आगे काफी ग्रोथ की संभावनाएं हैं और इस सेक्टर में जाने के लिए छात्रों को कुछ खास कोर्स करने की जरूरत पड़ेगी। एनर्जी सेक्टर में बीटेक पावर, एमबीए ऑयल एंड गैस, एमए एनर्जी इकोनॉमिक्स, सोलर एनर्जी आदि से जुड़े कई कोर्स होते हैं, लेकिन आने वाले समय में सबसे ज्यादा संभावनाएं सोलर एनर्जी में है, इसलिए छात्रों को इसी कोर्स का चुनाव करना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए एनर्जी सेक्टर को रिवाइव करना जरूरी होगा।

वहीं देश में एलईडी बल्ब के इस्तेमाल से उजाले के लिए खर्च होने वाली बिजली में करीब 75 फीसदी की कमी आई है। अध्ययन बताते हैं कि ऊर्जा दक्ष उपकरणों के इस्तेमाल से करीब 30 फीसदी बिजली खपत कम की जा सकती है यानी भवनों में 1.20 लाख गीगावाट बिजली बचाए जाने की संभावना है। यदि भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानक लागू हो जाएं, तो अतिरिक्त 30 फीसदी बिजली बच सकती है। यह बिजली बिहार और झारखंड जैसे राज्यों के एक साल की जरूरत के बराबर है। सांख्यिकी मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, देश में उद्योग जगत सबसे ज्यादा 42 फीसदी बिजली खर्च करता है। घरेलू क्षेत्र 24 फीसदी बिजली खर्च करता है। व्यावसायिक भवनों में बिजली की खपत आठ फीसदी है। भवन क्षेत्र की कुल खपत 32 फीसदी है, लेकिन भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानकों का क्रियान्वयन सबसे कम हुआ है।

निवेश की बात करें तो देश के एनर्जी सेक्टर में साल 2000 से 2019 के बीच 14.32 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। सरकार इस सेक्टर पर खासा ध्यान दे रही है, जिसके कारण आने वाले समय में इस सेक्टर में निवेश और बढ़ेगा। इससे नौकरी की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। 2022 तक भारत सरकार नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता को बढ़ाकर 175 गीगावाट कर चुकी है। इसमें 100 गीगावाट सोलर पावर और 60 गीगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। वहीं भारत की कोल आधारित क्षमता 2040 तक 191 गीगावाट से बढ़कर 400 गीगावाट होने की संभावना है। हालांकि भारत लंबे समय से ऊर्जा उत्पादन के लिए सबसे ज्यादा भरोसा कोयले पर करता आया है, लेकिन पिछले दशक के मध्य से इसमें ग्रीन एनर्जी की भागीदारी महत्वपूर्ण रही है।

मौजूदा समय में भारत की ऊर्जा पर निर्भरता दूसरे देशों पर ज्यादा है। देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई पहल की जा रही हैं। इसी क्रम में नवीकरणीय ऊर्जा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जिसके लिए सोलर एनर्जी के क्षेत्र में सरकार की ओर से काफी काम किया जा रहा है। भारत ने साल 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य करने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए लगभग 50 प्रतिशत ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित करना बड़ा लक्ष्य है। साल 2040 तक भारत की ओर से 15,820 टेरावाट आवर बिजली का उत्पादन नवीकरणीय स्रोत से करने का भी लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में सोलर एनर्जी इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न कंपनियां सोलर एनर्जी की तरफ तेजी से काम कर रही हैं। इसकी वजह से इस सेक्टर की कंपनियों में अच्छी ग्रोथ देखने को मिल रही है।

देखा जाए तो देश में ऊर्जा क्षेत्र में त्वरित सुधारों की दरकार है। सबसे पहले तो आयात पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू कोयले की गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान देना होगा। इसे कोयले के कैलोरी मान को बढ़ाने और राख की मात्रा को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी में निवेश कर प्राप्त किया जा सकता है। वहीं नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करना होगा। देश में सौर, पवन और जल विद्युत जैसे ऊर्जा स्रोतों की अपार क्षमता मौजूद है। सरकार को प्रोत्साहन राशि और सब्सिडी के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास को प्रेरित करना चाहिए।

असल में वैश्विक ऊर्जा संकट के समाधानों का व्यापक रूप से उपयोग नहीं किया जा रहा है। सबसे अच्छा विकल्प यह है कि गैर-नवीकरणीय संसाधनों पर दुनिया की निर्भरता को खत्म किया जाए और समग्र संरक्षण प्रयासों में सुधार किया जाए। पीले बल्बों की जगह एलईडी बल्ब लगाएं। वे कम ऊर्जा की खपत करते हैं और लंबे समय तक चलते हैं। अगर दुनिया में लाखों लोग आवासीय और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए एलईडी का उपयोग करते हैं, तो ऊर्जा की मांग कम होगी और संकट से बचा जा सकेगा। इसके अलावा, सौर पैनलों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जानी चाहिए ताकि जनता को अक्षय ऊर्जा विकल्पों की जांच करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। ज्यादा स्टार वाले उपकरण खरीदे जाने चाहिए, इससे बिजली की बचत होगी। वहीं बिना रेटिंग वाले उपकरणों की बिक्री पर रोक होनी चाहिए। ऊर्जा दक्षता को लेकर लोगों को अभी भी जागरूक होने की दरकार है। इस तरह छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर हम बिजली की बचत कर सकेंगे।

## प्रसंगवश


# अव्यावहारिक मुद्दा

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कमेटी ने एक देश एक चुनाव की सिफारिश कर दी थी,जिसे केंद्रीय कैबिनेट ने अंगीकार कर लिया है और संसद के शीतकालीन सत्र में इस हेतु विधेयक लाने पर सरकार विचार कर रही है। इस पर विपक्ष का एक बड़ा धड़ा विरोध कर रहा है और इसे महत्वपूर्ण मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने की सत्ता पक्ष की चाल बता रहा है। वैसे भी यह काफी कुछ अव्यावहारिक लग रहा है और इसे लागू करना लोहे के चने चबाने के समतुल्य है। इसे कार्यान्वित करने हेतु 18 संविधान संशोधनों की जरूरत होगी,जिसके लिए दोनों सदनों में उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के 2/3 बहुमत की आवश्यकता होगी,जो सत्तारूढ़ गठबंधन के पास नहीं है। सरकार के सहयोगी दल जनता दल( यूनाइटेड )और तेलगू देशम् पार्टी भी अभी तक मौन धारण किए हैं। इन संशोधनों में कुछ को विधानसभाओं से भी पारित कराना होगा,जिनमें अनेक में विरोधी दलों की सरकारें हैं,वे इसमें रोड़े अटकाएंगी। आने वाले विधेयक का मसौदा तो अभी सामने नहीं है,किंतु कोविंद समिति की संस्तुतियां ही समस्या का सही और संपूर्ण निदान नहीं बता पा रही हैं। उदाहरणार्थ यदि बीच में कोई विधानसभा भंग हो जाए,तो समिति कहती है कि उसका चुनाव सिर्फ बचे हुए कार्यकाल के लिए हो। यह क्या बात हुई? चुनाव तो बीच में हुआ ही;'फिर एक देश एक चुनाव'कैसे रह पाएगा? इसके अलावा यदि लोकसभा ही अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाती है,तब क्या होगा? ऐसी कई परिस्थितियां हो सकती हैं। मिली जुली सरकार हो और सहयोगी समर्थन वापस ले लें;फिर कोई दल या गठबंधन सरकार बनाने की स्थिति में न हो। या सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास हो जाए और कुछ दल सत्ता और विपक्ष दोनों से दूरी बना लें। दरअसल,देश के संघीय ढांचे के चलते एक देश एक चुनाव सम्भव नहीं हो पायेगा और संघीय ढॉचा बदला नहीं जा सकता क्योंकि सुप्रीमकोर्ट ने आदेशित कर रखा है कि कोई ऐसा संशोधन नहीं किया जा सकता है ,जिससे संविधान के मूल ढांचे में परिवर्तन हो जाय। इन परिस्थितियों में फिलहाल यह मुद्दा सिर्फ चर्चा में ही बने रहने की संभावना है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ मजबूत विपक्ष



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

विपक्ष जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। मजबूत विपक्ष वह है, जिसमें अगले चुनाव में पक्ष के रूप में अंतरित होने की संपूर्ण संभावना संगर्भित हो।

कौन कहता है, इस महान, प्राचीन देश की महान, प्राचीन संस्थाओं के संरक्षण-परिवर्धन में एक ही राजनीतिक दल का योगदान है? यह तो अन्य दलों के साथ सरासर अन्याय होगा। उदाहरण के लिए जाति प्रथा को ले लीजिए। एक महान प्राचीन संस्था,जो इस देश की अनन्य विरासत है। पहले इसकी व्याप्ति रोटी-बेटी तक सीमित थी। अब मतदान में भी इसका विस्तार हो गया है। जैसे अपनी ही जाति में रोटी-बेटी,वैसे अपनी ही जाति में मतदान। इस विस्तार में सभी दलों का समान योगदान है।

बात राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं। अगर आप कॉलेजों एवं अन्य शैक्षिक संस्थाओं के, विशेषकर देहाती इलाकों में नामकरण का अध्ययन करें तो कुछ दिलचस्प तथ्य सामाने आ सकते हैं। पता लगाएं कि महामना मदनमोहन मालवीय इंटर कालेज खोलने और चलाने वाले प्रधानतः किस जाति के लोग हैं। फिर कोई महाराणा प्रताप महाविद्यालय मिलेगा। पता लगाइए, इसे खोलने-चलाने वाले मुख्यतः किस जाति के हैं? महात्मा गांधी इंटर कालेज भी मिलेंगे ही,पता करें इनके पीछे किस जाति के लोग हैं? बाबू राजेंद्र प्रसाद और यहां तक कि बंगाल से दूर-दराज के इलाके में भी सुभाष चंद्र बोस डिग्री कालेज मिल सकते हैं। पता करिए इन सबकी प्रबंध समिति में किस जाति के लोगों का बोलबाला है?

आप पाएंगे कि हमने बड़ी शाइस्तगी से अपने महापुरुषों को जातियों के हिसाब से बांट लिया है। महामना मदन मोहन मालवीय पर सिर्फ एक जाति का हक हो गया है। महाराणा प्रताप पर दूसरी जाति काबिज हो गई है और महात्मा गांधी को तीसरी जाति के लिए छोड़ दिया गया है। बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ है और सुभाष चंद्र बोस रहे होंगे पक्के सेक्युलर और अनन्य राष्ट्रभक्त, लेकिन हमारे जातीय बंटवारे में वे बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ एक चौथी जाति के हिस्से में पड़ गए हैं तो क्या किया जाए!

एक जाति ने कब्जाया और बाकी जातियों ने चुप्पी साधकर रजामंदी दे दी,अब और क्या चाहिए? इन महापुरुषों से पूछने की क्या जरूरत कि वे देश के महापुरुष कहलाना चाहेंगे या अपनी-अपनी जाति के? यह महान देश है। हमने तो भगवानों/अवतारों तक को बांट लिया है तो महापुरुषों की क्या बिसात? परशुराम केवल एक जाति के भगवान होकर रह गए हैं। इधर कृष्णावतार पर भी एक नई उभरती जाति ने कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। देखना है,वे कब तक और जातियों के भक्तों को उपलब्ध रहते हैं। बात राजनीतिक दलों की हो रही थी। कई वर्षों के अंतराल के बाद कांग्रेस को अपने दम पर अधिकृत विपक्षी दल का तमगा मिल गया है। कुछ अच्छे माने जाने वाले सुधार,जो पहले असंभव लगते थे,साकार हो रहे हैं। कुछ बुरे माने जाने वाले सुधार,जो पहले संभव लगते थे,ठंडे बस्ते में डाल दिए गए हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल जी खानदानी राजनीतिज्ञ हैं। अब वे अधिक गंभीर,आश्वस्त,जिम्मेदार और अधिक वाचाल भी हो गए हैं। प्रधानमंत्री के लिए अन्य पुरुष, एकवचन का व्याकरण सम्मत प्रयोग अधिक करने लगे हैं। हर मुद्दे की तरह व्याकरण के मुद्दे पर भी अधिक मजबूत हुए हैं।

विपक्ष जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। मजबूत विपक्ष वह है, जिसमें अगले चुनाव में पक्ष के रूप में अंतरित होने की संपूर्ण संभावना संगर्भित हो। कांग्रेस में है और राहुल में है। सबसे बड़ी बात,वे सदन के अकेले गांधी हैं। इस संभावना को मूर्त करने के लिए कांग्रेस ने अन्य प्रमुख दलों के साथ हाथ मिला लिया है। यह समय की मांग है, सत्ताकामी राजनीति की जरूरत है। अन्य दलों की अवांछित महत्वाकांक्षा आड़े आ सकती है। उन्हें ऐसे मजबूत विपक्ष की संरचना के लिए तीन काम करना अनिवार्य है।

एक तो उनके कर्णधारों को अवांछित महत्वाकांक्षा से मुक्त रहकर,कांग्रेस को प्रतिद्वंद्वी के बजाय सहधर्मी दल मानकर उसका नेतृत्व दिल से और हर प्रांत में स्वीकार करना होगा। दूसरा जिन दलों में (उन्हीं की करतूतों के चलते) जातीय रुझान होने का तमगा लग चुका है,इस तमगे से मुक्ति के लिए प्रकट और विश्वसनीय प्रयास करने होंगे और तीसरा काम इनमें से जो क्षेत्रीय दल हैं, उन्हें अखिल भारतीय दृष्टि विकसित करनी होगी और अखिल भारतीय नीति और कार्यक्रम का खाका बनाना पड़ेगा। ये सभी प्रमुख दल कांग्रेस के साथ न्यूनतम साझा कार्यक्रम बना सके तो इनका,कांग्रेस का और जनतंत्र का भविष्य उज्ज्वल होगा। यक्ष प्रश्न है कि क्या ये ऐसा कर पाएंगे?

## सोशल फोरम

# हिंदी प्रदेशों का शिक्षित मध्यवर्ग

पश्चिम बंगाल में जूनियर डाक्टरों ने पिछले 10 अगस्त से एक जूनियर महिला डाक्टर के रेप के विरुद्ध न्याय की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया है, जो पुलिस कमिश्नर, प्रमुख स्वास्थ्य अधिकारियों को उनके पद से हटाए जाने और जूनियर डाक्टरों के काम पर लौटने के बाद भी अभी समाप्त नहीं हुआ है। कोलकाता इसका केंद्र है , जबकि देश के कई नगरों और विदेशों में भी इसकी प्रतिध्वनि सुनाई पड़ी है। हजारों–हजार नागरिकों, बुद्धिजीवियों, शिक्षकों, कलाकारों ने 'रिक्लेम द नाइट' में मोबाइल टॉर्च लेकर जुलूस निकाला। दिन के जूलूस में गीत–संगीत तथा कई कलात्मक प्रयोग होते रहे। लोग बरसात में भीगते हुए रात-दिन डटे रहे, कहीं भी झुके नहीं। कोलकाता में 20 किलोमीटर लंबे शांतिपूर्ण जूलूस में लोगों ने जूनियर महिला डाक्टर के रेप के विरोध में आवाज उठाई। पिछले लगभग 40 दिनों से 'वी वांट जस्टिस' के केंद्रीय नारे के साथ पूरा आंदोलन बिना किसी राजनैतिक झंडे और घुसपैठ के चला। यह सब कोलकाता के लिए भी अभूतपूर्व है। मेरे मन में कुछ प्रश्न उठे : यह एक मध्यवर्गीय आंदोलन ही है और निश्चय ही इसके केंद्र में डाक्टरों के हित की मांगें हैं। इसका चरित्र दिल्ली– हरियाणा–पंजाब के पिछले किसान आंदोलन से भिन्न है। फिर भी जागरूक नागरिकों ने इसका साथ दिया, क्या इसे अभी भी मध्यवर्ग की अंतरात्मा के बचे होने, नागरिक बोध के बचे होने का लक्षण माना जा सकता है?

मध्यवर्ग केवल बंगाल में नहीं, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश आदि हिंदी क्षेत्रों में भी है। क्या वहां का मध्यवर्ग या शिक्षित नागरिक ऐसे किसी भी मुद्दे पर मिल-जुलकर इस तरह लंबे समय तक आंदोलन करने की स्थिति में हैं? और उनमें उच्च अधिकारियों को हटाने और किसी भी एक न्याय के लिए निरंतर लड़ने की ताकत है? यदि नहीं है तो क्यों नहीं है?

जूनियर डाक्टर के आंदोलन के मुद्दों में चिकित्सा क्षेत्र में व्यापक दुर्नीति और नर्सिंग होम, बड़े अस्पतालों में मनमानी लूट के मुद्दे शामिल नहीं हैं और मांगें उनकी सुरक्षा तक सीमित है। यह उनके आंदोलन की सीमा है।

-फेसबुक वॉल से



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

# एक देश, एक चुनाव के मायने

पांच साल में प्रत्येक ढाई साल के अंतराल में एक बार केंद्र के लिए और एक बार राज्य के लिए होने चाहिए देश के चुनाव। मोदी सरकार ने इच्छा शक्ति के साथ एक देश-एक चुनाव का फैसला कर लिया। देश की आजादी के वक्त केंद्र और राज्य के चुनाव एक साथ ही हुए थे। किंतु राजनितिक कारणों से उत्पन्न विभिन्न मध्यावधि चुनावों के चलते विभिन्न राज्यों और केंद्र सरकार के समय में अंतर आने लगा। प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक मंचों से इस बात को कई बार दोहराया है कि बार -बार चुनाव होने की वजह से देश के विकास में बाधा आती है।

हमारे देश में चुनाव पांच साल में होता है। अमेरिका आदि देशों में यह समय 4 वर्ष का है। भारत में पांच साल के बीच कोई चुनाव ना होने का अर्थ है सत्ता की निरकुंशता। पांच साल तक जो मन चाहे करने का लाइसेंस। बीच -बीच में होने वाले चुनाव केंद्र सरकार को अलोकप्रिय निर्णय लेने से रोकती है और तानाशाही रवैये पर भी लगाम कसती है। आज जो पार्टी सत्ता में है, कभी उसको भी विपक्ष में बैठना पड़ जाए तो इस सत्य का अनुभव उसको भी होगा कि जब देश में राज्य और केंद्र में एक साथ चुनाव होते थे तो अधिकतर सभी राज्यों और केन्द्र में एक ही पार्टी के उम्मीदवार चुनाव जीतते थे। राज्य और केंद्र में एक ही पार्टी का वर्चस्व था।

राज्य और केंद्र के चुनाव एक साथ होने पर केन्द्रीय मुद्दे राज्य की राजनीति को प्रभावित कर सकते हैं एवं राज्य स्तर के क्षेत्रीय मुद्दे केंद्र की राजनीति को। ऐसा बहुत कम होने की संभावना रहेगी कि एक ही समय में एक आम मतदाता लोकसभा में किसी और एवं विधानसभा में किसी और पार्टी के लिए वोट करेगा। आम मतदाता का मन किसी समय में भाजपाई तो किसी समय में कांग्रेसी /समाजवादी तो हो सकता है किंतु एक ही समय में एक साथ केंद्र में भाजपाई और राज्य में कांग्रेसी /सपाई नहीं होगा।



अनिरुद्ध चौहान
सीजीएसटी अधिकारी

कभी- कभी किसी विशेष लहर (धार्मिक, सामाजिक, सहानुभूति या अन्य) के सहारे एक ही पार्टी या विचारधारा का राज्यों और केंद्र में बहुमत आ सकता है। इस प्रकार विविधताओं वाले देश में एक ही विचार के हावी होने का खतरा है। उदाहरण स्वरूप यदि हम 2024 के लोकसभा चुनाव को साक्ष्य रखते हुए बात करें तो इस बार यूपी में लहर समाजवादी पार्टी समेत विपक्ष के पक्ष में रहीं। अब यदि लोकसभा के साथ ही यूपी विधानसभा चुनाव भी हो गए होते तो केंद्र में मोदी सरकार तो यथावत रहती, योगी जी के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार को खतरा हो जाता। अब यूपी में कम हुई सीटों से यदि उत्तर प्रदेश सरकार सीख ले तो 2027 में फिर से बहुमत हासिल कर लेगी। इसी प्रकार 2014 में मोदी लहर के चलते यूपी की सभी सीटों पर भाजपा ने विपक्षी दलों का सूपड़ा साफ कर दिया। यदि 2014 में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए होते तो अखिलेश सरकार 2017 तक नहीं चल पाती। राज्य और केंद्र के चुनाव एक साथ होने के समय मे विधायक प्रत्याशी अपने और सांसद प्रत्याशी प्राथमिक तौर पर अपने चुनाव जीतने के लिए ही कार्य करते दिखाई देंगे। यदि सरकार एक साथ चुनाव चाहती है तो उसे वन नेशन वन इलेक्शन नहीं, वन नेशन टू इलेक्शन के सिद्धांत पर कार्य करना होगा। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराएं और लोकसभा की सभी सीटों के लिए एक साथ। और दोनों चुनावों के बीच में ढाई साल का अंतराल होना चाहिए। इस प्रकार राज्य विधानसभाओं के होने वाले चुनाव केंद्र सरकार की ढाई साल की कार्य का परीक्षण जैसा होगा। जिस प्रकार क्रिकेट में वर्ल्ड कप और मिनी वर्ल्ड कप (चैंपियंस ट्राफी) होती है, ठीक उसी तर्ज पर। इस प्रकार की व्यवस्था से जनता के बाद हर ढाई साल में (पहले लोकसभा फिर विधानसभा) के माध्यम से सरकार की कार्यप्रणाली का अवलोकन करने का एवं उस पर अपने निर्णय सुनाने का अधिकार होगा।

# शुद्धता - एक दिवास्वप्न

अभी तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू में प्रयुक्त घी की शुद्धता पर धमाचौकड़ी मची हुई है, परिणाम का पता बाद में चलेगा क्योंकि अभी कुछ गुजरात की प्रयोगशाला पर प्रश्न कर रहे हैं, तो कुछ मुख्यमंत्री नायडू की अपने पूर्व मुख्यमंत्री से राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता देख रहे हैं।

आज मैं मसालों की बात करता हूं। कुछ वर्ष पूर्व मैं केरल के कोच्चि शहर गया था। मसाले उत्पादन में केरल सैकड़ों वर्ष से प्रसिद्ध था। अरब और यूरोपीय व्यापारी मसाले के लालच में मध्य काल से केरल से व्यापार कर रहे थे। मैं कोच्चि के मसाला बाजार की एक दुकान में गया तो मसालों की सुगंध से ही मन भर गया। मेरी पहले लौंग के बोरे पर दृष्टि गई,तो उसमें रखी लौंग का आकार देख हतप्रभ रह गया। सुडौल और उससे निकलने वाली महक से मैं मंत्रमुग्ध हो गया। पूछने पर दुकानदार ने बताया कि हमारे उत्तर प्रदेश आदि में जो लौंग मिलती है, वह लौंग से तेल निकालने के बाद वाली लौंग है, इसीलिए वह सूखी व कम महक वाली होती है। लौंग के तेल का उपयोग चिकित्सीय कार्यों में होता है। यही हाल वहां पैदा होने वाले अन्य मसालों इलायची, काली मिर्च, जायफल आदि का होता है। मैं वहां से थोड़ा मसाले दैनिक उपयोग के लिए घर लाया और अब हम मसाले वहीं से कोरियर से मंगाते हैं। गुणवत्ता के कारण यह मसाले सब्जी या मांसाहारी खाने में कम मात्रा में ही प्रयुक्त होते हैं तथा अब यहां मिलने वाले मसाले कम अच्छे लगते हैं। वहां के शुद्ध मसाले सालों पड़े रहने पर खराब नहीं होते।

फसलों में प्रयुक्त होने वाले रसायनों, कीटनाशकों से फसल के साथ वहां की मिट्टी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लौकी का आकार बढ़ाने हेतु, गाय भैंस का दूध बढ़ाने हेतु उनमें इंजेक्शन से दवा पहुंचाई जाती है। बैंगन में तो इतनी जहरीली दवा का छिड़काव होता है कि हमने बाजार का बैंगन खाना ही छोड़ दिया। आम हो या सेब, कीटनाशक दवा तो पड़ती ही है जिससे फल सुरक्षित रहें।अब तो आंवला की बाग में भी कीटनाशक दवा का छिड़काव हो रहा है। पेड़ों व जमीन पर पड़े रसायन एवं विष पानी के रास्ते जमीन के भीतर एकत्रित जल तक जाकर उसे प्रदूषित कर रहे हैं।

मैं 12-15 वर्ष का था, घर के किसी आयोजन के लिए दूध खरीद कर लाने हेतु पिताजी ने एक यादव को लगाया। जब यादव जी दूधिया के घर गए तो उसने शुद्ध दूध का रेट तीन रुपए प्रति लीटर बताया,जबकि तब 2.50 रुपए का रेट था। यादव जी ने कहा, ठीक है लेकिन दूध शुद्ध हो। वह शुद्ध दूध के लिए 3.50 रुपए का रेट लगाया। यादव जी के अपने सामने ही दूध दुहाने की बात करने पर वह 3.75 रुपए प्रति लीटर का रेट बताया। जब रेट के इतना बढ़ने की बात यादव ने की तो उसने शुद्धता के साथ रेट बढ़ना बताया। बाजार में जब हम सस्ता सामान लेंगे तो शुद्धता से समझौता करना ही पड़ेगा। अधिक दाम देने पर भी शुद्धता की गारंटी नहीं है। यह मिलावट और प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है, इससे खाद्य,जल,वायु सभी प्रभावित हो रहे हैं। इसका हल फिलहाल दिख नहीं रहा है।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

# काम का दबाव

काम के दवाब में एक युवा चार्टेड एकाउंटेड की कार्डियक अटैक से असामयिक मृत्यु देश के सफेद कालर वालों के लिए दिल को छू देने वाली घटना है। इसने पूंजवादी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं और मानवता की ओर गंभीर चिंतन पर अपना ध्यान खींचा है। हमारे नीति निर्धारक जो पूंजीवाद पर आधारित नीतियों के पोषक हैं उनके द्वारा सामाजिक दृष्टिकोण भुला दिया गया है।

केरल निवासी एक होनहार 26 वर्षीय अन्ना सेबेस्टियन पेरायिल की अस्वभाविक मृत्यु ने आधुनिक कार्य संस्कृति के बारे में एक महत्वपूर्ण चर्चा को प्रज्ज्वलित कर दिया है, उसकी मां ने नियोक्ता कंपनी के चेयरमैन राजीव मेनानी को लिखे पत्र में नौकरी के कार्य दवाब को इस मृत्यु से जोड़ा है।

इस त्रासदी भरी खबर का दो महीने बाद सामने आना,और उस पर प्रतिक्रिया ने अचंभित किया है।

क्या हम कर्मचारियों के काम के संकट के सकेतों को समझने और उन पर कारवाई करने में बहुत धीमे है? कंपनी ने घटना पर अपना दुख तो जाहिर किया है। परंतु अंतिम संस्कार में संस्थान के लोगों के शामिल न होने ने एक बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है, जबकि इस कंपनी में एक लाख कर्मचारी है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

## एक नजर

### चोरी की बाइकों समेत दो आटोलिफ्टर गिरफ्तार

एटा। थाना मलावन पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, जो चोरी की मोटरसाइकिलें लेकर जा रहे थे। पुलिस सोमवार सुबह करीब आठ बजे कंगरौल पेट्रोल पंप के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध अवस्था में घूम रहे दो लोगों को पुलिस ने रोक लिया। उनके पास दो मोटरसाइकिलें मिलीं, जो चोरी की थीं। पुलिस ने तुरंत दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में एक केशव सिंह पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी ग्राम कोमरी खतौली थाना सासनी हाल पता रामविहार कॉलोनी अंडा चौक श्मशान घाट वाली गली चोकी टीला थाना लोनी बार्डर जिला गाजियाबाद। दूसरा आशीष पुत्र रमेश चन्द्र निवासी मनडोली प्रताप नगर गली नम्बर 17 जानकी मन्दिर के पास थाना हर्ष विहार दिल्ली हैं।

### नाबिद बने मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष

भरगैन। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष ने भरगैन के नाबिद पठान छोटू भैया को कासगंज का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। नाबिद लंबे समस से समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं। उनके जिलाध्यक्ष बनने पर तारिक अनवर, मोहम्मद जीशान, मोहम्मद रिहान, आमिर खान, नवाब आलम मुनीमजी, हाशिम खान, कौसर, सोनू वीर अहीर, रिहान खान खुशी का इजहार किया है।

# स्कूल खोलने को लेकर प्रधानाध्यापिका व शिक्षामित्र में मारपीट, वीडियो वायरल

## बीएसए ने मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी को दी, रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, एटा/ जलेसर

**अमृत विचारः** स्कूल का गेट खोलने को लेकर प्राथमिक विद्यालय सराय नीम की प्रधानाध्यापिका व शिक्षा मित्र के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों ने एक-दूसरे के थप्पड़ मारने का आरोप लगाया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ हो गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ जलेसर कोतवाली में तहरीर दी है। बीएसए ने इसकी जांच खंड शिक्षाधिकारी को दे दी है।

जलेसर विकास खंड के सराय नीम गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षा मित्र पुष्पेंद्र ने बताया कि बीते रविवार को साक्षरता अभियान के तहत चिह्नित किए निरक्षर लोगों की परीक्षा थी। सुबह करीब नौ बजे परीक्षा शुरू होने से पहले शिक्षामित्र भंवर सिंह व सभी शिक्षक स्कूल पहुंच गए। स्कूल के गेट की चाबी न होने के कारण सभी स्कूल के बाहर बैठे थे। करीब आधा घंटे बाद प्रिंसिपल संगीता रानी


सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का फोटो।

- विकासखंड जलेसर के सराय नीम स्थित स्कूल का मामला

स्कूल पहुंची। उन्होंने पूछा कि अभी तक स्कूल क्यों नहीं खोला ? इस पर शिक्षामित्र भंवर सिंह ने कहा- मेरे पास चाबी नहीं है। तभी संगीता रानी ने कहा कि खड़ा है गेट नहीं खोल सकता। साथ ही गाली गलौज करने लगीं। इसका विरोध पर संगीता रानी ने भंवर सिंह पर हाथ उठा दिया। फिर दोनों में मारपीट होने लगी। पुष्पेंद्र ने बताया कि संगीता रानी आए दिन स्टाफ से गाली गलौज करतीं रहती हैं। उस दिन भी गुस्से में थीं, जिससे मारपीट की। मौके पर खड़े लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया।

बेसिक शिक्षाधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो जलेसर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सराय नीम का है। इस मामले में खंड शिक्षाधिकारी से जानकारी की गई है। उनसे जानकारी मिलने के पश्चात आगे कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, खंड शिक्षा अधिकारी नीलम सिंह ने बताया कि यह मामला संज्ञान में आया है। सराय नीम प्राथमिक विद्यालय में चिह्नित निरक्षर लोगों की परीक्षा कराई जा रही थी। इसी दौरान हेड मास्टर संगीता रानी द्वारा सहयोगी शिक्षामित्र के साथ गाली गलौज व मारपीट की गई। मैं मौके पर जांच करने गई थी। हेड मास्टर छुट्टी पर हैं। एक पक्ष को सुन लिया गया है। दूसरे पक्ष को सुनने के बाद कार्रवाई की जाएगी। विभागीय सूत्रों के अनुसार वर्ष 2019 में संगीता रानी ने कोसमा प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक कुंवरपाल से मारपीट की थी। जांच पूर्ण होने के बाद कार्रवाई की जाएगी। हालांकि दोनों शिक्षा मित्रों को पुलिस ले गई थी, जो जमानत पर छूट चुके हैं।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

एटा। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के कासगंज रोड स्थित यमाह मोटरसाईकिल एजेंसी के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया है। घटनाक्रम के अनुसार कासगंज कोतवाली क्षेत्र के बढारी गांव के रहने वाले सदन सिंह (38) पुत्र देवेन्द्र सिंह को रविवार की देर रात बाइक से जाते समय कोतवाली देहात के कासगंज रोड स्थित यमाह मोटरसाईकिल एजेंसी के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों को दी गई। सूचना मिले ही परिवारीजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर कानूनी कार्रवाई की है।

### घर में घुसकर नगदी व अन्य सामान चोरी

जलेसर। नगर के प्रमुख पुस्तक विक्रेता के गोदाम से चोर व सामान चोरी करके ले गए। घटना के संबंध में पुस्तक विक्रेता द्वारा कोतवाली में तहरीर दी है। घटनाक्रम के संबंध में पुस्तक विक्रेता रवि जैन ने बताया कि वह रात्रि में 8:30 बजे गोदाम व दुकान बंद करके घर चले गए थे, रात्रि में ही अज्ञात चोरों द्वारा छत से चढकर आकर गल्ले में रखे हुए 29000 नगर एलइडी टीवी व कुछ अन्य सामान चोरी कर ले गए। गोदाम में चल रहे काम के चलते सीसीटीवी कैमरा बंद थे, गोदाम में सो रहे चौकीदार को इसकी भनक तक नहीं लग पाई।

# दोस्त के घर गए युवक की मौत, हत्या की आशंका


पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के परिवार वाले। इंसेट में मृतक कौशलेन्द्र।

संवाददाता, एटा

- रविवार रात घर बुलाने आया था आरोपी, परिजनों ने मना किया तो फोन कर बुला लिया
- रात 12:30 बजे मिली कौशलेंद्र के मरने की सूचना करंट लगने की दी जानकारी

**अमृत विचारः** बागवाला थाना क्षेत्र में एक युवक की दोस्त के घर में अचानक मौत हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बागवाला थाना क्षेत्र के ग्राम कंसुरी निवासी किशनलाल ने कौशलेन्द्र सिंह (20) पुत्र किशनलाल रविवार रात गांव में रहने वाले अपने दोस्त गौरव के घर गया था। जहां रात में करीब 12:30 बजे कौशलेंद्र की मौत हो गई। पिता किशनलाल ने बताया कि कौशलेन्द्र को रात नौ बजे गौरव बुलाने आया था। तब उन्होंने उसके साथ जाने से मना कर दिया। इसके बाद गौरव ने फोन करके कौशलेन्द्र को बुला लिया। रात में 12:30 बजे उनके घर आकर गौरव ने करंट लगने से गौरव का मौत होने की सूचना दी। इस पर परिजन मौके पर पहुंचे। जहां कौशलेंद्र का शव जमीन पर पड़ा था। किशनलाल ने इसकी सूचना देकर हत्या किए जाने की आशंका जताई।

# रोजगार में एटा को प्रदेश में मिला दूसरा स्थान

संवाददाता, एटा

**अमृत विचारः** एटा जिले ने मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के तहत श्रमिकों को रोजगार प्रदान करने के मामले में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जारी किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, एटा ने राज्य स्तर पर श्रमिकों की मांग के सापेक्ष काम उपलब्ध कराने में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। यह सफलता न केवल एटा जिले के प्रशासनिक प्रयासों की सराहना करती है, बल्कि मनरेगा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीण विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

एटा जिले ने मनरेगा योजना के तहत कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का संचालन किया है, जिससे न केवल जिले के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया है, बल्कि श्रमिकों को निरंतर रोजगार उपलब्ध कराने में भी सफलता प्राप्त हुई है। इसमें सड़क निर्माण, तालाब खुदाई, सिंचाई नहरों की मरम्मत, और जल संरक्षण से जुड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं। इन कार्यों ने न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति को बढ़ाया है, बल्कि स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग भी सुनिश्चित किया है।

मनरेगा योजना के तहत श्रमिकों को दिए गए रोजगार ने उनकी आर्थिक स्थिति को काफी हद तक मजबूत किया है। आर्थिक सुदृढ़ता के साथ-साथ मनरेगा ने रोजगार की तलाश में बड़े शहरों की ओर होने वाले पलायन को भी रोकने में मदद की है। योजना के अंतर्गत मजदूरों को गांव में ही काम मिलने से उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है।मनरेगा के तहत चल रहे विभिन्न परियोजनाओं ने न केवल ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है, बल्कि पर्यावरणीय स्थिरता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जल संरक्षण और कृषि भूमि की सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया गया है। तालाब खुदाई और सिंचाई नहरों की मरम्मत जैसी गतिविधियों ने जल प्रबंधन में सुधार किया है, जिससे किसानों को कृषि कार्य में मदद मिली है और जल संकट को कम करने में सफलता प्राप्त हुई है। डीसी मनरेगा प्रभु दयाल सिंह ने बताया मनरेगा के तहत किया जा रहे निरंतर सुधारो के चलते आज एटा की स्थिति राज्य स्तर पर दो पर पहुंची है जल्द ही प्रदेश में सर्वप्रथम स्थान प्राप्त करेगा।

# सभासदों ने नगर पालिका के खिलाफ खोला मोर्चा

संवाददाता, अलीगंज

**अमृत विचार :** अलीगंज नगर पालिका परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में डेढ़ दर्जन सभासदों ने मोर्चा खोल दिया है। सभासदों ने बैठक कर निर्णय लिया है कि उनकी समस्याओं का एक सप्ताह में नहीं सुना गया तो एकत्रित होकर डीएम को शिकायती पत्र सौंपेंगे। सभासदों का आरोप था कि जो भी निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं उनमें भ्रष्टाचार किया जा रहा है। बोर्ड की बैठक न बुलाकर मनमाने ढंग से कार्य कराए जा रहे है तथा सभासदों को दरकिनार किया जा रहा है।

सभासद संघ की बैठक सुभाष वर्मा की अध्यक्षता में उनके प्रतिष्ठान पर आयोजित हुई। बैठक में सभासद सुनील सक्सेना ने कहा कि पालिका में किसी भी सभासद का सम्मान नहीं है। उनके वार्ड की


बैठक के बाद हाथ उठाकर विरोध जताते सभासद। ● अमृत विचार

- ठेकेदार पर विकास कार्यों में मनमानी का आरोप, पालिका अध्यक्ष ने दिया जांच का भरोसा
- एक सप्ताह में समाधान नहीं हुआ तो सभासद मिलकर डीएम से करेंगे शिकायत

समस्या को सुनने वाला कोई नहीं है। नाले, गलियों व सडकों पर जे निर्माण करवाया गया है वो मानक के विपरीत है। इन कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। कपिल गुप्ता ने कहा कि पालिका में अभी तक बोर्ड की बैठक नहीं हुई है। जबकि हर माह बैठक बुलाई जानी चाहिए। नगर में जो कार्य हो रहे हैं गुणवत्ता के अनुसार किए जाएं।

सभासद प्रतिनिधि मनोज राठौर का कहना है कि सभी सभासदों की समस्याओं को सम्मानपूर्वक सुना जाए और उसका निस्तारण हो। सभी वार्डों के सभासदों के अनुसार कार्य किया जाए। सभासद प्रतिनिधि बलराम वर्मा ने कहा कि पालिका के अधिशासी अधिकारी पूरे दिन नशे की हालत में रहते हैं। किसी भी सभासद का फोन रिसीव नहीं किया जाता है।

सभासद अजीम राईन ने कहा कि पालिका द्वारा जो भी हैण्डपम्प लगवाए गए हैं वे मानक विहीन हैं। जिस नल की 240 फट बोरिंग होनी चाहिए वो 80 से 100 फुट तक ही की जा रही है। इस कार्य में भी गोलमाल हो रहा है। सभासद सुभाष वर्मा ने कहा कि सभासदों की समस्याओं का एक सप्ताह में निस्तारण नहीं हुआ तो सभी सभासद जिलाधिकारी सहित उच्चाधिकारियों से मिलेंगे और आंदोलनकरेंगे। भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर होने नहीं दिया जाएगा। सभी सभासदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को बैठक में रखा।

# सेवा सप्ताह पखवाड़े के तहत लगाए गए शिविर

संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा सेवा सप्ताह पखवाड़ा के अंतर्गत जिले की पटियाली एवं कासगंज विधानसभा क्षेत्रों में सोमवार को स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। कासगंज शिविर का उद्घाटन एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी व भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, सदर विधायक देवेंद्र राजपूत द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस कैंप के माध्यम से विभिन्न रोगों की जांचे एवं दवाइयां निःशुल्क दी गईं। भारतीय जनता पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के ज़िला संयोजक डॉ. शैलेंद्र सिंह यदुवंशी ने बताया कि भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा मना रही है।

एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी


शिविर का उद्घाटन करते एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, विधायक देवेंद्र राजपूत, जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी।

ने कहा कि निःशुल्क चिकित्सा कैंप विशेष रूप से बुजुर्गों के लिए समर्पित है। भाजपा सेवाभाव को विशेष महत्व देती है। जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने कहा कि भाजपा सरकार वरिष्ठजनों 70 वर्ष से ऊपर के लिए आयुष्मान कार्ड के मध्यम से पांच लाख तक का इलाज निःशुल्क दे रही है। सदर विधायक देवेंद्र राजपूत ने कहा कि सरकार हर वर्ग के लिए बिना भेदभाव के काम कर रही है। इस चिकित्सा कैंप के दौरान 62 बुजुर्गजनों सहित कुल 266 मरिजों का परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरित की गई। शिविर में डॉ. योगेश कुमार वर्मा, डॉ. अरुण कुमार, फार्मासिक्ट नवीन, लैब टेक्नीशियन गिरीश चन्द्र, एएनएम अनुष्का, दुर्गेश, नीलम, नीलू एवम सूर्यप्रताप के अलावा भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक डॉ. अभिषेक गुप्ता, डॉ. एनडी मौर्य, डॉ. छोटेलाल निराला, डॉ. प्रखर माहेश्वरी, नवल कुलश्रेष्ठ, चेयरमैन मीना माहेश्वरी, राजेंद्र बौहरे, राजवीर सिंह भल्ला,नीरज शर्मा, अनुरोध प्रताप सिंह चौहान,चन्द्रशेखर मिश्र, शरद गुप्ता, सुनील दरक,अशोक सिसोदिया, संजय मूना, दीपक बाबू, हार्दिक यदुवंशी, दुर्गेश माहेश्वरी मौजूद रहे।

### नितिन कांत दोबारा बने व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष

**अवागढ़, अमृत विचारः** युवा व्यापार मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर में मुख्य चुनाव अधिकारी प्रदेश संयुक्त महामंत्री डॉ. संजीव वार्ष्णेय, बंटी



बाबू व नगर एटा के अध्यक्ष अतुल राठी की देखरेख में हुआ। संचालन पंकज गुप्ता ने किया। इसमें नितिन कांत गोयल को पुनः नगर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।इनके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष सौरभ गोयल, सुधीर गुप्ता, शिवम वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष अमित सक्सेना, विशाल कुमार बनाए गए हैं।। महामंत्री पंकज वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष चिराग गुप्ता, संयुक्त महामंत्री चंदन वर्मा, मंत्री वरुण गोयल वतन और अंशुल जैन, संगठन मंत्री मनीष जैन, सहमंत्री रजत जैन, लेखा निरीक्षक प्रवीन गोयल टोनी, मीडिया प्रभारी निखिल गुप्ता, संजीव पचौरी रहे।

# भाजपाइयों ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

संवाददाता, अमांपुर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के तहत सोमवार को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की ओर से अमांपुर कस्बे के रामजानकी मंदिर परिसर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस दौरान मरीजों की निशुल्क जांच कराकर दवाएं दी गईं।

शिविर विधायक हरिओम वर्मा ने फीता काटकर आरंभ। इसमें 105 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत अमांपुर में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, शुगर, हृदय रोग, नेत्र परीक्षण के अलावा अन्य जांचें


अमांपुर में लगे स्वास्थ्य शिविर में निशुल्क जांच एवं उपचार कराने पहुंचे लोग।

- प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर मनाया गया सेवा पखवाड़ा

निशुल्क की गईं। इसमें डॉ. शेर सिंह, डॉ. गौरव तोमर, डॉ. संजय यादव, डॉ. विजय कुमार, डॉ. सोनिया, फार्मासिस्ट विश्वजीत, फार्मासिस्ट ग्रीश चन्द्र, एलडी जुगेन्द्र पाल सिंह आदि का सहयोग रहा। भाजपा मंडल अध्यक्ष रूदप्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा दरवेश फौजी, नगर अध्यक्ष विजय प्रकाश गुप्ता, डॉ राघवेंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र वर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता सर्राफ, तिर्मल सिंह, भीमसेन कश्यप, संजय राजपूत, बच्चन लाल, बिजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### शीतला देवी मंदिर से घंटा चोरी

**एटा, अमृत विचारः** सकीट नगर के मोहल्ला पीपलटोला स्थिति शीतलादेवी मंदिर से करीब 25 किलो का घंटा चोरी हो गया। इस श्रद्धालुओं में आक्रोश है। पुलिस की कार्यशैली पर तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। मंदिर पुजारी मनोज कुमार ने बताया कि रविवार की देर रात अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर में टंगे 25 किलो के घंटा को चोरी कर लिया। जानकारी पाकर आसपास के लोग मंदिर पर पहुंच गए। मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे उपनिरीक्षक आदिल शैफी द्वारा निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर से चोरी गया घंटा की जल्द से जल्द तलाश की जाए और बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए।

# जिला अस्पताल की ओपीडी फुल, एक दिन में पहुंचे 1906 मरीज

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** बदलते मौसम में लोगों को बुखार, शरीर दर्द, वायरल और सांस की दिक्कत जैसी समस्याएं हो रही हैं। इससे अस्पतालों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में 1906 मरीज पहुंचे। इनमें बुखार के 496 मरीज थे। जबकि 404 मरीजों को सांस लेने में दिक्कत थी।

पिछले एक सप्ताह से मौसम में बदलाव आने से लोग बीमार हो रहे हैं। बुखार, शरीर दर्द, सांस और डायरिया की समस्या से लोग अधिक जूझ रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सोमवार को जिला अस्पताल में


जिला अस्पताल के पर्चा काउंटर पर लगीं कतार। ● अमृत विचार


ओपीडी में रोगियों को देखते डॉक्टर। ● अमृत विचार

- बुखार के 496, सांस से 404 रोगी पहुंचे, डॉक्टर बता रहे बदलते मौसम का असर

1904 मरीज उपचार के लिए पहुंचे। इनमें 496 मरीज बुखार के थे। इनमें 12 वर्ष से कम उम्र के 197 मरीज थे। डायरिया के

### प्राइवेट चिकित्सकों के यहां भी बढ़ी मरीजों की संख्या

जिला अस्पताल के अलावा प्राइवेअ चिकित्सकों के यहां भी मरीजों की भरमार है। क्लीनिक और हॉस्पिटल मरीजों से खचाखच भरे हैं। यहां सुबह से मरीजों की जुटना शुरु हो जाता है, और शाम तक भीड़ लगी रहती है। मरीजों की बढ़ोतरी से निजी चिकित्सक चांदी काट रहे हैं।

122 मरीज रहे। डॉ. कर्मवीर सिंह ने बताया कि इस मौसम में बाहर का तला भुना खाना खाने, दूषित पानी पीने और बारिश में भीगने के कारण बीमारियां जल्दी जकड़ लेती हैं।

> जिला अस्पताल में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सभी डॉक्टर व स्टाफ को बेहतर उपचार देने के निर्देश दिए गए हैं। दवाएं भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।
> – **संजीव सक्सेना**, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

# उद्यमियों की समस्याओं का शीघ्र करें निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सीडीओ ने ऋण वितरण में सुधार लाने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को उद्योग बंधु की बैठक हुई। इसमें सीडीओ ने बैंकों की खराब प्रगति पर सुधार लाने के निर्देश दिए। कहा कि निवेश पोर्टल पर आवेदन लंबित न रखें और उद्यमियों की समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण करें।

बैठक में उपायुक्त जिला उद्योग चंद्रभान भास्कर ने उद्यमियों की समस्याएं पेश कीं। सीडीओ सचिन ने जनपद में नये ओद्योगिक आस्थान विकसित करने के संबंध में विचार-विमर्श किया। औद्योगिक आस्थान इस्माइलपुर रोड कासगंज की जल निकासी की समस्या के संबंध में चर्चा की। सीडीओ ने निवेश मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन लम्बित आवेदन पत्रों, विभागीय रोजगार परक योजनाओं, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनांतर्गत, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनाओं की समीक्षा की। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के दौरान शासन स्तर से हस्ताक्षरित हुए एमओयू को धरातल पर लाने के लिए उद्योग बंधुओं से विचार विमर्श किया। सीडीओ ने बैंकों को लम्बित ऋृण आवेदन का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# डॉक्टरों की कमी पूरी करें, वरिष्ठ नागरिकों को दें आयुष्मान कवर

## विशेषज्ञ डॉक्टरों को बेहतर मानदेय व इंसेंटिव की सुविधा से जोड़ें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मुख्यमंत्री ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को हिदायत दी है कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग प्रिंसिपल, डॉक्टरों व अन्य सहयोगी स्टाफ की भर्ती की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाएं।

उन्होंने कहा कि अच्छे मानदेय व कार्य के अनुसार इंसेंटिव की सुविधा के साथ विशेषज्ञ डॉक्टर्स को जोड़ा जाए। कहा कि राज्य सरकार ईज ऑफ डूइंग व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। प्राइवेट हास्पिटल्स के बेहतर कार्यों को देखते हुए उनके रजिस्ट्रेशन की समयावधि को कम से कम तीन से पांच वर्ष किया जाए।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर एक बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की और इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरुप 70 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के प्रदेशवासियों को आयुष्मान कार्ड का लाभ देने के संबंध में विभाग को सभी आवश्यक कार्य व प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये ताकि अधिक से अधिक पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड का लाभ मिल सके।

### कॉर्पस फंड की व्यवस्था करें अस्पताल

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मेडिकल कॉलेज अपने यहां चिकित्सकीय उपकरणों–एक्स रे मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन, सीटी स्कैन, एमआरआई मशीन व लिफ्ट इत्यादि के अनुरक्षण कार्यों के लिए अपने यहां एक कॉर्पस फंड की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कोरोना काल खंड में हेल्थ वॉलंटियर्स के अनुभवों का विभाग लाभ उठाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गाजियाबाद में एम्स सैटेलाइट सेंटर स्थापित करने जा रही है। इसके लिये सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को समय से पूरी हो जाएं।

# नीट यूजी : 2691 सीटों के लिए दूसरे चरण की काउंसिलिंग

**लखनऊ, अमृत विचार:** नीट यूजी में दूसरे चरण की काउंसिलिंग कुल 109 कॉलेजों की एमबीबीएस व बीडीएस की 2691 सीटों के लिए हो रही है। काउंसिलिंग में एमबीबीएस में दाखिला लेने के लिए 84 मैंडिकल कॉलेज और 25 डेंटल कॉलेजों में अभ्यर्थी प्राथमिकताएं दे सकते हैं।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह द्वारा सोमवार को राज्य में कॉलेजवार सीट व्यौरा वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है। इसके बाद अभ्यर्थी कॉलेजों में सीट की उपलब्धता देकर मनपंसद कॉलेज की प्राथमिकताएं दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन सीटों में 2210 सीटें अनारक्षित हैं, जबकि ओबीसी 197, एससी में 180, एसटी की 22, ईडब्लूएच की 82 सीटें शामिल हैं।

# मध्यांचल निगम ने खोला गोवा की ब्लैक लिस्टेट कंपनी का टेंडर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पावर कॉरपोरेशन रिपोर्ट मंगाकर करे जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई : उपभोक्ता परिषद

**अमृत विचार:** बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने गोवा की उस निजी कंपनी का टेंडर खोल दिया है, जिसे हाल में ब्लैक लिस्टेट किया गया था। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने निगम में टेंडर प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि जानकारी के बाद भी टेंडर प्रक्रिया में निजी कंपनी को शामिल करना अफसरों की लापरवाही है। परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से मामले की रिपोर्ट तलब कर अफसरों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई करने की मांग की है।

सोमवार को ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम गवर्मेंट ऑफ उत्तर प्रदेश की टेंडर विवरण संबंधी रिपोर्ट में सिंगल फेस मीटर के टेंडर प्रक्रिया में आठ निजी कंपनियों का उल्लेख है। इसमें गोवा की निजी कंपनी एचपीएल इलेक्ट्रिक एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड को काली सूची में होने के कारण अयोग्य ठहराया गया है। इसमें 'फाइनेंसिशल बिड' खोलने की तारीख 19 सितंबर 2024 का जिक्र है। 24 अगस्त 2024 की बिडिंग में एचपीएल इलेक्ट्रिक के साथ जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड को स्वीकार किया गया है। प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा रही दोनों मीटर निर्माता कंपनियां गोवा में काली सूची में हैं। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि मध्यांचल निगम ने एक टेंडर में एचपीएल का पार्ट बिड न खोलकर उसे बाहर किया है, पर दूसरे टेंडर में दोनों कंपनियों का टेंडर का भाग दो खोला गया है। कंपनियों को 5 अगस्त को काली सूची में डाला गया था।

# हिंदू वह है जो गोकशी रोके, लाए कानून : अविमुक्तेश्वरानंद



सोमवार को लखनऊ में पत्रकार वार्ता करते शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हिंदू वह है जो गोरक्षा के लिए कानून लाए, गोकशी रुकवाए। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को गो-ध्वज स्थापना भारत यात्रा कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत में कर रहे थे। शंकराचार्य ने कहा कि यदि सत्ताधारी नीति नियंता चाहते तो अब तक गोकशी रोकने के लिए कानून बन गया होता, एक भी गाय की हत्या नहीं होती। गो हत्या रोकने के लिए सरकार को कानून बनाना होगा।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि सरकार जब अभी तक कानून बनाने में असफल रही तो मुझे मठ से बाहर निकलना पड़ा। उन्होंने कहा कि गो रक्षा को लेकर निकाली जा रही यात्रा 33 प्रदेशों में जाएगी।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि हमारे यहां पहला स्थान गाय का है। देश की जनता ने कई बार गो माता के नाम पर वोट देकर विभिन्न दलों की सरकारें बनवाईं, मगर किसी ने भी गाय की सुरक्षा के लिए कुछ नहीं किया। जब एक देश एक चुनाव को लेकर बात हो रही है तो गो माता को लेकर प्रदेशों में अलग-अलग कानून क्यों हैं। गो हत्या रोकने के लिए भी एक ही कानून पूरे देश में लागू होना चाहिए। गाय को पशु सूची से हटाकर राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाना चाहिए।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अभी सिर्फ मुख्यमंत्री के तौर पर काम कर रहे हैं। गोरक्ष पीठ के अध्यक्ष की भूमिका नहीं दिखाई दे रही है। गोरक्ष पीठ के अध्यक्ष के तौर पर काम कर रहे होते तो प्रदेश में गाय नहीं कट रहीं होतीं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि जिस दिन देश में गो हत्या बंद हो जाएगी उस दिन सोने के पात्र में गाय के दूध से अयोध्या में भगवान राम का अभिषेक करेंगे।

### तिरुपति के प्रसाद से धर्म किया गया भ्रष्ट

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि तिरुपति के प्रसाद ने सनातनियों का धर्म भ्रष्ट किया है। जिन्होंने प्रसाद ग्रहण किया है वे यदि गो माता के पंच द्रव्य का सेवन करेंगे तो पाप नष्ट हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी मंदिरों में बाहर से लाए जाने वाले प्रसाद को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। बताया कि अल्पसंख्यक नहीं कह सकते कि गो मांस खाना हमारा अधिकार है। इससे बहुसंख्यकों को तकलीफ पहुंचेगी।

# भदरसा दुष्कर्म मामले में दाखिल हुआ आरोप पत्र

अयोध्या, कार्यालय

- पॉक्सो एक्ट अदालत में 26 को तय है रिमांड पेशी

**अमृत विचार :** सियासत के साथ शासन-सत्ता तक हलचल मचाने वाले पूराकलंदर थाना क्षेत्र निवासी किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म मामले में विवेचक ने आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रथम निरुपमा विक्रम की अदालत में प्रस्तुत कर दिया है।

अभियुक्तों के रिमांड की पेशी 26 सितंबर पहले से ही नियत की गई है। मामले में आरोप पत्र दाखिल किए जाने की पुष्टि अभियुक्त मोईद खान के अधिवक्ता वाईवी मिश्रा ने किया है। थाना क्षेत्र के भदरसा कस्बा निवासी किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट पीड़िता की मां ने 29 जुलाई 2024 को दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि उसकी 12 वर्षीय पुत्री खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान मोईद खान का नौकर राजू खान खेत में पहुंचा और उसे बुलाकर बेकरी के कारखाने में ले गया। वहां मोईद खान ने उसके साथ दुष्कर्म किया और राजू ने मोईद खान के मोबाइल से इसका वीडियो बनाया और इसी आपत्तिजनक वीडियो के सहारे बलैकमेल कर राजू ने पुत्री के साथ कई बार दुष्कर्म किया, जिसके चलते वह गर्भवती हो गई।

# पिता ने गर्म चिमटे से बेटी को दागा किया गिरफ्तार

**बांदा, एजेंसी:** ललितपुर में बच्चों के साथ खेलने पर एक व्यक्ति ने अपनी 11 साल की बेटी को गर्म चिमटे से कई जगह दाग दिया। पुलिस ने सोमवार को मामला दर्ज कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। थाना क्षेत्र के बारौन गांव में रामस्वरूप उर्फ रमसू की 11 साल की बेटी हमउम्र बच्चों के साथ शनिवार को घर में खेल रही थी। इसी दौरान बोरी में रखी पोई की भाजी बकरियों ने गिरा दी। उन्होंने बताया कि इसी से नाराज रमसू ने चूल्हे के पास रखे गर्म चिमटे से बेटी की हथेली और शरीर के कई अंगों को दाग दिया। बचाने आए बच्ची के बाबा को भी बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया।

# पूरे परिवार का अपहरण, महिला की हत्या

संवाददाता, राठ/सरीला (हमीरपुर)

- कामतानाथ के दर्शन कराने के बहाने किया अपहरण
- चार लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर

**अमृत विचार :** कामतानाथ के दर्शन के बहाने एक परिवार का अपहरण कर जान से मारने का प्रयास किया गया। गला कसने पर पति चलती कार से कूद गया, जबकि पत्नी की गला कसकर हत्या कर दी और राठ-उरई हाईवे पर गोहांड कस्बे के पास शव फेंक दिया।

बेटे को भी मरा समझ कर रास्ते में फेंक दिया, जबकि बेटी को औरैया में छोड़ा। पुलिस ने तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ अपहरण और हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कार बरामद कर ली है और चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। आरोपियों की तलाश में चार टीमें गठित की गई हैं। कानपुर नगर के चौबेपुर थाना क्षेत्र के मदारीपुर निवासी सूरज सिंह परिवार के साथ कानपुर नगर के गुजैनी क्षेत्र में किराए पर रहता है। उसी मकान में त्रिभुवन उर्फ चाचा नाम का व्यक्ति भी रहता है। सूरज ने जरिया पुलिस को बताया कि त्रिभुवन ने चित्रकूट में कामतानाथ के दर्शन के लिए जाने की बात कही तो वह भी पत्नी अमन, बेटा रामजी और बेटी परी के साथ तैयार हो गया। शनिवार शाम त्रिभुवन ने अपने साथी वीर सिंह और रामप्रसाद को बुला लिया। रविवार रात त्रिभुवन ने राठ-उरई हाईवे पर कुम्हरिया गांव के पास सूरज का गला दबाकर मारने का प्रयास किया। वह चलती कार से कूद गया। इसके बाद सूरज के पुत्र शिवा उर्फ रामजी को गोहांड के पास फेंक दिया। बेटी परी और पत्नी अमन को लेकर भाग गए। कार सवारों ने अमन की गला दबाकर हत्या करने के बाद जरिया थाना क्षेत्र के रहंक बंबी के पास फेंक दिया। बेटी परी को औरेया में फेंक दिया।

रविवार सुबह रामजी ने गोहांड के पास एक मंदिर में घटना की जानकारी पुजारी को दी। पुजारी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे को अपने साथ लेकर उसके पिता सूरज यादव की तलाश की तो वह भी मिल गया। सोमवार सुबह पुलिस ने रहंक बंबी के पास खेत से महिला का शव बरामद किया।

## धर्म दर्शन

# शर: पृथ्वी पर जीवन के उद्भव का प्रथम प्रतीक

उपशमन सूक्त के देवता पर्जन्य हैं। पर्जन्य शब्द सामान्य अर्थों में वर्षा के लिए प्रयुक्त होता है, परंतु सभी का पोषक होने के कारण वह पोषणकर्ता भी है। अतः अनंत आकाश के विभिन्न स्रोतों से बरसने वाले पोषक एवं उत्पादक स्थूल एवं सूक्ष्म प्रवाहों को यहां पर्जन्य के रूप में वर्णित किया गया प्रतीत होता है। इस सूक्त में ऋषि ने धनुष से छूटने वाले विजयशील "शर" (बाण) के उदाहरण से जीवन तत्व के गूढ़ रहस्य को स्पष्ट करने का प्रयास किया है।

"शर" शब्द का सामान्य अर्थ बाण है, किंतु पृथ्वी से जो अंकुर निकलता है, उसे भी शर कहते हैं। इस प्रकार यह शर पृथ्वी पर जीवन के उद्भव का प्रथम प्रतीक है और उसी पर प्राणी मात्र का जीवन निर्भर करता है। बाण अथवा जीवन तत्व के रूप में उसकी उत्पत्ति पिता पर्जन्य के सेचन से तथा माता पृथ्वी के गर्भ से होती है। यह जीवन तत्व ही समस्त बाधाओं एवं रोग आदि को जीतने में, जीवन लक्ष्य को भेदने में समर्थ होता है। इसलिए उसकी उपमा "शर" से दी गई है। जीवन संग्राम में विजय के लिए प्रयुक्त शर (जीवन तत्व) किस धनुष से छोड़ा जाता है, उसका सुंदर अलंकरण यहां प्रस्तुत किया गया है। उस धनुष का एक छोर माता पृथ्वी है तथा दूसरा छोर पिता पर्जन्य है। ज्या अर्थात प्रत्यंचा उन दोनों को खींचकर उनकी शक्ति संप्रेषित करती है। ज्या का एक अर्थ जन्मदात्री भी होता है। अतः आकाश में स्थित पर्जन्य एवं पृथ्वी की शक्ति के सहयोग से जीवन तत्व का संरक्षण करने वाली सृजनशील प्रकृति ही इस धनुष की ज्या (प्रत्यंचा) है। "शर" शब्द का प्रयोग यथास्थान मूत्र रोग के उपचार हेतु शलाका के लिए भी किया गया है। ऋषि अथर्वा कहते हैं कि अनेक प्रकार से चराचर धारक एवं पोषक पर्जन्य को हम इस "शर" के पिता के रूप में जानते हैं। अनेक प्रकार के स्वरूप देने वाली पृथ्वी को भी हम भली प्रकार जानते हैं। हे ज्या! आप हमारे शरीरों को चट्टान की तरह सुदृढ़ता एवं शक्ति प्रदान करें। शत्रुओं (शारीरिक दोषों) को शक्तिहीन बनाकर हमसे दूर करें। द्युलोक एवं पृथ्वी के मध्य स्थित तेज की भांति यह मुंज (मुक्तिदाता या शोधक जीवन तत्व) सभी स्रावों, रसों एवं रोगों के बीच प्रतिष्ठित रहे अर्थात शरीर या प्रकृति के समस्त स्रावों को वह जीवन तत्व रोगों की ओर न जाने दें। रोगों के शमन में उसका उपयोग करें।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

इस शरीर के जनक पर्जन्य से हम भलीभांति परिचित हैं। अनंत बलशाली मित्रदेव (प्राण वायु) जो शर का पिता है, को हम जानते हैं। शर के पालक सशक्त वरुण देव को हम जानते हैं। हम शर के पिता आह्लादक चंद्र देव को जानते हैं। हम जानते हैं कि विशेष शक्ति संपन्न पवित्रतादायक सूर्य शर के पालक हैं। ये सभी तुम्हारा कल्याण करें। उनसे तुम्हें विशिष्ट पोषण प्राप्त हो तथा विकार बाहर निकल जाएं। मूत्र वाहिनी नाड़ियों, मूत्राशय एवं आंतों में स्थित दूषित जल इस चिकित्सा से पूरा का पूरा वेग के साथ शब्द करता हुआ शरीर से बाहर हो जाए। शर (शलाका) से मूत्रमार्ग को खोल देते हैं। बांध टूट जाने से जिस प्रकार जलाशय का जल शीघ्रता से बाहर निकलता है, उसी प्रकार रोगी के उदरस्थ समस्त विकार वेगपूर्वक बाहर निकलें। धनुष से छोड़े गए, तीव्र गति से बढ़ते हुए बाण की भांति तेरा संपूर्ण मूत्र (विकार) वेगपूर्वक बाहर निकले।

# वैष्णव संप्रदाय

वैष्णव पुराणों में, विष्णु, ब्रह्मवैवर्त, हरिवंश तथा भागवत में विष्णु, नारायण, यादव कृष्ण तथा गोपाल कृष्ण के चरितों के विभिन्न पहलूओं का विस्तृत विवरण अंकित है। यह तथ्य विवादरहित है कि "श्रीमद् भागवत पुराण ही भागवत संप्रदाय का प्रमुख ग्रंथ है। मोटे तौर पर, वैष्णव संप्रदाय, भगवान विष्णु को ही परमेश्वर मानने वालों का संप्रदाय है। वैष्णव धर्म की सामान्य जानकारी हमें उपनिषद साहित्य से ही प्राप्त होने लगती है। छान्दोग्य उपनिषद में श्रीकृष्ण का उल्लेख मथुरा में जन्में देवकी पुत्र तथा आंगिरस शिष्य के रूप में होती है। वृष्णिवंशीय वासुदेव कृष्ण इस संप्रदाय के उपास्य देव हैं। वासुदेव को ज्ञान शक्ति, बल, वीर्य, ऐश्वर्य तथा तेज नामक छह गुणों से संपन्न होने के कारण ही भगवान या भागवत कहा गया है। वैरागी, दास, रामानंद, वल्लभ, निम्बार्क, माधव, राधा वल्लभ, सखी तथा गौड़ीय इसके उपसंप्रदाय हैं। प्रमुख वैष्णव संप्रदायों के नाम, प्रमुख आचार्य नाम तथा मत इस प्रकार हैं-वैष्णव संप्रदाय विशिष्टाद्वैत रामानुज, ब्रह्मा संप्रदाय द्वैत आनंद तीर्थ, रुद्र संप्रदाय विशुद्ध द्वैत वल्लभाचार्य और सनक संप्रदाय द्वैताद्वैत निम्बार्क। वैष्णव संतों का प्रमुख संबोधन है- आचार्य, स्वामी और संत।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

वैष्णव संतों में मूलतः वैरागी संप्रदाय के तीन प्रमुख अखाड़े श्रीदिगंबर अनी अखाड़ा, श्री निर्वाणी अखाड़ा और श्री निर्मोही अखाड़ा। यहीं पर यह तथ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है कि जन्मना या जाति से ब्राह्मण न होकर भी वैष्णव धर्म धारण कर, सिर पर चोटी छोड़ सिर मुड़ा और विधिवत यज्ञोपवीत धारण कर वैष्णव ब्राह्मण बन सकता है। जन्मना गैरब्राह्मण से वैष्णव ब्राह्मण बने लोगों मे तमिल बन्निया, तेलगु नायडू, मलयाली गैर ब्राह्मणों की अच्छी खासी संख्या है। अपने सद्कर्म, हार्दिक भक्ति और आस्था के बल पर कोई भी मनुष्य वैष्णव बन सकता है। वैष्णव के लिए शारीरिक सौंदर्य पर ध्यान, तेल मालिश, हजामत से परहेज आवश्यक है। उसके लिए सुबह, दोपहर और सायं बेला में हरि कीर्तन, भजन, सत्संग, धर्म कथा श्रवण अनिवार्य है।


## वर्ग पहेली-201

**बाएं से दाएं**

1. 1. महाप्रलय 2. पितृपक्ष 3. तीर्थस्थान।
4. एक दिशासूचक यंत्र जिसकी सुई सदैव पश्चिम दिशा की ओर रहती है; कुतुबनुमा, दिग्दर्शक यंत्र।
6. 1. श्रद्धा, आस्था 2. विश्वास, भरोसा, ऐतबार।
7. अभिमानी स्त्री।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. मज़ाक संबंधी 2. हंसोड़, परिहासप्रिय, विनोदी।
2. नियत अनुपात में, अनुपात के अनुसार।
3. 1. घान 2. तेल आदि पेरने का कोल्हू 3. ढेर।
5. यशोदा, कृष्ण की माता।



### वर्ग पहेली -200 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ह | क | 2 ब | क | ■ |
| ■ | ल | ■ | हु | ■ | 3 जे |
| ■ | फ़ी | ■ | का | ■ | ली |
| ■ | ■ | 4 कु | लि | या | ■ |
| ■ | 5 लि | पि | क | ■ | 6 ता |
| ■ | ■ | त | ■ | ■ | नू |
| 7 जु | ई | ■ | 8 स | फ़ी | र |

## सुडोकू -114

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 5 | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | | 9 | | 4 |
| | | 3 | | 6 | 1 | | | 2 |
| | | | 8 | | | 2 | | 1 |
| 2 | | 6 | | | | 4 | | 3 |
| 3 | | 9 | | | 7 | | | |
| 8 | | | 1 | 9 | | 3 | | |
| 4 | | 7 | | | 8 | | | 9 |
| | | 1 | 2 | | | 5 | | |

### सुडोकू - 113 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 5 | 1 | 4 | 9 | 8 | 7 | 2 | 3 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 8 | 6 | 1 | 9 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 9 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 | 8 |
| 2 | 8 | 7 | 6 | 9 | 1 | 3 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 सितंबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 12.38 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–उत्तर। ऋतु–शरद।
चन्द्रबल– वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल–भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–मृगशिरा 21.54 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** – आज अपना व्यवहार सबके प्रति अच्छा रखें। किराये के घर पर रहने वालों के मन में नए घर को लेकर चिन्ता बढ़ सकती है। आज आप अपनी सधी हुई संवादशैली के प्रभाव से लोगों को प्रभावित कर लेंगे। गलत कार्यों में अपना दिमाग न लगाएं।

**वृष** – आज व्यवसाय में में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। नई संपत्ति खरीदने को लेकर विचार बना सकते हैं। अपनी गलतियों और कमजोरियों को दूर करने का प्रयास करें। विपरीत विचारधारा वाले व्यक्तियों के साथ बहस न करें।

**मिथुन** – आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। करियर में कुछ अच्छा बदलाव हो सकता है। आपकी दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आप कुछ विशिष्ट कार्यों की तरफ मुड़ सकते हैं। धर्म-कर्म को लेकर दिखावा न करें। शुभ कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं।

**कर्क** – आज नकारात्मक विचार आपके ऊपर हावी रहेंगे। अनिद्रा और घबराहट की समस्या हो सकती है। दूसरों पर ज्यादा भरोसा न करें। उच्च अधिकारी आपका विरोध कर सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े अधीर रहेंगे, किन्तु आज अपने दिल की बात कहने से बचें।

**सिंह** – आज प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। अधूरे काम पूरे होने से मन में काफी खुशी रहेगी। जीवनसाथी आपका उत्साह बढ़ायेंगे। महिला जातकों को महंगे उपहार मिल सकते हैं।

**कन्या** – आज आपकी कार्यशैली लोगों के लिए चर्चा का विषय बन रही है। सभी काम सरलता से होते हुए प्रतीत होंगे। अविवाहित लोग विवाह को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। धर्म-कर्म के मामले में आप काफी रुचि लेंगे। परिवार के लोग किसी कारणवश आपसे नाराज हो सकते हैं।

**तुला** – आज विदेश में रहने वाले लोगों को घर की याद आयेगी। निजी कंपनियों जॉब करने वाले लोग अवकाश को लेकर बॉस से चर्चा कर सकते हैं। व्यवसाय संयमित रखें और दूसरों के मामलों में ज्ञान देने से बचें। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें।

**वृश्चिक** – आज दांपत्य जीवन थोड़ा उबाऊ हो सकता है, लेकिन आप अपना व्यवहार जीवनसाथी के प्रति अच्छा रखें। शोध कार्यों के प्रति आपकी रुचि हो सकती है। दोस्तों के साथ मतभेद उभर सकते हैं। निम्न रक्तचाप और थकान की समस्या हो सकती है।

**धनु** – आज जीवनसाथी के साथ क्वालिटी टाइम बिताना पसन्द करेंगे। वैवाहिक संबंध काफी रोमान्टिक रहने वाले हैं। शाम के समय सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। किसी रिश्तेदार को लेकर परेशान हो सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मकर** – आज धन की समस्या दूर होगी। पार्टनर के साथ विवाद समाप्त होगा। आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहेगी। घर में खुशियों का माहौल रहेगा। आपको कारोबार में मनचाही उन्नति मिलने की संभावना है। मानसिक शांति के लिए मित्रों से मिल सकते हैं।

**कुंभ** – आज दिन की शुरुआत खास ठीक नहीं रहेगी। जीवनसाथी पर नाराज हो सकते हैं। मसालेदार भोजन से बचें वरना कब्ज की समस्या भी हो सकती है। परिवार के कुछ लोग आपकी निन्दा कर सकते हैं, लेकिन आपको उन पर अभी ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।

**मीन** – आज किसी भी काम में मन नहीं लगेगा। घर की परिस्थितियों के सामने स्वयं को असहज महसूस करेंगे। मच्छरों से सावधान रहें। शाम के समय कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं। इससे आपका मूड फ्रेश हो जायेगा। भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
औलाद – सुबह : 09.24
कुली नं. 1 – रात : 07.16

&pictures
खिलाड़ियों का खिलाड़ी – सुबह : 10.53
तरला – रात : 08.00

SONY PIX
2012 – सुबह : 10.23
डार्क फोनिक्स – रात : 08.45

ZEE CINEMA
रक्षाबंधन – दोपहर : 12.16
स्कंदा – रात : 08.00

ZEE ACTION
शिवा द सुपर हीरो 3 – सुबह : 11.27
गुप्त – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर दोपहर : 12.16 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू (पिंटू से)– और सुना यार, बीवी से झगड़ा खत्म हुआ या नहीं?
पिंटू से– अबे घुटनों पर चलकर आई थी मेरे पास, घुटनों पर
चिंटू– क्या बात कर रहा है, सच में?
पिंटू – और नहीं तो क्या
चिंटू– फिर क्या बोली?
पिंटू – बोली बेड के नीचे से बाहर आ जाओ, पक्का अब नहीं मारुंगी!

मिंटू–सोनू जरा अपनी साइकिल देना।
पिंटू– नहीं, मैं नहीं दे रहा।
मिंटू–अगर मुझे साइकिल नहीं दोगे तो मेरा दिल खट्टा हो जाएगा
पिंटू–कोई बात नहीं चीनी खा लेना।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- | --- |
| बंद हुआ | 84,928.61 | 25,939.05 |
| बढ़त | 384.30 | 148.10 |
| प्रतिशत में | 0.45 | 0.57 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, मंगलवार, 24 सितंबर 2024

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2475, राज श्री 1840, फ़ॉर्चून कि. 2145, रविन्द्रा 2390, फॉर्चुन ली. 1975, जय जवान 1915, सचिन 1990, सूरज 1940, अवसर 2050, राग गोल्ड 2090, गृहणी ली 1990, क्लासिक (किलो) 2085, मोर 2110, चक्र टिन 2245, ब्लू 2160, आशीर्वाद मस्टर्ड 2350, स्वास्तिक 2445 । किराना-(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31200, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150 । चावल - (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10100, जेनिथ 10000, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8800, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 13000, मोटा हीरा 15000, अरहर गोला मोटा 13000, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी - डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी 4040 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
| --- | --- |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 76150 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 75150 |
| सिल्वर ( पक्की) | 888 (अनुमानित) |

# वॉयस-इंटरनेट दरों में 95% की कमी: सिंधिया

## दूरसंचार विभाग के चार समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवाओं का लक्ष्य संचार मंत्री ने बताया

नई दिल्ली, एजेंसी



- मंत्रालय के 100 दिनों की उपलब्धियों पर बोले- 117 करोड़ मोबाइल धारकों की संख्या
- 2014 में कॉल की दरें 54 पैसे प्रति मिनट थी जो 2024 में घटकर 3.5 पैसे प्रति मिनट है
- 2014 में इंटरनेट की दरें 287 रुपये प्रति जीबी थी जो 2024 में घटकर 8.75 रुपये प्रति जीबी है

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दूरसंचार विभाग के 4 समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवाएं देने का लक्ष्य बताते हुए सोमवार को कहा कि कॉल ड्राप में धीरे-धीरे सुधार करने की दूरसंचार विभाग द्वारा तैयारी की गई है। सिंधिया ने अपने मंत्रालय के 100 दिनों की उपलब्धियों पर कहा कि अभी देश में 117 करोड़ मोबाइलधारकों की संख्या है। एक दशक पहले 2014 में देश में छह करोड़ इंटरनेट के कनेक्शन थे जो अभी बढ़कर 95 करोड़ हो गया है। इसी तरह से ब्रॉडबैंड कनेक्शन की संख्या भी छह करोड़ से बढ़कर 94 करोड़ हो गयी है।

उन्होंने कहा कि 2014 में कॉल की दरें 54 पैसे प्रति मिनट थी जो 2024 में 94 प्रतिशत घटकर औसतन 3.5 पैसे प्रति मिनट है। 2014 में इंटरनेट की दरें 287 रुपये प्रति जीबी थी जो 2024 में 95 प्रतिशत घटकर 8.75 रुपये प्रति जीबी है। इस तरह से कॉल और इंटरनेट दरों में 95 प्रतिशत की कमी आई है। मंत्री ने कहा कि साइबर धोखाधड़ी पर काबू पाने के उद्देश्य से संचार साथी पोर्टल के माध्यम से निगरानी की जा रही है कार्रवाई के तहत 15 सितंबर तक 2.3 लाख से अधिक मोबाइल फोन को ब्लॉक किया गया है।

साथ ही 3.50 लाख हैकर को ब्लॉक किया गया है और साथ एक करोड़ मोबाइल कनेक्शन बंद कर दिये गये हैं। कॉल ड्रॉप पर सिंधिया ने कहा कि इसके तहत चरणबद्ध काम करने की योजना बनायी गयी है। शुरूआत में तिमाही स्तर पर कॉल ड्राप निगरानी की समीक्षा की जा रही है और आगे चलकर इसको मासिक करने की योजना है। साथ ही प्रति टावर भी इसकी समीक्षा की जायेगी। इसको इस तरह से काबू पाने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि दूरसंचार विभाग चार स्तंभ समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवा देने के लक्ष्य के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में 6.5 लाख गांव में से 36621 गांव में दूरसंचार सेवाओं को पहुंचाना है जिसमें से 100 दिनों में 9500 गांवों में यह सेवा पहुंची है। 7200 से अधिक टावर लगाए गए हैं। गावों में सेवायें पहुंचाने के लिए 27600 से अधिक टावर लगाये जाने हैं। बीएसएनएल के लिए 4 जी की तैयारी जोरों से जारी है। इसके लिए 4 जी स्टैक लगाने का काम चल रहा है।

# रत्न-आभूषण निर्यात 18.79% घटा

मुंबई, एजेंसी

सुस्त वैश्विक मांग से अगस्त में भारत का रत्न और आभूषण निर्यात 18.79घटकर 2.01 अरब डॉलर रहा है। रत्न आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों से जानकारी मिली है। अगस्त, 2023 के दौरान रत्न एवं आभूषण निर्यात 2.47 अरब डॉलर रहा था।

जीजेईपीसी ने कहा कि समीक्षाधीन महीने के दौरान निर्यात जुलाई से बेहतर रहा, जब यह 1.66 अरब डॉलर का रहा था। जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने बताया कि अगस्त में तराशे और पॉलिश किए गए हीरों का निर्यात 26% घटकर एक अरब डॉलर रह गया, जबकि पिछले वर्ष यह 1.36 अरब डॉलर रहा था। समीक्षाधीन महीने के दौरान सोने के आभूषणों का निर्यात भी 1.15% घटकर 68 करोड़ 76.9 लाख डॉलर का रह गया। कामा ज्वेलरी के प्रबंध निदेशक, कॉलिन शाह ने कहा कि वैश्विक बाजार परिदृश्य की तुलना में घरेलू स्तर पर रत्न और आभूषण क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। सीमा शुल्क में कटौती के बाद सोने की कीमत में आई कमी खरीदारों तक पहुंचेगी, जिससे अंततः बिक्री बढ़ेगी।

### सोना 600 रुपये चढ़ा, चांदी में 1,000 की गिरावट

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच देश के सर्राफा बाजार में सोने का भाव सोमवार को 600 रुपये चढ़कर 76,950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। सूत्रों ने स्थानीय बाजारों में सोने की कीमतों में तेजी का श्रेय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती मांग को दिया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की कमजोर मांग से सात दिन की तेजी का क्रम टूट गया और चांदी 1,000 रुपये गिरकर 90,000 रुपये प्रति किलो रह गई। पिछले सत्र में यह 91,000 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

## प्याज की कीमतों पर नियंत्रण को बफर स्टॉक से बढ़ी बिक्री

- केंद्र ने दिल्ली और अन्य शहरों के बाजारों में भंडार से प्याज निकालना कर दिया शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने निर्यात शुल्क हटाने के बाद खुदरा कीमतों में आए उछाल के मद्देनजर थोक बाजारों में बफर स्टॉक से बिक्री बढ़ाकर प्याज की कीमतों पर अंकुश लगाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सोमवार को कहा कि केंद्र ने दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों के थोक बाजारों में अपने बफर स्टॉक (भंडार) से प्याज निकालना शुरू कर दिया है। सरकार की योजना पूरे देश में सब्सिडी वाले प्याज की खुदरा बिक्री की है। खरे ने कहा कि निर्यात शुल्क हटाने के बाद हमें कीमतों में उछाल का अनुमान था। हमारे 4.7 लाख टन के बफर स्टॉक और खरीफ की बुवाई के बढ़े हुए रकबे के साथ हमें उम्मीद है कि प्याज की कीमतें नियंत्रण में रहेंगी। सरकार समूचे भारत में 35 रुपये प्रति किलो की रियायती दर पर प्याज की खुदरा बिक्री बढ़ाने की योजना बना रही है।

## मोटर इंश्योरेंस क्लेम के लिए एक आसान गाइड

# वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाए तो कैसे पाएं क्लेम



आज लोगों के बड़ी संख्या में निजी वाहन खरीदने से मोटर इंश्योरेंस सबसे प्रचलित बीमा उत्पाद बन गया है। परिणामस्वरूप हर साल सबसे ज्यादा क्लेम भी होते हैं, लेकिन हममें से अधिकांश लोग अपना पहला मोटर क्लेम करते समय कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करते हैं। लेकिन मोटर इंश्योरेंस के प्रकार, क्लेम से पहले और बाद की प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी हो तो मुश्किलें खत्म हो जाती हैं। आइए जानते हैं इसके बारे में...

**क्लेम के प्रकार- मोटर इंश्योरेंस के क्लेम आमतौर पर दो श्रेणियों में होते हैं - कैशलेस और रीइम्बर्समेंट क्लेम।**

**कैशलेस क्लेम :** इसके तहत अगर आपके वाहन को कोई नुकसान पहुंचता है, जिसे मरम्मत की जरूरत हो तो आपको आगे बढ़कर कोई खर्च नहीं करना पड़ता। बीमा प्रदाता सीधे अपने नेटवर्क गेराज को वाहन की मरम्मत के लिए खर्चों का भुगतान करता है। आप यानी ग्राहक केवल मूल्यह्रास (डेप्रिसिएशन) और डिडक्टेबल लागू होने पर उसका भुगतान करते हैं। मूल्यह्रास का प्रतिशत वाहन की आयु और भाग के अनुसार अलग-अलग होता है।

**रीइम्बर्समेंट क्लेम :** इसके तहत अगर आपके वाहन को कोई भी नुकसान होता है, तो आप किसी भी गेराज में अपने वाहन की मरम्मत करवा सकते हैं। आपको मरम्मत की लागत का भुगतान करना होगा और बीमा प्रदाता से रीइम्बर्समेंट (प्रतिपूर्ति) के लिए अप्लाई करना होगा। सुनिश्चित करें कि आप वर्कशॉप से मरम्मत से संबंधित सभी रसीदें और बिल ले लें। बीमा प्रदाता क्लेम संबंधी दस्तावेजों और बिलों को सत्यापित करने के बाद आपको भुगतान करेगा।

### तीन तरह के क्लेम

**थर्ड पार्टी (टीपी) :** भारत में थर्ड पार्टी कवर कानूनन अनिवार्य है। टीपी का उद्देश्य है आपके वाहन द्वारा किसी थर्ड पार्टी को हुए नुकसान के मुआवजे की स्थिति में आपको कानूनी दायित्वों के लिए कवरेज प्रदान करना। टीपी सेक्शन आपको या आपके वाहन को कोई कवर प्रदान नहीं करता। टीपी सेक्शन में एक थर्ड पार्टी जिसे आपके वाहन से चोट लगी हो, संपत्ति को नुकसान हुआ हो या मृत्यु हो गई हो, मुआवजे के लिए क्लेम कर सकता है। मृत्यु या चोट के मामले में मुआवजे पर कोई सीमा नहीं होती और मुआवजे की राशि कोर्ट द्वारा निर्धारित की जाती है। अगर आप दुर्घटना में थर्ड पार्टी हैं, तो आपको तुरंत एफआईआर दर्ज करवानी चाहिए और वाहन के मालिक से उनके टीपी इंश्योरेंस के विवरण लेने चाहिए।

**ओन डैमेज (ओडी) :** दुर्घटना में आपके वाहन को हानि पहुंचने पर ओडी क्लेम लागू हो जाता है। पहला कदम है पुलिस और अपने बीमा प्रदाता को सूचित करना। पुलिस और बीमा प्रदाता की सहमति के बिना अपने वाहन को दुर्घटना स्थल से न हटाएं। दुर्घटना स्थल से वाहन को हटाने की सहमति मिलने के बाद आप अपने वाहन को मरम्मत के लिए ले जा सकते हैं और बीमा प्रदाता कैशलेस या रीइम्बर्समेंट के आधार पर भुगतान करेगा।

**चोरी :** अगर आपका वाहन चोरी हो जाता है तो आपको पुलिस में एफआईआर दर्ज करवानी होगी और बीमा प्रदाता व आरटीओ को चोरी के बारे में सूचित करना होगा। आपको बीमा प्रदाता के पास एफआईआर, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट आदि की एक कॉपी जमा करवानी होगी। पुलिस इस मामले की जांच करेगी, लेकिन अगर आपका वाहन 90 दिनों के भीतर नहीं मिलता, तो पुलिस एक "नो ट्रेस रिपोर्ट" जारी करेगी। चोरी के मामले में क्लेम सेटलमेंट के लिए नो ट्रेस रिपोर्ट अनिवार्य होती है।



### डिजिटल क्लेम प्रक्रिया

बीमा उद्योग तेजी से डिजिटलीकरण की ओर बढ़ रहा है और समय पर क्लेम सेटलमेंट करने के लिए नए उपायों का उपयोग कर रहा है। क्लेम सेटलमेंट में ऐसा एक नया इनोवेशन है ऑन द स्पॉट सेटलमेंट। यह बीमा प्रदाता के एप या वेबसाइट के माध्यम से किया जाता है। बीमित व्यक्ति को केवल अपने वाहन को हुए नुकसान की कुछ फोटो क्लिक करके बीमा प्रदाता के एप या पोर्टल पर उन्हें अपलोड करना होगा। बीमा प्रदाता उन फोटो और अपने डेटा एनालिटिक्स टूल का उपयोग करके क्लेम राशि निर्धारित करते हैं। स्वीकार किए जाने पर क्लेम 20 मिनट के अंदर मिल जाता है।

टीए रामलिंगम
(चीफ टेक्निकल ऑफिसर, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस)

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### तृणमूल विधायक, डॉक्टर से सीबीआई की पूछताछ

**कोलकाता।** पिछले महीने यहां आरजी कर अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या की सीबीआई जांच के सिलसिले में सोमवार को तृणमूल कांग्रेस विधायक निर्मल घोष से केंद्रीय एजेंसी की पूछताछ जारी है। अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल के फॉरेंसिक विभाग में डॉक्टर-प्रोफेसर अपूर्व बिस्वास से भी इसी मामले के सिलसिले में सीबीआई अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के पानीहाटी से विधायक घोष सुबह साढ़े 10 बजे साल्टलेक स्थित सीबीआई के सीजीओ कॉम्प्लेक्स कार्यालय पहुंचे। सीबीआई ने कहा कि हमने उन्हें आरजी कर अस्पताल की घटना के बारे में पूछताछ के लिए बुलाया था।

### छत्तीसगढ़: महिला समेत तीन नक्सली मारे गए

**नारायणपुर।** जिले में सोमवार को खोजी अभियान पर निकले जवानों की मुठभेड़ नक्सलियों से हुई, जिसमें तीन नक्सली मारे गए। मृतक नक्सलियों के पास से एके 47 सहित कई हथियार मिले। इलाके में जवानों ने सघन खोजी अभियान चलाया है। पुलिस ने बताया कि जवानों को खबर मिली थी कि इलाके में नक्सली बैठक कर रहे हैं। शाम 4 बजे वह अबूझमाड़ के जंगल पहुंचे तो नक्सलियों ने गोलीबारी की तो जवानों के जवाबी कार्रवाई में एक महिला समेत तीन नक्सली मारे गए।

### सैन्य अधिकारी व मंगेतर के उत्पीड़न पर आयोग गठित

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पुलिस थाने में सैन्य अधिकारी का उत्पीड़न और उसकी मंगेतर के यौन उत्पीड़न की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति चितरंजन दास की अध्यक्षता में जांच आयोग गठित किया है।

# कोर्ट पहुंचे स्वामी, निगरानी में जांच का अनुरोध

## तिरुपति लड्डू विवाद: याचिका में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों की जांच के निर्देश देने की मांग की

नई दिल्ली, एजेंसी

- टीटीडी के पूर्व अध्यक्ष ने सेवानिवृत्त जज की समिति से जांच का किया अनुरोध

भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने तिरुपति लड्डू बनाने में पशुओं की चर्बी के कथित इस्तेमाल की जांच अदालत की निगरानी में किये जाने के अनुरोध के साथ सोमवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। भाजपा नेता ने न्यायालय से अनुरोध किया कि वह आंध्र प्रदेश सरकार को लड्डू बनाने में इस्तेमाल किए गए घी के स्रोत और नमूने पर एक विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दे।

स्वामी ने आग्रह किया कि वह अधिकारियों से विस्तृत फोरेंसिक रिपोर्ट के लिए अंतरिम निर्देश जारी करे। याचिका अनुसार प्रसाद में इस्तेमाल होने वाली सामग्रियों के आपूर्तिकर्ताओं की गुणवत्ता या उसकी कमी की निगरानी और सत्यापन के लिए आंतरिक रूप से अंकुश होना चाहिए था। स्वामी ने याचिका की जानकारी एक्स पर पोस्ट की है। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि मैंने जनहित याचिका दायर कर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों की जांच के निर्देश की मांग की। नायडू ने आरोप लगाया है कि तिरुपति तिरुमाला मंदिर के प्रसाद में जानवरों के मांस और सड़े पदार्थों की मिलावट की गई है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य वाई.वी. सुब्बा रेड्डी ने भी न्यायालय में याचिका दायर कर शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व वाली स्वतंत्र समिति द्वारा जांच कराये जाने का अनुरोध किया है।

### मिलावट के आरोपों का स्वतः संज्ञान ले न्यायालय : विहिप


**तिरुपति।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने उच्चतम न्यायालय से तिरुपति के लड्डुओं में मिलावट के आरोपों का स्वतः संज्ञान लेने और दोषियों का पता लगाने के लिए जांच शुरू करने की सोमवार को अपील की। विहिप के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की तिरुपति में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। विहिप ने कहा कि उच्चतम न्यायालय को इस मामले का स्वतः संज्ञान लेना चाहिए तथा एक निश्चित समयावधि में इसकी जांच कर इस अक्षम्य अपराध के दोषियों की पहचान करनी चाहिए तथा उन्हें कड़ी सजा देनी चाहिए। उसने कहा कि इस मामले में लापरवाही और देरी की कोई गुंजाइश नहीं है, क्योंकि ऐसा होने पर हिंदू समुदाय के सदस्य राष्ट्रव्यापी आंदोलन कर सकते हैं, जो इस मामले को लेकर पहले से ही अधीर हैं। विहिप के अनुसार, तिरुपति के लड्डुओं को लेकर पिछले चार-पांच दिन में दक्षिणी राज्य में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी वाईएसआरसीपी द्वारा एक दूसरे पर लगाए गए आरोपों-प्रत्यारोपों से हिंदू समुदाय स्तब्ध है।

### एफएसएसएआई की रिपोर्ट का इंतजार

**नई दिल्ली।** तिरुपति मंदिर में बांटे गए लड्डुओं पर जारी विवाद के बीच उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सोमवार को कहा कि उनका विभाग भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की रिपोर्ट मिलने के बाद ही बाजार में घी की गुणवत्ता की निगरानी के लिए अतिरिक्त उपायों पर विचार करेगा। खरे ने कहा कि हम रिपोर्ट का इंतजार करेंगे।

# कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी, उसने सैलजा का किया अपमान : शाह

चंडीगढ़, एजेंसी



केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उसे दलित विरोधी पार्टी करार दिया और कहा कि उसने कुमारी सैलजा और अशोक तंवर जैसे दलित नेताओं का अपमान किया है। शाह ने आरक्षण के संबंध में टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर कोई आरक्षण की रक्षा कर सकता है, तो वह केवल प्रधानमंत्री हैं।

शाह हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए टोहाना में रैली को संबोधित कर रहे थे। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी है। कांग्रेस ने दलित नेताओं का अपमान किया, चाहे वह अशोक तंवर हों या बहन सैलजा। सत्तारूढ़ भाजपा दलित नेता सैलजा के चुनाव प्रचार से दूर रहने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साध रही है। सैलजा के चुनाव प्रचार से दूर रहने की खबरों के बीच हाल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सैलजा को भाजपा में शामिल होने का न्योता दिया था।

### मैं कांग्रेसी हूं, दो-तीन दिन में शुरू करूंगी प्रचार: सैलजा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने नाराजगी की खबरों के बीच सोमवार को कहा कि वह कांग्रेसी हैं और दो-तीन दिन में चुनाव प्रचार शुरू करेंगी। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के साथ बैठक को लेकर कहा कि शीर्ष नेताओं के साथ अक्सर चर्चा होती रहती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने कहा कि पार्टी में 100 तरह की बातें होती हैं, लेकिन वो पार्टी के अंदर की बातें होती हैं।

# आरोपी ने पुलिस की रिवॉल्वर छीन चलाई गोली, जवाबी फायरिंग में मौत

बदलापुर (महाराष्ट्र), एजेंसी

### बदलापुर यौन शोषण

- अस्पताल में आरोपी ने तोड़ा दम, एक पुलिसकर्मी घायल

स्कूल में दो बच्चियों के यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे ने हिरासत में पुलिस की रिवॉल्वर छीनकर गोली चलाई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। घटना में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है।

आरोपी शिंदे को तलोजा जेल से पुलिस रिमांड पर लेकर बदलापुर जा रही थी। आरोपी ने गाड़ी में पुलिसकर्मी से रिवाल्वर छीन ली और पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी। इसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर फायरिंग की गई। इसमें अक्षय शिंदे को गोली लग गई। इससे वह घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अक्षय शिंदे ने दम तोड़ दिया।

अक्षय शिंदे की मौत को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि अक्षय शिंदे की पूर्व पत्नी ने यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। इसलिए उसे जांच के लिए ले जाया जा रहा था। शिंदे ने एक पुलिस कर्मी नीलेश मोरे पर गोली चलाई, जो घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मौके पर है। पुलिस ने आत्मरक्षा में यह कार्रवाई की है। जांच के बाद अधिक जानकारी सामने आएगी।

# जाति जनगणना बोलने से डरते हैं मोदी : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी



श्रीनगर में सभा को संबोधित करते राहुल गांधी।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरक्षण पर भाजपा पलटवार करते हुए सोमवार को कहा कि बहुजन विरोधी भाजपा चाहे कितना भी झूठ फैला ले, लेकिन मुख्य विपक्षी दल आरक्षण पर आंच तक नहीं आने देगा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जाति जनगणना बोलने तक से डरते हैं और वह नहीं चाहते कि बहुजन को उनका हक मिले।

राहुल गांधी ने आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने की पैरवी करते हुए कहा कि बहुजन को न्याय दिलाना उनके जीवन का मिशन है। अमेरिका में राहुल गांधी द्वारा आरक्षण के संदर्भ में दिए बयान को लेकर भाजपा और उसके शीर्ष नेता उन पर हमले कर रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर की सभा में राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा था कि किसी को भी पहाड़ी, गुज्जर, दलित, अन्य पिछड़े वर्गों सहित वंचित वर्गों को दिए आरक्षण को छूने की इजाजत नहीं दी जाएगी। राहुल अमेरिका में कह रहे हैं कि आरक्षण की जरूरत नहीं है।

### जम्मू-कश्मीर में बोले राहुल- संसद में बनूंगा आपकी आवाज

**श्रीनगर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद में जम्मू-कश्मीर के लोगों की आवाज बनने का सोमवार को वादा किया और जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए भाजपा शासित केंद्र पर दबाव बनाने की कांग्रेस की प्रतिबद्धता दोहराई। श्रीनगर के बाहरी इलाके जैनाकोट में चुनावी रैली में गांधी ने कहा कि जब भी आपको मेरी जरूरत होगी, आप मुझे सिर्फ आदेश दीजिए, मैं आपके समक्ष हाजिर हो जाऊंगा। मैं आपके मुद्दों को संसद में उठाऊंगा। आप जानते हैं कि मेरा आपसे कितना खास रिश्ता है। मुझे इसका जिक्र करने की भी जरूरत नहीं है।

### किश्तवाड़ में आतंकियों व सुरक्षाबलों में मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकियों के समूह में कुछ देर तक गोलीबारी होने के बाद बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। किश्तवाड़ के चटरू इलाके में मुठभेड़ तीसरे दिन में प्रवेश कर गई है। माना जा रहा है कि दो से तीन आतंकियों के जंगली इलाके में छिपे होने की उम्मीद है। जहां सुरक्षा बलों की टीम ने घेराबंदी कर रखी है। चटरू के गुरिनाल गांव में डन्ना धार वन क्षेत्र के पास 21 सितंबर को शुरू हुई मुठभेड़ तीसरे दिन में प्रवेश कर गई है। 13 सितंबर को हुई गोलीबारी में दो जवान शहीद हो गए थे और कई घायल हो गए थे।

## यूएपीए: मुकदमे की मंजूरी देने में समयसीमा का सख्ती से हो पालन

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अन्यथा सत्ता हो जाएगी बेलगाम

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए के तहत अभियोजन मंजूरी की सिफारिश और स्वीकृति के लिए निर्धारित समयसीमा का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। ऐसी समयसीमाओं के बिना सत्ता बेलगाम हो जाएगी, जो एक लोकतांत्रिक समाज के खिलाफ है।

यूएपीए के नियम 3-4 सात दिन की समयसीमा देते हैं, जिसके भीतर संबंधित प्राधिकारी को आईओ द्वारा एकत्रित सामग्री के आधार पर सिफारिश करनी होती है। अदालत ने प्राधिकारी की रिपोर्ट पर कहा कि ऐसे मामलों में समय का पालन महत्वपूर्ण है। कोर्ट ने फुलेश्वर गोपे की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। गोपे पर पीएलएफआई का सदस्य होने का आरोप है।

# पराली जलाने पर सख्ती से लगे रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

- वायु प्रदूषण पर पीएमओ में उच्च स्तरीय बैठक प्रधान सचिव ने अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में सोमवार को वायु प्रदूषण को लेकर उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए एनसीआर में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और चार्जिंग बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर जोर दिया गया। अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों से चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (जीआरएपी) का सख्ती से और समय पर क्रियान्वयन करने का आह्वान किया। जीआरएपी सर्दियों के दौरान लागू किया जाने वाला प्रदूषण-रोधी उपाय है।

प्रधान सचिव ने पंजाब, हरियाणा और यूपी के लिए कार्ययोजना को सख्ती से लागू करने, फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने और पराली के उपयोग में छोटे उद्योगों को सहायता देने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे के विस्तार के महत्व पर जोर दिया। मिश्रा ने राज्य सरकारों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों से पटाखों पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने का भी आग्रह किया। बैठक में केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों और पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के मुख्य सचिवों ने भी हिस्सा लिया।

## महिलाओं के पवित्र वजूद की रक्षा जरूरी : अदालत

**इंदौर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति प्रेमनारायण सिंह की इंदौर पीठ ने कथित तौर पर क्रूरतापूर्ण दुष्कर्म के मामले में पीड़ित और आरोपी पक्ष के बीच समझौते पर प्राथमिकी रद करने से इनकार करते हुए कहा है कि महिलाओं के पवित्र वजूद की हर हाल में रक्षा आवश्यक है। इस मामले के आरोपी के खिलाफ अपनी प्रेमिका की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का इल्जाम है।

# सूरत: पटरी से छेड़छाड़ में रेलवे के ही कर्मी गिरफ्तार

सूरत, एजेंसी

- हादसा टालने का श्रेय लेने और सम्मान पाने के लिए पटरी पर फिश प्लेट रखकर दी थी सूचना

गुजरात के सूरत जिले में रेल पटरी से छेड़छाड़ करने और फिर संभावित हादसे को टालने का श्रेय लेने के आरोप में रेलवे के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया। एसपी होतेश जॉयसर ने बताया कि सुभाष पोद्दार, मनीष मिस्त्री और शुभम जायसवाल रेलवे के रखरखाव विभाग में ट्रैकमैन हैं। पोद्दार और अन्य ने कोसांबा और किम स्टेशन के बीच निरीक्षण के दौरान शनिवार सुबह 5.30 बजे रेलवे प्रशासन को सतर्क किया था कि शरारती तत्व पटरी से ट्रेन को उतारने के लिए एक तरफ की पटरी से इलास्टिक क्लिप और दो फिश प्लेट हटाकर उन्हें दूसरी तरफ की पटरी पर रख रहे हैं।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि तीनों के पटरियों से छेड़छाड़ देखे जाने से ठीक पहले मार्ग से एक ट्रेन गुजरी थी। छेड़छाड़ का पता चलने और ट्रेन के गुजरने के समय का अंतर बहुत कम था और इतने कम समय में इलास्टिक क्लिप और फिशप्लेट हटाना संभव नहीं था। तीनों के मोबाइल फोन की जांच की और देर रात 2.56 बजे से तड़के 4.57 बजे तक अलग-अलग अंतराल पर रिकॉर्ड किए छेड़छाड़ वाले वीडियो पाए। मिस्त्री ने अपनी खींची तस्वीरें भी डिलीट कर दी थीं। पूछताछ के बाद तीनों ने इस कृत्य को कबूल किया। उन्होंने बताया कि वे इस कृत्य में इसलिए शामिल हुए कि उन्हें सम्मानित किया जाएगा और आगे भी रात की ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा, जिससे उन्हें दिन में परिवार के साथ रहने का मौका मिलेगा। वह पोद्दार ही था, जिसके मन में यह विचार आया, क्योंकि मानसून में लगाई गई उसकी रात्रि ड्यूटी समाप्त होने वाली थी।

# 20 साल में पहली बार खिताब जीतना गर्व का पल

- **हरिका बोलीं- सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बाद भी शतरंज ओलंपियाड जीतने की खुशी है**

नई दिल्ली, एजेंसी


शतरंज ओलंपियाड खिताब जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

अनुभवी डी हरिका को प्रतिष्ठित शतरंज ओलंपियाड खिताब जीतने के सपने को साकार करने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा लेकिन उन्हें बुडापेस्ट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बाद भी इस खिताब को जीतने की खुशी है।

भारत ने रविवार को शतरंज ओलंपियाड में इतिहास रच दिया जब उसकी पुरुष और महिला टीमों ने अंतिम दौर के मैचों में क्रमशः स्लोवेनिया और अजरबैजान को हराकर दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीते। अजरबैजान के खिलाफ महिला टीम के लिए 33 वर्षीय हरिका ने लय में वापसी करते हुए जीत दर्ज की, जबकि 18 वर्षीय दिव्या देशमुख ने तीसरे बोर्ड पर गोवर बेयदुल्यायेवा को पछाड़ कर अपना व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी पक्का किया। हरिका ने कहा मेरे लिए जाहिर तौर पर यह इन लोगों (टीम के साथी खिलाडियों) से ज्यादा भावुक क्षण है। मैं लगभग 20 साल से खेल रही हूं लेकिन पहली बार स्वर्ण पदक जीतने का मौका मिला है। मैं इन खिलाड़ियों के लिए काफी खुश और गर्व महसूस कर रही हूं। युवा खिलाड़ियों ने टीम के लिए काफी अच्छा प्रदर्शन किया। शायद मेरा प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था लेकिन टीम के स्वर्ण पदक से मैं सब कुछ भूलने में सफल रही। मुझे खुशी है कि हम निराशा को पीछे छोड़कर मजबूत वापसी करने में सफल रहे।

दिव्या ने कहा इसकी शुरुआत काफी अच्छी रही, लेकिन बीच में हमें कुछ सफलता मिली और जिस तरह से मैंने और मेरी टीम ने इसे संभाला उस पर मुझे गर्व है। हमने दृढ़ता के साथ मुकाबला किया और आखिरकार हम स्वर्ण पदक के साथ यहां हैं। मैं अभी भावनाओं से भरी हुई हूं। मैं काफी खुश हूं। मैंने यहां अच्छा प्रदर्शन किया है। यह करो या मरो जैसे हालात थे, आपको देश के लिए सब कुछ झोंकना होता है। दिव्या तीसरे बोर्ड पर 11 में से 9.5 अंक हासिल कर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने में भी सफल रही। तानिया ने कहा यह वह क्षण है, मुझे लगता है कि हम इसके लिए ही बने थे। पिछली बार (2022 में टीम मामूली अंतर से चूक कर कांस्य पदक जीती थी) ऐसा नहीं हुआ। पिछली बार कांस्य पदक का जश्न मनाना कठिन था लेकिन मैं अभी बहुत खुश हूं।

# श्रीलंका ने जीता पहला टेस्ट मैच

गाले, एजेंसी


प्रबथ जयसूर्या को प्लेयर ऑफ द मैच।

- **पांचवें दिन 275 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड 68 रनों की हारी**

प्रबथ जयसूर्या की शानदार गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने सोमवार को पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन न्यूजीलैंड को 68 रनों से हरा दिया है। आज यहां मैच के पांचवें दिन न्यूजीलैंड की टीम कल के स्कोर आठ विकेट पर 207 रन से आगे खेलना शुरु किया।

प्रबथ ने शतक की ओर बढ़ रहे रचिन रविंद्र (92)को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके दो रन बाद विलियम ओरूर्क (शून्य) को बोल्ड कर प्रबथ ने न्यूजीलैंड की पारी को 211 के स्कोर पर समेट कर मुकाबला 68 रनों से जीत लिया। मैच में नौ विकेट लेने वाले श्रीलंकाई स्पिनर प्रबथ जयसूर्या को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

इससे पहले 275 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। और उसने छह रन के स्कोर पर डेवन कॉन्वे (चार) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद प्रबथ ने केन विलियमसन (30) को स्टंप आउट करा दिया। टॉम लेथम (28) को धनंजय ने पगबाधा किया। टॉम ब्लंडल (30) को प्रबथ ने बोल्ड आउट किया। रचिन रवींद्र ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे अधिक 92 रन बनाए। न्यूजीलैंड के सात खिलाड़ी दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के लिए प्रबथ जयसूर्या ने 68 रन देकर पांच विकेट लिए। रमेश मेंडिस को तीन विकेट मिले। धनंजय डी सिल्वा और असिथा फर्नांडो को 1-1 बल्लेबाज को आउट किया।

## खेल डायरी



### मोहन बागान ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को हराया

**कोलकाता।** सुभाशीष बोस के दो गोल की मदद से मोहन बागान ने एक गोल से पिछड़ने के बावजूद इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के मैच में सोमवार को यहां नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को 3-2 से शिकस्त दी। सुभाशीष ने मैच के 61वें मिनट में गोल कर स्कोर को 2-2 से बराबर किया और फिर स्टॉपेज समय (90 1 मिनट) में अपने दूसरे गोल से टीम को 3-2 की बढ़त दिला दी, जो निर्णायक साबित हुई। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने इससे पहले चौथे मिनट में मोहम्मद अली बेमाम्मेर के गोल से बढ़त हासिल कर ली लेकिन इसके छह मिनट के बाद दीप्येंदु विश्वास के गोल से स्कोर 1-1 हो गया। अलाइद्दीन अजाराई ने 24वें मिनट में गोल कर फिर से नॉर्थईस्ट को आगे कर दिया लेकिन मध्यांतर के बाद सुभाशीष ने दो गोल कर मौजूदा सत्र में डूरंड कप का खिताब जीतने वाली टीम के मंसूबों पर पारी फेर दिया। मोहन बागान की दो मैचों में यह पहली जीत है।

### द. अफ्रीका ने अफगानिस्तान को क्लीन स्वीप से रोका

**शारजाह।** दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सात विकेट से जीत दर्ज करके अफगानिस्तान को शृंखला में सूपड़ा साफ करने से रोका दिया। एडेन मार्कराम की नाबाद 69 रन की पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 ओवर शेष रहते तीन विकेट पर 170 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। अफगानिस्तान की टीम इससे पहले 34 ओवर में सिर्फ 169 रन पर ढेर हो गई। अफगानिस्तान ने शृंखला 2-1 से जीती। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवहीन टीम शुरुआती दो मैच में 106 और 134 रन पर सिमट गई थी लेकिन शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में एक बार फिर धीमी पिच पर मार्कराम ने अच्छी पारी खेलते हुए अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। अफगानिस्तान के लिए पिछले मैच के शतकवीर रहमानुल्लाह गुरबाज ने 94 गेंद में 89 रन की पारी खेली। टीम का शीर्ष आठ में शामिल कोई अन्य बल्लेबाज 10 रन से अधिक नहीं बना पाया। इनमें से तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे एएम गजनफर ने नाबाद 31 रन की पारी खेली।

### बार्सीलोना ने स्पेनिश लीग में लगातार छठी जीत दर्ज की

**मैड्रिड।** बार्सीलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां विलारीयाल को 5-1 से हराकर लगातर छठी जीत दर्ज की। इस मुकाबले के दौरान हालांकि बार्सीलोना को झटका भी लगा तब उसके कप्तान और गोलकीपर मार्क आंद्रे टेर स्टेगेन के घुटने में गंभीर चोट लगी और उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर जाना पड़ा। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार टेर स्टेगेन स्टेडियम से अस्पताल एंबुलेंस में गए और अस्पताल से वापस व्हीलचेयर पर लौटे। बार्सीलोना के कोच हेंसी फ्लिक ने कहा इस चोट से हम दुखी हैं। मुझे लगता है कि चोट बहुत बड़ी होगी लेकिन हमें अधिक जानकारी के लिए इंतजार करना होगा। हमें इसे स्वीकार करना होगा। यह आसान नहीं है। बार्सीलोना ने अब तक हुए छह मुकाबलों में 22 गोल किए हैं जबकि उसके खिलाफ सिर्फ पांच गोल हुए हैं। टीम ने अंक तालिका के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बना ली है जिसने शनिवार को इस्पानयोल को 4-1 से हराया। एटलेटिको मैड्रिड ने रेयो वालेकानो से 1-1 से ड्रॉ खेला जबकि गेटाफे और लेगानेस का मुकाबला भी 1-1 से बराबर रहा। एथलेटिक बिलबाओ ने सेल्टा विगो को 3-1 से हराया।

# डब्ल्यूटीसी की तालिका में भारत का वर्चस्व

## बांग्लादेश पर जीत के साथ मजबूत हुई स्थिति, श्रीलंका तीसरे स्थान पर पहुंचा

दुबई, एजेंसी


जीत के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। (फाइल फोटो) ● एजेंसी

भारत ने बांग्लादेश पर 280 रन की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली जबकि श्रीलंका ने गॉल में न्यूजीलैंड को हराकर लार्ड्स में अगले साल होने वाले फाइनल के लिए अपना दावा मजबूत किया। श्रीलंका अपने मौजूदा प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचा है।

चेन्नई में जीत और 12 डब्ल्यूटीसी अंक के साथ भारत ने 71.67 प्रतिशत अंक के साथ तालिका के शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया (62.50 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर) पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। पाकिस्तान के खिलाफ शृंखला 2-0 से जीतकर चौथे स्थान पर पहुंचा बांग्लादेश (39.29 प्रतिशत अंक) इस हार के बाद छठे स्थान पर खिसक गया है। बांग्लादेश ने चौथे दिन भारत के 515 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट पर 158 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान नजमुल हुसैन शंटो और शाकिब अल हसन ने कुछ देर हार को टाला लेकिन रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की भारत की स्पिन जोड़ी ने मात्र 40 रन देकर शेष छह विकेट चटका दिए। अश्विन को पहली पारी में शानदार शतक जड़ने और दूसरी पारी में छह विकेट लेने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। गॉल में जीत के बाद तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचे श्रीलंका के पास 2025 के फाइनल में जगह बनाने के लिए 2023 डब्ल्यूटीसी के फाइनलिस्ट भारत और ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने का सबसे अच्छा मौका है।

गॉल में न्यूजीलैंड पर 63 रन की जीत श्रीलंका की आठ मैचों में चौथी जीत है जिससे उनके 50 प्रतिशत अंक हो गए हैं। श्रीलंका की टीम मौजूदा चक्र में अब अधिकतम 69.23 प्रतिशत अंक हासिल कर सकती है जो उसे अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में जगह दिलाने के लिए पर्याप्त होगा और फिर दक्षिण अफ्रीका तथा ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करना होगा। भारत को डब्ल्यूटीसी चक्र में अभी नौ टेस्ट और खेलने हैं और उसकी नजरें लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने पर टिकी हैं। भारत पिछले दो सत्र में उपविजेता रहा था जब उसे न्यूजीलैंड (2020) और ऑस्ट्रेलिया (2022) के खिलाफ फाइनल में हार झेलनी पड़ी।

### गिल के साथ मैदान के बाहर की दोस्ती काम आई : पंत



**चेन्नई।** भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच की दूसरी पारी में शुभमन गिल के साथ सफल साझेदारी के रहस्य का खुलासा करते हुए कहा कि दोनों के बीच मैदान के बाहर की दोस्ती से मैदान पर काफी मदद मिली। पंत और गिल दोनों पहली पारी में नहीं चल पाए थे लेकिन उन्होंने दूसरी पारी में 167 रन की साझेदारी की जिसका आखिर में मैच के परिणाम पर असर पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें पंत ने कहा जब मैदान के बाहर आपके बीच बहुत अच्छे संबंध होते हैं तो फिर उस खिलाड़ी के साथ बल्लेबाजी करते हुए काफी मदद मिलती है। हम एक दूसरे के खेल का आनंद ले रहे थे, आपस में खूब बातें कर रहे थे और मैच पर भी बात कर रहे थे तथा बेहद सहज थे। आखिर में हम दोनों यह जानते थे कि हमें क्या करना है। दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेलने वाले पंत ने कहा मेरी खेल की समझ यह कहती है कि आप जहां भी खेल रहे हों, आपके खेल में सुधार होना चाहिए। इसलिए मैं टीम की मदद करने की कोशिश कर रहा था और यह शानदार रहा। मैंने इसका पूरा लुत्फ उठाया।

### बुमराह सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज : स्टीव स्मिथ



**नई दिल्ली।** अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले जसप्रीत बुमराह की सराहना की और उन्हें सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बताया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की शृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो शृंखला जीती हैं। अगर भारत को लगातार तीसरी टेस्ट शृंखला जीतनी है तो ऑस्ट्रेलिया में बुमराह के असाधारण कौशल पर काफी कुछ निर्भर करेगा। स्मिथ ने कहा वह एक बेहतरीन गेंदबाज हैं, चाहे मैं नई गेंद से, थोड़ी पुरानी गेंद से या पुरानी गेंद से उनका सामना करूं। उनके पास सभी तरह का शानदार कौशल है। 35 वर्षीय स्मिथ पिछली कुछ शृंखला से ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी का आगाज कर रहे हैं और उनके भारत के खिलाफ भी ऐसा ही करने की उम्मीद है।

# टीम यूरोप ने टीम विश्व को हराकर लीवर कप जीता

**बर्लिन।** चार बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने टेलर फ्रिट्ज को 6-2, 7-5 से हराया जिससे टीम यूरोप ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टीम विश्व को लीवर कप टेनिस टूर्नामेंट में 13-11 से शिकस्त दी।

अल्कारेज ने दूसरे सेट के 11वें गेम में अमेरिकी ओपन उप विजेता फ्रिट्ज की सर्विस तोड़ी और फिर अपनी सर्विस बचाकर मैच जीतकर टीम यूरोप की जीत सुनिश्चित की। तीन दिन के मुकाबले के तीसरे और अंतिम दिन के खेल से पहले टीम विश्व 8-4 की बढ़त बनाकर लगातार तीसरा खिताब जीतने के करीब थी। रविवार को टीम यूरोप ने वापसी की जब अल्कारेज और कास्पर रूड ने बेन शेल्टन और फ्रांसेस टियाफो की अमेरिका की जोड़ी को युगल मुकाबले में 6-2, 7-6 से हराया। शेल्टन ने इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन के उप विजेता दानिल मेदवेदेव को 6-7, 7-5, 10-7 से हराकर टीम विश्व को फिर बढ़त दिलाई। टियाफो के पास टीम विश्व को जीत दिलाने का मौका था लेकिन वह फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचे एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ हार गए। अल्कारेज ने इसके बाद फ्रिट्ज को हराकर टीम यूरोप की जीत पक्की की।

# सुर्खियों से दूर भारत के तारणहार बने रहे हैं जडेजा



- **कानपुर टेस्ट में 300 विकेट और 3,000 रन के साथ ग्रैंड डबल एलीट क्लब में शामिल होने का मिलेगा मौका**

चेन्नई, एजेंसी

अगर आप जसप्रीत बुमराह जैसे विलक्षण नहीं हैं तो फिर रविचंद्रन अश्विन के साथ खेलने वाले गेंदबाजों के लिए इस दिग्गज ऑफ स्पिनर की छाया से बाहर निकलना आसान नहीं होता, फिर भले ही वह रविंद्र जडेजा जैसा प्रतिभाशाली खिलाड़ी ही क्यों ना हो।

इस हफ्ते शुरू होने वाले कानपुर टेस्ट में जडेजा के पास टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट और 3,000 रन के ग्रैंड डबल को हासिल करने वाले खिलाड़ियों के एलीट क्लब में शामिल होने का मौका होगा। इस ऑलराउंडर के नाम पर अभी 299 विकेट और 3,122 रन दर्ज हैं। भारत के दो खिलाड़ियों अश्विन और कपिल देव सहित अब तक दुनिया के केवल 10 खिलाड़ी ही इस उपलब्धि को हासिल कर पाए हैं।

गैरी सोबर्स और जाक कैलिस जैसे महान खिलाड़ी भी इस सूची का हिस्सा नहीं हैं लेकिन इसके बावजूद जडेजा को उतनी सुर्खियां नहीं मिलती जितनी इन्हें मिला करती थी। एक तरह से जडेजा का काम करने का तरीका इसका मुख्य कारण है।

अश्विन बोलने में तेज हैं और वह प्रेस कांफ्रेंस या अपने यूट्यूब चैनल पर अपने कौशल के बारे में बात करने से नहीं डरते। जडेजा इनमें से कुछ भी नहीं करते। वह रडार की पकड़ में नहीं आने वाले लड़ाकू विमान की तरह अपना काम करते हैं। हालांकि भारत जब भी मुश्किल में होता है तो जडेजा की लड़ाकू प्रवृत्ति तुरंत सामने आ जाती है।

### स्वदेश में हमने 45 मैच खेले, जडेजा ने लिए 218 विकेट : अश्विन

अश्विन ने कहा अब यह प्रशंसा एक कदम और बढ़ गई है, यह जानते हुए कि मैं जडेजा को कभी नहीं हरा सकता। इसलिए मैं अपने खेल में सहज हूं, लेकिन उन्होंने जो किया है, उससे पूरी तरह प्रेरित हूं। उन्होंने पहले टेस्ट के बाद कहा वह काफी प्रेरणादायक है। कभी-कभी जब आप अपने साथी क्रिकेटरों के साथ दौड़ में होते हैं तो आप एक-दूसरे से आगे निकलना चाहते हैं, और फिर आप धीरे-धीरे एक-दूसरे की प्रशंसा करने लगते हैं। वर्ष 2012 में जोड़ी बनाने के बाद से अश्विन और जडेजा स्वदेश में एक साथ 45 टेस्ट खेले जिनमें से भारत ने 34 जीते, तीन में हार और शेष आठ ड्रॉ रहे। इन 45 मैचों में जडेजा ने 218 जबकि अश्विन ने 263 विकेट चटकाए।

## बॉलीवुड हलचल

# मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 बनीं रिया सिंघा



**जयपुर।** गुजरात की रिया सिंघा मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 की विजेता बन गईं हैं। मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का ग्रैंड फिनाले को राजस्थान के जयपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश भर से चुनी गई 51 फाइनलिस्टों ने एक से बढ़कर एक जबरदस्त परफॉर्मेंस दी। 51 फाइनलिस्टों में पहले दो राउंड के बाद से टॉप 20 फाइनलिस्ट चुनी गई। दिल्ली की प्रांजल प्रिया को हराकर गुजरात की रिया सिंघा ने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 एवं बॉलीवुड स्टार उर्वशी रौतेला ने रिया सिंघा को मिस यूनिवर्स इंडिया का ताज पहनाया। रिया इस वर्ष मैक्सिको में होने वाले मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। रिया ने इस अवसर पर कहा, मैंने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब जीत लिया है। मैंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की है, जहां मैं खुद को इस ताज के लायक समझ सकती हूं। मैं पिछले विजेताओं से बहुत प्रेरित हूं। कार्यक्रम में जज के रूप में मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 के डायरेक्टर निखिल आनंद, बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला, फिलीपींस के जाने माने फैशन डिजाइनर ग्युयें कुयन्ह, रियान फर्नांडिस एवं राजीव श्रीवास्तव थे। गौरतलब है कि तीन भारतीय सुंदरियों ने मिस यूनिवर्स का ताज जीता है, जिसमें वर्ष 1994 में सुष्मिता सेन, वर्ष 2000 में लारा दत्ता और वर्ष 2022 में हरनाज संधू शामिल है।

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित हुए चिरंजीवी



**हैदराबाद।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार चिरंजीवी को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया। चिरंजीवी अब गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के धारक बन गए हैं। चिरंजीवी को यह सम्मान 45 वर्षों में अपनी 156 फिल्मों के 537 गानों में 24,000 डांस मूव्स करने के लिए मिला। इसी दिन सुपरस्टार चिरंजीवी 1978 में भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। चिरंजीवी को यह सम्मान आमिर खान ने दिया। इस अवसर पर आमिर खान ने कहा, यहां आना मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात है। मैं चिरंजीवी गारू के प्रशंसकों को देखकर खुश हूं और मुझे भी अपने बीच शामिल करने के लिए आप सभी का धन्यवाद क्योंकि मैं भी उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मैं उन्हें अपने बड़े भाई की तरह देखता हूं। जब चिरंजीवी गारू ने मुझे फोन किया और मुझे इस कार्यक्रम में आमंत्रित करना चाहा तो मुझे नहीं पता कि उन्होंने मुझसे क्यों बुलाया था और मैंने उनसे पहले ही कहा था कि आपको केवल ऑर्डर करना है, कोई मांग नहीं है। मुझे बहुत खुशी है कि चिरंजीवी गारू को यह सम्मान दिया गया है। चिरंजीवी ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक बन जाएंगे। उन्होंने दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

### अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 का रोमांचक पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 का रोमांचक पोस्टर रिलीज हो गया है। पुष्पा 2 : द रूल इस साल की सबसे ज्यादा प्रतीक्षित फिल्म है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म अब अपनी रिलीज से सिर्फ 75 दिन दूर है और जल्द ही दुनिया पुष्पा और उनके बेमिसाल जलवे को बड़े पर्दे पर देखेगी। पुष्पा 2 : द रूल के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर अल्लू अर्जुन का एक रोमांचक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें वे पुष्पराज के रूप में नजर आ रहे हैं, जिसमें उनका सिग्नेचर स्वैग साफ झलक रहा है। उन्होंने कैप्शन में लिखा 75 दिन में दुनिया को पुष्पा और उनकी बेमिसाल आभा को बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा। #पुष्पा 2 द रूल भारतीय सिनेमा में एक अभूतपूर्व अध्याय लिखेगा द रूल 6 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सुकुमार द्वारा निर्देशित और माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत टी सीरीज का है।

# भांबरी, जीवन और प्रशांत अलग-अलग टूर्नामेंट के युगल फाइनल में

नई दिल्ली, एजेंसी


विजय सुंदर प्रशांत व जीवन नेदुनचेझियान।

- **फाइनल मुकाबला जीवन और विजय का कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की जर्मन जोड़ी से होगा**

भारत के जीवन नेदुनचेझियान, विजय सुंदर प्रशांत और युकी भांबरी ने सोमवार को चीन में खेले जा रहे दो अलग-अलग एटीपी टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में जगह बनाई।

जीवन और विजय की गैर वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने हांग्झोऊ ओपन के सेमीफाइनल में एरियल बेहार (उरुग्वे) और रॉबर्ट गैलोवे (अमेरिका) की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ पहले सेट में करारी हार के बाद शानदार वापसी की तथा एक घंटे और 11 मिनट के रोमांचक मुकाबले में 0-6, 6-2, 10-4 से जीत हासिल की। फाइनल में जीवन और विजय का मुकाबला कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की गैरवरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी से होगा।

उन्होंने रिंकी हिजिकाटा (ऑस्ट्रेलिया) और मैकेंजी मैकडोनाल्ड (अमेरिका) से वॉकओवर मिलने के बाद फाइनल में जगह बनाई। इस बीच चेंगदू ओपन में युकी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटल की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे और 31 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में क्रोएशिया के इवान डोडिग और ब्राजील के राफेल माटोस को 6-3, 7-6 से हराया। फाइनल में युकी और अल्बानो का मुकाबला सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबौल की शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी जोड़ी से होगा, जिन्होंने सेमीफाइनल में मिगुएल रेयेस-वरेला और जॉन-पैट्रिक स्मिथ को 4-6, 6-3, 12-10 से हराया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# इजराइली हमलों में 182 लोग मारे गए

## लेबनान के लिए 2006 के बाद सर्वाधिक घातक दिन, 300 ठिकानों पर हमला किया

**मरजायौन (लेबनान), एजेंसी**



लेबनान के लिए वर्ष 2006 के बाद सोमवार सर्वाधिक घातक दिन रहा और हिजबुल्ला के खिलाफ इजराइल के हमलों में 180 से अधिक लोग मारे गए। इजराइली सेना ने हिजबुल्ला के खिलाफ व्यापक हवाई अभियान से पहले दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के निवासियों को अपने घर खाली करने की चेतावनी दी थी।

दक्षिण लेबनान से इजराइल की चेतावनी के बाद हजारों लेबनानी अपने घरों को छोड़कर भाग गए। वर्ष 2006 के इजराइल-हिज़बुल्ला युद्ध के बाद इस सबसे बड़े पलायन में दक्षिणी बंदरगाह शहर सिडोन के पास मुख्य राजमार्ग बेरूत की ओर जाने वाली कारों से जाम हो गया। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हिजबुल्ला आतंकवादी समूह के खिलाफ दबाव बढ़ाते हुए लेबनान में सोमवार को लगभग 300 ठिकानों पर हमला किया। इजराइल की सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में तस्वीर जारी करते हुए घोषणा की कि सैन्य प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी, तेल अवीव स्थित सैन्य मुख्यालय से अतिरिक्त हमलों को मंजूरी दे रहे हैं। हिजबुल्ला के खिलाफ पिछले एक साल से चल रही लड़ाई में यह सबसे घातक हवाई हमलों में से एक है।

# सामाजिक दबावों के बीच पुरुष अकेलेपन की महामारी से जूझ रहे

जस्टिन बीबर और उनकी पत्नी हैली ने मई 2024 में घोषणा की थी कि वे बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं, उससे कुछ हफ्ते पहले पॉप आइकन ने एक सेल्फी सोशल मीडिया पर साझा की थी जिसमें उनकी आंखों में आंसू थे और वह परेशान दिखाई दे रहे थे। मीडिया का ध्यान तुरंत ही हैली की गर्भावस्था की ओर चला गया जबकि एक पुरुष सेलिब्रिटी और भावी पिता द्वारा सार्वजनिक रूप से अपनी कमजोरी साझा करने के महत्व पर बहुत कम ध्यान दिया गया। फिर भी, बीबर का सोशल मीडिया पोस्ट उनके आंतरिक संघर्ष को उजागर करने के लिए काफी है। भावनात्मक दर्द गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा हुआ है। लेकिन, पुरुषों की भावनाओं और कमजोरियों की अभिव्यक्ति के प्रति लोगों की प्रतिक्रिया अक्सर कमतर होती है, भले ही उन्हें पूरी तरह खारिज नहीं किया जाता हो। उदाहरण के लिए, बीबर के आंसू भरे पोस्ट के जवाब में हैली ने उन्हें काफी रोने वाला बताया।



### कनाडाई रैप गायक ने अपने दिल की भावनाएं पेश की

एक साल पहले, कनाडाई रैप गायक डैक्स ने टू बी ए मैन गाना रिलीज किया था। उस समय उन्होंने कहा था, यह एक ऐसा गाना है जिसमें मैंने अपने दिल की भावनाएं पेश की हैं। मैं प्रार्थना कर रहा हूं कि यह उन सभी तक पहुंचे जिन्हें इसकी जरूरत है। आज, इस गाने का संदेश समय के अनुकूल है। इस गाने का भाव कुछ इस तरह है : हां, मुझे पता है कि यह जिंदगी आपको वाकई हरा सकती है, तुम चीखना चाहते हो लेकिन तुम आवाज नहीं निकाल पाओगे, इतना वजन है कि तुम उसे थामे हुए हो लेकिन एक पुरुष के तौर पर कोई भावना नहीं दिखा पाओगे, जो अनकही रह जाएगी।

### अमेरिकी सर्जन ने महामारी बताया

पुरुषों पर अकेलेपन का असर को लेकर अमेरिकी सर्जन डॉ. विवेक मूर्ति ने एक सलाह जारी की, जिसमें उन्होंने देश में अकेलेपन और अलगाव को एक महामारी के रूप में वर्णित किया। हाल ही में हमने 75 नए और भावी पिताओं पर एक अध्ययन किया, जिसमें उन्होंने व्यक्तिगत और सामूहिक आघात से निपटने की आवश्यकता पर बात की। उन्होंने कहा कि इससे अंतत: उनके परिवारों को सहायता मिलेगी। लेकिन नए और भावी पिताओं का कहना है कि पुरुषों को उनके मानसिक स्वास्थ्य में मदद करने के लिए संसाधन अक्सर अनुपलब्ध या बहुत सीमित होते हैं।

### पुरुष होने के नाते बाहर से दिखाते मजबूत

शोध में शामिल एक प्रतिभागी ने कहा एक पिता और एक पुरुष होने के नाते, आपको माहौल खुशनुमा रखना है और बाहर से खुद को मजबूत दिखाना है। लेकिन, अंदरुनी तौर पर आप कुछ अलग ही महसूस कर रहे होते हैं। शोध एक स्थायी सामाजिक स्वास्थ्य चुनौती को दर्शाता है, वह चुप्पी जो आमतौर पर पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य के इर्द-गिर्द रहती है।

## एक नजर

### ईरान में भूकंप के झटकों में 28 लोग घायल

**तेहरान।** ईरान के पूर्वी प्रांत उत्तरी खुरासान के बोजनुर्द काउंटी में रविवार को आए भूकंप के तीव्र झटकों के कारण कम से कम 28 लोग घायल हो गए। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.2 मापी गयी एवं कम से कम 28 लोग घायल हो गए। ईरानी भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार स्थानीय समयानुसार 16:13 बजे आए भूकंप की गहराई आठ किमी पर थी। इसके बाद चार झटके महसूस किए गए जिनमें एक ही काउंटी में 4.7 और 4.1 तीव्रता के दो झटके शामिल थे।

### पाकिस्तान में युवक पर लगा ईशनिंदा का आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने साहीवाल जिले के चिचावतनी शहर के एक युवक (25) पर सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट को लेकर ईशनिंदा का आरोप लगाया है। स्थानीय अखबार डॉन ने सोमवार को बताया कि शनिवार रात चिचावतनी के सदर थाना के सहायक उप-निरीक्षक शमसुल हसन की शिकायत पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। वह शख्स इस्लामाबाद में सीनेट का कर्मचारी था, लेकिन हाल ही में उसे नौकरी से हटा दिया गया।

### इराक के आतंकवादी गुट ने ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली

**बगदाद।** इराक के आतंकवादी गुट एक शिया मिलिशिया समूह ने रविवार शाम को जॉर्डन घाटी में एक इजराइली ठिकानों पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली। मिलिशिया समूह ने एक बयान में कहा कि रविवार को अपनी तरह का पांचवां हमला गाजा पट्टी के लोगों के साथ एकजुटता में किया गया था जिसमें दुश्मन के गढ़ों को निशाना बनाना जारी रखने का संकल्प लिया गया था। समूह ने प्रभावित स्थलों को निर्दिष्ट नहीं किया या किसी हताहत की सूचना नहीं दी। इससे पहले दिन में समूह ने इज़रायली ठिकानों पर कई ड्रोन और मिसाइल हमलों की जिम्मेदारी ली जिसमें भोर में दक्षिणी इज़राइल में स्थलों पर ड्रोन हमला, उत्तर में कई स्थलों पर उन्नत अल-अरक़ब क्रूज मिसाइलों से हमले और सुबह में जॉर्डन घाटी में एक इजराइली सैन्य अड्डे पर ड्रोन हमला शामिल है।

# मानवता की सफलता युद्ध के मैदान में नहीं

## प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में कहा- सर्वोच्च प्राथमिकता मानव-केंद्रित होनी चाहिए

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र के एक सम्मेलन में कहा कि मानवता की सफलता युद्ध के मैदान में नहीं, बल्कि सामूहिक शक्ति में निहित है। संयुक्त राष्ट्र महासभा हॉल के प्रतिष्ठित मंच से विश्व नेताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत नमस्कार से की और कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र में 1.4 अरब भारतीयों या मानवता के छठे हिस्से की आवाज लेकर आए हैं। भविष्य के शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि जब अंतर्राष्ट्रीय समुदाय विश्व के भविष्य पर चर्चा कर रहा है, तो सर्वोच्च प्राथमिकता मानव-केंद्रित दृष्टिकोण को दी जानी चाहिए। इससे पहले भविष्य के शिखर सम्मेलन के पहले दिन विश्व नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से भविष्य का समझौता को मंजूरी दे दी थी। साथ ही ग्लोबल डिजिटल कॉम्पैक्ट और भविष्य की पीढ़ियों पर घोषणा पत्र को भी स्वीकार कर लिया गया था।

भविष्य का शिखर सम्मेलन और उसके बाद वार्षिक महासभा का उच्च स्तरीय सप्ताह इजराइल-हमास संघर्ष और यूक्रेन युद्ध के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन, असमानता और गहरे भू-राजनीतिक विभाजन की चुनौतियों के बीच हो रहा है। समझौते के पांच व्यापक फोकस क्षेत्रों में सतत विकास, अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी युवा और भावी पीढ़ियां तथा वैश्विक शासन में परिवर्तन शामिल हैं। यह कल की पीढ़ियों के लिए अधिक सुरक्षित, अधिक शांतिपूर्ण, टिकाऊ और समावेशी दुनिया की दिशा में सदस्य देशों द्वारा की जाने वाली कार्रवाइयों और प्रतिबद्धता के लिए आधार तैयार करता है। अगले साल संयुक्त राष्ट्र के 80 साल पूरे होने के अवसर पर, यह समझौता वैश्विक संस्थाओं में सुधार, सतत विकास लक्ष्यों पर कार्रवाई के लिए आगे का रास्ता, जलवायु कार्रवाई और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग की आवश्यकता समेत अन्य क्षेत्रों को रेखांकित करता है। हालांकि, इसमें इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समयसीमा नहीं बताई गई है।



संयुक्त राष्ट्र महासभा में संबोधन देते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। एजेंसी

### मोदी ने 15 कंपनी के सीईओ के साथ की बैठक

**न्यूयॉर्क।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ सार्थक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया और इस दौरान भारत में विकास की संभावनाओं पर जोर दिया एवं विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की पहलों पर चर्चा की। बैठक मोदी की तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के दूसरे दिन रविवार को लोट्टे न्यूयॉर्क पैलेस होटल में हुई। बैठक में एआई क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों पर काम करने वाली अमेरिका की 15 प्रमुख कंपनियों के सीईओ ने हिस्सा लिया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया न्यूयॉर्क में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों के सीईओ के साथ सार्थक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया। प्रौद्योगिकी, नवोन्मेष और अन्य विषयों से संबंधित पहलुओं पर चर्चा की। इस क्षेत्र में भारत की प्रगति पर भी प्रकाश डाला। भारत के प्रति आशावादी दृष्टिकोण को देखकर मुझे खुशी हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार, सम्मेलन के दौरान मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग और महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल (आईसीईटी) जैसे प्रयास भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के मूल में हैं।

### सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए हो प्रयास

पिछले वर्ष नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता में अफ्रीकी संघ को जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया जाना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। भारत 15 देशों की सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए वर्षों से चल रहे प्रयासों में अग्रणी रहा है। संयुक्त राष्ट्र की यह शक्तिशाली संस्था वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है, साथ ही इसने इस बात पर जोर दिया कि वह स्थायी सदस्यता का हकदार है। भारत आखिरी बार 2021-22 में अस्थायी सदस्य के तौर पर सुरक्षा परिषद में बैठा था।

### विश्व आतंकवाद के खतरे से जूझ रहा

मोदी ने वैश्विक महत्वाकांक्षा के अनुरूप वैश्विक कार्रवाई का भी आह्वान किया, क्योंकि विश्व आतंकवाद के खतरे के साथ-साथ नई चुनौतियों से भी जूझ रहा है। उन्होंने कहा, जहां एक ओर आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर साइबर, समुद्री और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्र संघर्ष के नए क्षेत्र के रूप में उभर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा इन सभी मुद्दों पर मैं इस बात पर जोर दूंगा कि वैश्विक कार्रवाई वैश्विक महत्वाकांक्षा से मेल खानी चाहिए।

# प्रधानमंत्री ने औली समेत विश्व के कई नेताओं से की मुलाकात

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की
- प्रधानमंत्री ने फिलस्तीनी राष्ट्रपति सहित से की गहन चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने नेपाली समकक्ष केपी शर्मा ओली और फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास सहित विश्व के कई नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें की, जिनमें द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। मोदी अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा के तहत न्यूयॉर्क में हैं। उन्होंने रविवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) सत्र के इतर अब्बास से मुलाकात की।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री केपी ओली के साथ बैठक बहुत अच्छी रही। भारत और नेपाल की मित्रता बहुत मजबूत है और हम अपने संबंधों को और गति देना चाहते हैं। हमारी बातचीत ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे मुद्दों पर केंद्रित रही। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा गया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घनिष्ठ मित्रता को और प्रगाढ़ करते हुए यूएनजीए सत्र से इतर नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली से आज मुलाकात की। इसमें कहा गया दोनों नेताओं ने सदियों पुरानी, बहुआयामी और विस्तारित साझेदारी के तहत सभी क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए आपसी हित के मामलों पर चर्चा की। ओली प्रधानमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद सबसे पहले किसी पड़ोसी देश का दौरा करने की परंपरा को तोड़ते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अपनी पहली विदेश यात्रा पर अमेरिका आए हैं।



नेपाल के प्रधानमंत्री के साथ मोदी।

### गाजा में मानवीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की

मोदी ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से भी यहां मुलाकात की और गाजा में मानवीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली के प्रति भारत के समर्थन की पुष्टि की। मोदी ने एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, न्यूयॉर्क में (फलस्तीन के) राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात की।

# अगर हारा, तो 2024 का चुनाव मेरा आखिरी मुकाबला होगा : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि अगर वह 2024 में व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय और आवास) में वापसी करने में नाकाम रहते हैं तो उन्हें नहीं लगता कि वह 2028 में राष्ट्रपति पद के लिए दोबारा चुनाव लड़ेंगे। जब पत्रकार शेरिल एटकिसन ने ट्रंप से फिर से राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा नहीं, मैं (चुनाव नहीं) लड़ पाऊंगा। ट्रंप की यह टिप्पणी इसलिए उल्लेखनीय है क्योंकि उन्होंने व्हाइट हाउस के लिए चौथी बार दावेदारी की संभावना को खारिज कर दिया है और वह कभी इस संभावना को स्वीकार नहीं करते हैं कि वह वैध रूप से चुनाव हार सकते हैं।

# रूसी व अमेरिकी नागरिक को लेकर पृथ्वी पर लौटा कैप्सूल

**मॉस्को, एजेंसी**

- दो यात्रियों ने परिक्रमा कर रही अंतरिक्ष प्रयोगशाला में रिकॉर्ड-लंबा प्रवास पूरा किया

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से दो रूसी और एक अमेरिकी नागरिक को लेकर सोयूज कैप्सूल सोमवार को कजाकिस्तान में उतरा। इसके साथ ही रूस के दोनों अंतरिक्ष यात्रियों का लंबा प्रवास समाप्त हो गया। आईएसएस से अलग होने के लगभग साढ़े तीन घंटे बाद कैप्सूल कजाकिस्तान के मैदान पर उतरा। ओलेग कोनोनेंको और निकोलाई चूब अंतरिक्ष स्टेशन पर 374 दिन बिताने के बाद वापस लौटे, जो वहां उनका सबसे लंबा निरंतर प्रवास था। इस कैप्सूल में अमेरिकी ट्रेसी डायसन भी थीं, जो छह महीने तक अंतरिक्ष स्टेशन में रहीं। कोनोनेंको और चूब 15 सितंबर, 2023 को अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुए और शुक्रवार को आईएसएस पर सबसे लंबे समय तक लगातार रहने का रिकॉर्ड बनाया। डायसन, बाहरी अंतरिक्ष में अपने तीसरे मिशन में छह महीने अंतरिक्ष में रहीं।



# लेबनान एक और गाजा में हो सकता है तब्दील : गुटेरेस

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि इजराइल व हिजबुल्ला के मध्य बढ़ते हमलों के बीच लेबनान एक और गाजा में तब्दील हो सकता है। गुटेरेस ने अमेरीकी समाचार आउटलेट सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि लेबनान में संचार उपकरणों के हाल ही में विस्फोट का मतलब है कि बहुत अधिक वृद्धि की संभावना है जिसके बारे में उन्हें डर है कि यह दुनिया के लिए विनाशकारी त्रासदी हो सकती है। लेबनान के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष समन्वयक जीनिन हेनिस ने एक्स पर कहा क्षेत्र एक आसन्न तबाही के कगार पर है और इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है, ऐसा कोई सैन्य समाधान नहीं है जो किसी भी पक्ष को सुरक्षित कर सके।

# दिसानायके ने नया युग का किया वादा

## श्रीलंका के राष्ट्रपति ने ली शपथ, कहा- अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की जरूरत

**कोलंबो, एजेंसी**

मार्क्सवादी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने सोमवार को श्रीलंका के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली और कहा कि वह अपने देश में पुनजार्गरण की शुरुआत करेंगे। दिसानायके (56) ने सोमवार को श्रीलंका के नौवें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। प्रधान न्यायाधीश जयंत जयसूर्या ने राष्ट्रपति सचिवालय में उन्हें शपथ दिलायी।

दिसानायके ने चुनाव जीतने के बाद पहली बार देश को संबोधित करते हुए जनादेश का सम्मान करने और शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण के लिए पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे का आभार जताया। उन्होंने शपथ ग्रहण करने के बाद दिए संबोधन में कहा मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि मैं लोकतंत्र को बचाने और नेताओं का सम्मान बहाल करने की दिशा में काम करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा क्योंकि लोगों के बीच नेताओं के आचरण को लेकर संदेह है। दिसानायके ने कहा कि श्रीलंका अलग-थलग नहीं रह सकता और उसे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है।



शपथ ग्रहण समारोह के बाद संबोधन करते राष्ट्रपति दिसानायके।

### मोदी का जताया आभार

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उन्हें बधाई दिए जाने पर उनका आभार जताया और कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता का समर्थन करते हैं। दिसानायके ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी, आपके स्नेहपूर्ण शब्दों और समर्थन के लिए धन्यवाद।

# मध्यस्थता सुनवाई में रूस पर जड़े आरोप

**द हेग, एजेंसी**

- यूक्रेन और रूस के बीच एक उच्चस्तरीय मध्यस्थता मामले की सुनवाई शुरू

यूक्रेन और रूस के बीच एक उच्च-स्तरीय मध्यस्थता मामले की सुनवाई सोमवार को शुरू हुई। इस दौरान, कीव ने मॉस्को पर रणनीतिक रूप से अहम अजोव सागर और केर्च जलडमरूमध्य पर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। स्थायी मध्यस्थता न्यायालय (पीसीए) में यह सुनवाई रूस और यूक्रेन से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय कानूनी मामलों की श्रृंखला में नवीनतम है। ये मामले 2014 में मॉस्को के क्रीमिया पर कब्जा करने और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण करने से जुड़े हुए हैं। यूक्रेन के प्रतिनिधि एंटन कोरिनविच ने मध्यस्थों के एक पैनल को बताया रूस अजोव सागर और केर्च जलडमरूमध्य पर कब्जा करना चाहता है। इसलिए उसने प्रवेश स्थल पर एक विशाल द्वार बनाया है, ताकि छोटी रूसी नौकाओं को प्रवेश की अनुमति दी जा सके और अंतर्राष्ट्रीय जहाजों को बाहर रखा जा सके। प्रवेश द्वार से यूक्रेन का संदर्भ क्रीमिया पर कब्जे के बाद केर्च जलडमरूमध्य पर रूस द्वारा बनाए गए एक पुल से था।



मध्यस्थता सुनवाई के दौरान पक्ष रखते जेलेंस्की। • एजेंसी

### जेलेंस्की ने गोला बारूद फैक्टरी का दौरा किया

**स्क्रैंटन (अमेरिका)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अत्यधिक कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को पेंसिल्वेनिया में गोला-बारूद की उस फैक्टरी का दौरा किया जो रूसी बलों के साथ उनके देश की लड़ाई के लिए आवश्यक हथियारों में से एक का उत्पादन कर रही है। स्क्रैंटन सेना गोला बारूद संयंत्र के निरीक्षण के साथ ही अमेरिका की उनकी यात्रा शुरू हो गयी है और इस दौरान वह युद्ध में यूक्रेन के लिए समर्थन जुटाने का प्रयास करेंगे।

# माली के राष्ट्रपति ने आतंकवाद पर अंकुश लगाने का लिया संकल्प

**बमाको।** पश्चिमी अफ्रीकी देश माली के राष्ट्रपति असिमी गोइता ने देश में शांति, सुरक्षा एवम विकास को आगे बढ़ाने के अपने दृढ़ संकल्प की पुष्टि की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का संकल्प लिया। गोइता ने देश की आजादी की 64वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक सैन्य परेड के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा जब तक हमारा देश इस खतरे से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाता, हम दिन-रात इन सशस्त्र समूहों का समर्थन करेंगे। मालियान लोगों की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए, जो चुनौतियों के बावजूद राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने मिशन में मालियान सशस्त्र बलों का सक्रिय रूप से समर्थन करना जारी रखते हैं। गोइता ने रक्षा और सुरक्षा बलों के आसपास एक पवित्र संघ की आवश्यकता पर जोर दिया।

**ज्ञान-विज्ञान** 466 मिलियन वर्ष पहले थे वलय, नए शोध से हुआ खुलासा

# अतीत में शनि ग्रह के समान छल्लों से घिरी हुई थी पृथ्वी

**संवाददाता, नैनीताल**

अमृत विचार : बेहद रोचक जानकारी सामने आ रही कि पृथ्वी भी कभी शनि ग्रह के समान छल्लों से घिरी हुई थी। ऑस्ट्रेलिया स्थित मोनाश यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने यह दावा किया है। शोध में बताया गया है कि 466 मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी के चारों ओर वलय थे।

इसमें दो राय नहीं कि प्रकृति कभी एक समान नहीं हो सकती। बदलना इसका स्वभाव रहा है। हमारी धरती भी इससे अछूती नहीं है। कभी यह धधकती आग का गोला हुआ करती थी तो कभी भीषण हिमयुग की चपेट में रही। मगर अब जो जानकारी सामने आई है, वह आश्चर्य व्यक्त करने वाली है। हमारे सौर मंडल में रिंग सिस्टम आम हैं। शनि, बृहस्पति, यूरेनस, नेपच्यून और यहां तक कि कुछ बौने ग्रहों और क्षुद्रग्रहों में भी छल्ले हैं। अतीत में पृथ्वी के वलयों को लेकर किए गए शोध पर सच्चाई झलकती है। ऑस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने 16 सितंबर को इसका खुलासा किया है। 466 मिलियन वर्ष पहले यानी पृथ्वी मध्य ऑर्डोविशियन काल के दौरान छल्लों से घिरी हुई थी। वैज्ञानिकों ने कहा कि क्षुद्रग्रह प्रभाव से बने क्रेटर के अध्ययन से इसका पता चलता है। अर्थ एंड प्लैनेटरी साइंस लेटर्स में यह शोध प्रकाशित किया गया है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि लगभग 466 मिलियन वर्ष पहले एक बड़ा क्षुद्रग्रह पृथ्वी के रोश सीमा के भीतर से गुजरा था। रोश सीमा पृथ्वी से न्यूनतम दूरी होती है। जिसके भीतर पृथ्वी का आंतरिक गुरुत्वाकर्षण बल प्रभावी होता है। जिसके चलते पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण ने क्षुद्रग्रह को तोड़ दिया और मलबा छिटककर वलय बनकर पृथ्वी की परिक्रमा करने लगा। शोधकर्ताओं ने 466 मिलियन वर्ष पहले मध्यकाल के 21 ज्ञात क्षुद्रग्रह प्रभावों के स्थानों की जांच की। तब पता चला कि सभी क्रेटर भूमध्य रेखा के 30 डिग्री के भीतर स्थित थे। अनुसंधान दल ने अनुमान लगाया कि क्रेटर मलबे से बने हैं जो धीरे-धीरे पृथ्वी से टकराते चले गए।



### दुनिया के तमाम क्षेत्रों का किया अध्ययन

वास्तव में इस पृथ्वी के वलयों का पता लगाना आसान नहीं था। जिसके लिए शोधकर्ताओं ने पृथ्वी के तलछट या बर्फ के नीचे दबे क्षेत्रों, नष्ट हुए क्षेत्रों और टेक्टोनिक गतिविधि से प्रभावित क्षेत्रों को बाहर रखा और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिकी क्रेटन और यूरोप के छोटे हिस्सों सहित विभिन्न महाद्वीपों को अध्ययन क्षेत्र बनाया। तब यह जानकारी सामने आ पाई।